CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 14°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 20 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 214 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2083 30 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में** खेल



**इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा : ट्रम्प** देश-विदेश

## निजी परिसर में नमाज और धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगा सकते: कोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के निजी परिसर में प्रार्थना या धार्मिक आयोजनों पर रोक नहीं लगाई जा सकती है। अनुच्छेद-25 प्रत्येक नागरिक को अपने धर्म को मानने, उसके अनुसार आचरण करने और प्रचार करने का समान अधिकार देता है। यह अधिकार सभी धर्मों और समुदायों पर समान रूप से लागू होता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने रमजान के दौरान एक स्थल पर नमाजियों की संख्या सीमित करने के जिला प्रशासन के फैसले को चुनौती देने वाली सम्भल निवासी मुनाजिर खान की याचिका पर की।

# ईरान का पलटWAR: इजरायल सहित खाड़ी देशों में कई रिफाइनरी को उड़ाया

## इजरायल के हाइफा शहर में बिजली गुल, सऊदी अरब, कतर व कुवैत पर हमला

**तेहरान।** ईरान ने गुरुवार को खाड़ी देशों के ऊर्जा ठिकानों पर अपने हमले तेज कर दिए, इसके तुरंत बाद इजरायल के हाइफा शहर में स्थित बिजली, तेल व गैस स्टेशनों पर मिसाइलों से ताबड़तोड़ हमले किए, जिसके बाद हाइफा समेत क्रियोटा शहर की बिजली गुल हो गई। ईरान के इन हमलों को इजरायल द्वारा ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड रिफाइनरी पर किए गए हमले का बदला बताया गया है। ईरान ने लाल सागर में सऊदी अरब की एक रिफाइनरी पर हमला किया और कतर की एलएनजी सुविधाओं तथा कुवैत की दो तेल रिफाइनरियों को निशाना बनाया।

इससे पश्चिम एशिया में जारी युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है और दुनियाभर में ईंधन की कीमतें तेजी से वृद्धि हुई है। अंतर्राष्ट्रीय मानक माने जाने वाले ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में 114 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। 28 फरवरी को इजरायल और अमेरिका ने ईरान पर हमले शुरू किए थे, इसके बाद से इसमें 57 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। ऊर्जा संकट की आशंका के कारण बाजारों में चिंता बढ़ गई है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के तट के पास एक जहाज में आग लग गई और कतर के पास एक अन्य जहाज को नुकसान पहुंचा। इससे होर्मुज स्ट्रेट पर मंडराते खतरे की ओर ध्यान गया, जहां से दुनिया के तेल का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है और जिस पर ईरान का प्रभाव है। सऊदी अरब पहले ही इस जलमार्ग से बचने के लिए तेल को पश्चिम की ओर लाल सागर के रास्ते भेज रहा था, लेकिन यनबू शहर में स्थित उसकी सैमरेफ रिफाइनरी पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद इस रास्ते की सुरक्षा पर भी सवाल -शेष पृष्ठ दो पर



- जंग में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत
- इजरायल में सुरक्षित ठिकानों पर गए लाखों लोग

## मोदी ने 24 घंटे में पांच देशों से की बात

- **पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम ने फ्रांस व मलेशिया के प्रमुखों से की चर्चा**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने वैश्विक कूटनीतिक पहल तेज कर दी है। इसके तहत उन्होंने फ्रांस, मलेशिया और ओमान के शीर्ष नेताओं से बातचीत की। इन चर्चाओं में क्षेत्रीय संकट, शांति बहाली और संवाद के जरिये तनाव कम करने पर जोर दिया गया।

वहीं, इससे पहले पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल- मुबारक अल-सबाह को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दी थी। साथ ही कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन के लिए धन्यवाद भी किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से बातचीत में पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त की और तनाव कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत -शेष पृष्ठ दो पर

## अमेरिकी विदेश-रक्षा मंत्री के घर के ऊपर दिखे संदिग्ध ड्रोन

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन में अमेरिकी सेना के एक अहम बेस के ऊपर संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं। वाशिंगटन पोस्ट के मुताबिक विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ सैन्य बेस फोर्ट लेसली मैकनेयर के अंदर रह रहे हैं। इस मामले की जानकारी रखने वाले तीन लोगों ने बताया कि इन ड्रोन की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और यह भी साफ नहीं है कि वे कहां से आए थे। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के कारण सुरक्षा अलर्ट पहले से बढ़ा हुआ है। इसी वजह से सेना संभावित खतरों पर कड़ी नजर रख रही है। पिछले 10 दिनों में एक रात के दौरान फोर्ट लेसली मैकनेयर के ऊपर कई ड्रोन देखे गए, जिसके बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्हाइट हाउस में इस मुद्दे पर इमरजेंसी बैठक भी हुई। इसी बीच अमेरिका ने दुनियाभर में अपने दूतावासों के लिए सुरक्षा चेतावनी जारी की है और देश के अंदर कई सैन्य ठिकानों पर भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। न्यू जर्सी के जाइंट बेस मैकग्वायर-डिक्स-लेकहर्स्ट और फ्लोरिडा के मैकडिल एयर फोर्स बेस पर सुरक्षा स्तर बढ़ाकर 'चार्ली' कर दिया गया है।

## उप्र में जुलाई 2026 के पहले हो जाएंगे पंचायत चुनाव

**लखनऊ -ब्यूरो।** उप्र में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अनिश्चितता पर सरकार ने विराम लगा दिया है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने स्पष्ट किया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के चुनाव जुलाई 2026 तक हर हाल में करा लिए जाएंगे। हाईकोर्ट के आदेश का पालन होगा और प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अड़चन नहीं आने दी जाएगी। राजभर ने बताया कि ग्राम प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य और जिला पंचायत अधयक्षों के कार्यकाल भले अलग- अलग समय पर समाप्त हो रहे हों, लेकिन किसी का भी कार्यकाल जुलाई से आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।




# 'सांप के जहर' मामले में यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की यूपी पुलिस की FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो



- **एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा का उल्लेख किया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए 2023 के चर्चित स्नेक वेनम मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द कर दिया है।

दरअसल, नवम्बर 2023 में उत्तर प्रदेश के नोएडा में कथित रेव पार्टी में सांप के जहर के इस्तेमाल के आरोपों के बाद एल्विश यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। बाद में 17 मार्च 2024 को उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। आरोप था कि पार्टियों में सांपों और उनके जहर का इस्तेमाल मनोरंजन और नशे के लिए किया जा रहा था, जो वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत गंभीर अपराध है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 2(23) के तहत जिस कथित साइकोट्रॉपिक पदार्थ की बात कही गई, वह कानून की निर्धारित सूची (एस शेड्यूल) में शामिल ही नहीं है। साथ ही, कोर्ट ने यह भी नोट किया कि एल्विश यादव के पास से कोई बरामदगी नहीं हुई थी और चार्जशीट में केवल यह आरोप था कि उन्होंने एक सहयोगी के जरिये ऑर्डर दिया था। इन तथ्यों को देखते हुए अदालत ने माना कि एनडीपीएस एक्ट का इस्तेमाल इस मामले में कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है।

दूसरे अहम पहलू पर, कोर्ट ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की धारा 55 का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून के तहत अभियोजन केवल अधिकृत अधिकारी की शिकायत के आधार पर ही शुरू किया जा सकता है। पीठ ने कहा कि मौजूदा एफआईआर इस प्रक्रिया का पालन नहीं करती, इसलिए यह विधिसम्मत नहीं मानी जा सकती। साथ ही, अदालत ने यह भी दर्ज किया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के तहत लगाए गए आरोप स्वतंत्र रूप से स्थापित नहीं होते, क्योंकि वे एक पहले की शिकायत का हिस्सा थे, जिसे पहले ही बंद किया जा चुका है। इन सभी कानूनी आधारों पर सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि एफआईआर न्यायिक जांच की कसौटी पर खरी नहीं उतरती और इसे रद्द किया जाना चाहिए।



# आयकर विभाग की कार्रवाई

## बिंदल पेपर्स मिल्स समूह के परिसरों पर तलाशी जारी

**करोड़ों की नकदी व आभूषण बरामद**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर/बिजनौर।** आयकर विभाग द्वारा मैसर्स बिंदल्स पेपर्स मिल्स लिमिटेड तथा उसके निदेशकों और समूह से सबद्ध अन्य संस्थाओं के मामलों में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 के अंतर्गत 18 मार्च 2026 को तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई शुरू की गई, जो समूह के अधिकांश परिसरों पर अभी भी जारी है। समूह की कई कंपनियों के प्रतिष्ठान तथा प्रमुख व्यक्तियों के आवास मुजफ्फरनगर और बिजनौर जनपद में स्थित हैं, जहां जांच की कार्रवाई की जा रही है।

प्रारंभिक जांच में अब तक तीन करोड़ रुपए से अधिक की नकदी तथा लगभग पंद्रह करोड़ रुपए से अधिक के आभूषण बरामद किए गए हैं। इसके अलावा जांच में यह भी सामने आया है कि गन्ने की खोई (बैगास) तथा अन्य कच्चे माल की बड़ी मात्रा में अघोषित खरीद की गई है। कागज उत्पादन से जुड़े कारोबार में लगभग पचास करोड़ रुपए से अधिक की संदिग्ध अथवा फर्जी खरीद का भी पता चला है। जांच में यह संकेत मिले हैं कि समूह द्वारा चीनी और कागज दोनों क्षेत्रों में वास्तविक लाभ को छिपाने का प्रयास किया गया।

जांच के दौरान कागज की अघोषित बिक्री से संबंधित तथ्य भी सामने आए हैं। इसके अतिरिक्त समूह द्वारा आयकर अधिनियम के अंतर्गत लगभग 171.3 करोड़ रुपए की कटौती का दावा किया गया है, जिसे विभाग की प्रारंभिक जांच में नियमों के अनुरूप नहीं पाया गया है। इस संबंध में विभाग द्वारा विस्तृत जांच की जा रही है और समूह के प्रमुख कर्मचारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

बीपीएमएल के आंतरिक लेखाकार तथा विद्युत संयंत्र के महाप्रबंधक ने आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132(4) के तहत दर्ज अपने-अपने बयानों में स्वीकार किया है कि कागज इकाई, विद्युत संयंत्र और चीनी इकाई के लिए अलग-अलग लेखा-पुस्तकें नहीं रखी जा रही थीं। तलाशी के दौरान बीपीएमएल के कार्यालयों अथवा निदेशकों के आवास से भी इन इकाइयों से संबंधित अलग-अलग लेखा-पुस्तकें प्राप्त नहीं हुईं। उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार केवल समेकित लेखा-पुस्तकें और ट्रायल बैलेंस ही कार्यालय में पाए गए हैं। इस स्थिति में आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80आईए के अंतर्गत दावा की गई 171.3 करोड़ रुपए की कटौती को अस्वीकार किए जाने की संभावना है। आयकर विभाग द्वारा आवश्यक जांच और साक्ष्य संकलन की प्रक्रिया अभी जारी है तथा संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जांच और बयान दर्ज करने की प्रक्रिया जारी रहने के बावजूद फैक्ट्री के संच. ालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और समूह की सभी इकाइयां सामान्य रूप से कार्य कर रही हैं।

# लीगल डिफेंस काउंसिल ने की पैरवी, युवती हत्या के आरोप से बरी

**आर्थिक रूप से कमजोर और जरुरतमंदों को मिल रहा न्याय**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अंतर्गत कार्य कर रही लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की टीम नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान कर जरुरतमंदों को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। लीगल डिफेंस काउंसिल सिस्टम की पैरवी से हत्या के आरोप में निरुद्ध युवती को न्यायालय से बड़ी राहत मिली है।

प्राप्त समाचार के अनुसार चांदनी पुत्री गुफरान अक्टूबर 2024 से जिला कारागार बिजनौर में बंद थी। उस पर हत्या का आरोप था। मामला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अशोक भारतेंदु (जीएचजेएस) की अदालत में विचाराधीन था। इस मामले में चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण सिंह देशवाल द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करते हुए प्रभावी पैरवी की गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों को न्यायालय ने पर्याप्त नहीं माना और आरोपों को संदेह से परे सिद्ध नहीं पाया। बचाव पक्ष की ओर से प्रस्तुत ठोस तर्कों को ध्यान में रखते हुए न्यायाधीश ने आरोपी चांदनी को दोषमुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। जनपद में चीफ डिफेंस काउंसिल प्रवीण सिंह देशवाल के नेतृत्व में डिप्टी चीफ नवीन राजपूत, असिस्टेंट डिफेंस काउंसिल कमाल अजीम एवं महिमा भटनागर की टीम लगातार पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करा रही है।

लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर और जरुरतमंद लोगों को भी न्याय मिलना संभव हो रहा है। स्थानीय स्तर पर इस पहल की सराहना की जा रही है।

## एक नजर

### गहनों और नकदी से भरा पर्स लौटाया

**नगीना।** एक परिवार चाय-नाश्ते के लिए नगीना बाईपास स्थित तुलाराम होटल पर रुका था। जल्दबाजी में परिवार अपना पर्स वहीं होटल पर भूल गया। घर पहुंचने पर जब उन्हें पर्स न मिलने का अहसास हुआ, तो उनके होश उड़ गए। परिवार ने तुरंत आनन-फानन में होटल से संपर्क किया। होटल मालिक कॉल पर पूरी ईमानदारी के साथ स्वीकार किया कि पर्स उनके पास सुरक्षित है। बताया जा रहा है कि उस पर्स में लगभग 6 लाख रुपए की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और कुछ नकदी भी मौजूद थी। पर्स के मालिक ने होटल पहुंचकर अपना सारा सामान सुरक्षित प्राप्त कर लिया। होटल मालिक की इस नि:स्वार्थ ईमानदारी की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। सोशल मीडिया पर भी इस घटना की तस्वीरें साझा की जा रही हैं, जिसमें लोग होटल स्टाफ और मालिक को उनकी नेकदिली के लिए धन्यवाद दे रहे हैं। वहीं होटल प्रबंधन का कहना है कि ग्राहकों का भरोसा ही उनकी असली पूंजी है और ऐसी सराहना उन्हें भविष्य में भी ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

### सभासद लाला विनोद कुमार का स्वागत



**नगीना।** दस्तावेज लेखक संघ नगीना के पूर्व अध्यक्ष लाला विनोद कुमार अग्रवाल को नगर पालिका का नामित सभासद बनाए जाने पर संघ के सदस्यों में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में दस्तावेज लेखक संघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संगठन के अध्यक्ष रमेश रागी की अध्यक्षता और महामंत्री सरदार जगमीत सिंह के कुशल संचालन में संपन्न हुआ। समारोह के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने लाला विनोद कुमार अग्रवाल का फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। वक्ताओं ने उनके कार्यकाल और समाज के प्रति उनके समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके मनोयन से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। इस मौके पर संगठन के तमाम पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से ओम प्रकाश सिंह (जिला कोषाध्यक्ष), देवदास (उपाध्यक्ष), प्रदीप कुमार, देशराज सिंह, अजय कुमार, जोगिंदर (टाइपिस्ट), अशोक कुमार, राकेश कुमार, देवेंद्र सिंह, संजय कुमार विश्नोई (स्टांप विक्रेता), ऋषि, दीपू शर्मा, तिर्मल सिंह, रवि, उदयराज सिंह, शशि भूषण एड. आदि शामिल रहे। इस मौके पर सरदार जगमीत सिंह ने कहा कि लाला विनोद कुमार अग्रवाल का मनोनयन हम सभी के लिए गर्व की बात है। उनके अनुभव का लाभ न केवल हमारे संगठन को बल्कि पूरे नगर को मिलेगा।

### खिचड़ी खाने से परिवार की हालत बिगड़ी

**मंडावर।** मौहल्ला शाहविलायत निवासी सचिन के घर बुधवार की रात खिचड़ी बनी थीं। घर के सभी लोग जिसमें सुमन पत्नी स्व.जयराम (60 वर्ष), सचिन पुत्र जयराम सचिन की पत्नी चित्रा, भाई नितिन व बहन नीता व लक्ष्मी खिचड़ी खा कर सौ गए थे। देर रात घर के सभी लोगो की हालत बिगड़नी शरू हो गई। आज सुबह सभी का ब्लडप्रेशर कम होने पर हालत ओर बिगड़ गई। जिसके बाद सुचना पर सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर परिवार के सभी लोगों का इलाज चल रहा है।

### विद्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आज पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रतिभावान भैया -बहिनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डा. रचना पाल (पूर्व सदस्या, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग उ. प्र. सरकार), विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गर्ग, उपाध्यक्ष एडवोकेट हेमंत सिंह, प्रबंधक डा. संदीप कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष डा. बालेश विश्नोई, सदस्य मोहित गोयल और विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने संयुक्त रूप से ज्ञान की देवी मां सरस्वती, सर्व व्याप्त ओम् और हम सब का पालन पोषण करने वाली भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथियों द्वारा विद्यालय के 292 प्रतिभावान भैया-बहिनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### काली पट्टी बांधकर किया कार्य



**बिजनौर।** प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा से वंचित करने पर विरोध बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन केंद्र तक पहुंच गया। आरजेपी इंटर कॉलेज व बीआईसी कॉलेज के मूल्यांकन केंद्र पर शिक्षणेत्तर व आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। प्रदेश सरकार ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों सहित बेसिक शिक्षा के शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों व रसोइयों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने का शासनादेश जारी कर दिया, जबकि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित किया गया है। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा के आह्वान पर परिषदीय परीक्षा मूल्यांकन केंद्र पर कैसलेस चिकित्सा सुविधा का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी काली पट्टी बांधकर परीक्षा कार्य कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया आरजेपी इंटर कॉलेज बिजनौर में राजेंद्र कुमार, अनुराग भारद्वाज, निर्मला यादव, राजेंद्र कुमार, अनिल कुमार, अवधेश कुमार, अंकुर कुमार, सौरभ, किरन पाल आदि ने काली पटी बांधकर परीक्षा कार्य किया। इसके साथ ही बिजनौर इंटर कॉलेज में भी शिक्षणेत्तर व आऊटसोर्सिंग कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर परीक्षा कार्य किया। उन्होंने बताया बिजनौर सहित प्रदेश के सभी जनपदों में सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति का विरोध जारी रहेगा।

## एक नजर

### चारा मशीन में महिला का हाथ कटा

**मंडावर।** बीती शाम ग्राम नंगला महेश्वरी निवासी पवित्रा देवी (42 वर्ष) पत्नी दिनेश कुमार विद्युत चालित मशीन से पशुओं के लिए चारा काट रही थी। अचानक उसका बायां हाथ मशीन में आ जाने से कटकर शरीर से अलग हो गया। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने गंभीर हालत में महिला को एक निजी चिकित्सक के यहां बिजनौर भर्ती कराया। जहां पर घायल महिला का उपचार चल रहा है।

### मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु



**बिजनौर।** चैत्र नवरात्र से शुरू हो गए हैं। नगर के सभी देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचे। मंदिरों के अंदर और आसपास विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया है। मंदिरों को रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और अन्य सजावटों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। नवरात्रों को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। चामुंडा धाम मंदिर के पुजारी रमाकांत शर्मा ने बताया कि यह मंदिर लगभग 90 साल पुराना है। मंदिर से जुड़ी मान्यता है कि जो भक्त यहां सच्चे दिल से मन्नत मांगता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। नौमी के दिन यहां विशाल भंडारे का आयोजन होता है, जिसमें हजारों लोग शामिल होते हैं। नवरात्र की तैयारियों के चलते बाजारों में भी रौनक देखी जा रही है, जहां लोग पूजा सामग्री और व्रत का सामान खरीदते नजर आए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित दर्शन कर सकें।

### सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी



**नजीबाबाद।** श्री तारा सिंह यादव स्मृति संस्थान द्वारा सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। डा. बेगराज सिंह ने अपने पिता की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए बिजनौर गौरव सम्मान एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्व. तारा सिंह यादव की पुण्यतिथि पर स्मृति संस्थान नजीबाबाद की ओर से लाला मग्घूशरण सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, नजीबाबाद में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्थापक डा. बेगराज सिंह एवं उनके परिवार की ओर से शिक्षा-साहित्य एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए क्षेत्रीय विभूतियां को बिजनौर गौरव सम्मान प्रदान किया गया। गीतकार व चित्रकार इंद्रदेव भारती की अध्यक्षता एवं डा. बेगराज सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शोभित शर्मा, केंद्र निर्देशक आकाशवाणी नजीबाबाद, विशिष्ट अतिथि राजीव अग्रवाल ने शिक्षाविद् डा. एलएस बिष्ट, शिक्षाविद् व कवयित्री डा. अंजू बंसल, कवि डा. प्रमोद शर्मा प्रेम, शायर डा.मौहम्मद तय्यब जमाल, पत्रकार विश्वास द्विवेदी, कवयित्रि प्राची शर्मा को बिजनौर गौरव सम्मान के रूप में प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान किया। इस मौके पर जितेंद्र कक्कड़, डा. वर्षा अग्रवाल, कर्मवीर सिंह, नीमा शर्मा, फूलमाला मंजू मधुर, जयप्रकाश टांक जौली, राजेश मिश्रा राजू, अशोक सविता, अजय जौहरी ने काव्य पाठ किया। मुख्य अतिथि शोभित शर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में सिर्फ प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं बल्कि दूसरे लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बनते हैं। कार्यक्रम अध्यक्ष इंद्रदेव भारती ने कहा कि कविता गद्य में लिखी हो या पद्य में उसके भाव महत्व रखते हैं। उन्होंने काव्य लेखन की बारीकियों को समझाया व फिल्मी गानों की पैरोडी से बचने को कहा। अशोक कुमार ने सभी की रचनाओं की बहुत ही अच्छी समीक्षा की।

# बंद घर से जेवरात और नकदी चोरी

## बीएसएफ जवान के किराएदार और रिश्तेदार के यहां वारदात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़ कर लाखों रूपए के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। पीड़ित परिवार ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर रोड स्थित जानकीपुरम कॉलोनी निवासी अवनीश कुमार बीएसएफ में कार्यरत हैं और दिल्ली में तैनात हैं। उनके मकान में उनकी रिश्तेदार वर्षा कुमारी और एक किराएदार डा. राजीव कुमार रहते हैं। वर्षा कुमारी अपने परिवार के साथ मुकरनपुर हल्दौर गई हुई थीं। जबकि किराएदार डा. राजीव कुमार एक सेमिनार में शामिल होने रुड़की गए हुए थे। मकान पर ताले लगे हुए थे। वर्षा कुमारी पत्नी सोहित कुमार के अनुसार चोर उनके घर से तीन जोड़ी पायल, एक गले की चेन, दो अंगूठी, दो जोड़ी कुंडल और 60 हजार रुपए नकद चुरा ले गए। विवेक अस्पताल में कार्यरत डा. राजीव कुमार के घर से एक मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, सोने की चेन, सोने का कड़ा, सोने का टीका, चांदी के जेवरात और 40 हजार रुपए नकद चोरी हुए हैं। डा. राजीव कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गुटखा और सिगरेट की जमाखोरी से बढ़े दाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में इन दिनों तंबाकू उत्पादों विशेषकर गुटखा और विभिन्न ब्रांड की सिगरेट के दामों में अचानक हुई बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ा दी है।

उपभोक्ता जहां पहले निर्धारित कीमतों पर इन उत्पादों को खरीदते थे वहीं अब दुकानों पर अलग-अलग दाम वसूले जा रहे हैं। जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों में इन उत्पादों की कीमतों में अचानक उछाल आया है। कई दुक. ानदार निर्धारित एमआरपी से अधिक कीमत वसूल रहे हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि इस तरह की मनमानी से उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। खासकर मजदूर वर्ग और रोजाना उपयोग करने वाले लोगों के लिए यह बढ़ोतरी चिंता का विषय बन गई है।

कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि यह महज सामान्य मूल्य वृद्धि नहीं बल्कि जमाखोरी का नतीजा हो सकता है। उनका आरोप है कि कुछ व्यापारी जानबूझकर माल को रोक. कर रख रहे हैं और बाजार में कृत्रिम कमी दिखाकर ऊंचे दामों पर बिक्री कर रहे हैं। इस कारण अचानक से दामों में उछाल आया है। जिससे आम आदमी को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

वहीं छोटे दुकानदारों का कहना है कि उन्हें ही माल ऊंचे दामों पर मिल रहा है। वे मजबूरी में बढ़ी हुई कीमत पर बेच रहे हैं। उनका दावा है कि सप्लाई में कमी और थोक बाजार में बढ़ी कीमतें इस समस्या की मुख्य वजह हैं। हालांकि इस पर भी उपभोक्ता पूरी तरह सहमत नजर नहीं आ रहे हैं और प्रशासन से जांच की मांग कर रहे हैं। नगर के कई सामा. जिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि जमाखोरी या कालाबाजारी हो रही है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि बाजार में स्थिरता बनी रहे और उपभोक्ताओं को राहत मिल सके फिलहाल स्योहारा में गुटखा और सिगरेट के बढ़ते दाम चर्चा का विषय बने हुए हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या उपभोक्ताओं को इस बढ़ती महंगाई से राहत मिल पाती है या नहीं।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर बैठक

## 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा कार्यक्रम, सफाई पर विशेष ध्यान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

कलेक्ट्रट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से प्रारंभ हो कर 30 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। सभी संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ इस महत्वपूर्ण अभियान को पूर्ण मानक के अनुरूप संचालित करना सुनिश्चित करें, ताकि जनपद में संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान के अंतर्गत तैयार किए गए माइक्रो प्लान के अनुसार ही कार्य सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों एवं बीडीओ को निर्देशित किया कि संचारी रोगों पर नियंत्रण रखने के लिए नियमित रुप से सफाई व्यवस्था को जारी रखें और समय-समय पर नालियों में एंटी लार्वा का छिड़काव और फोगिंग कार्य भी करना सुनिश्चित करें ताकि मच्छर उत्पन्न न हो सके।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें जिससे शत प्रतिशत तरीके से संचारी रोगों पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए गए कि आमजन को जागरुक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे लोग संचारी रोगों से बचाव के उपायों को अपनाएं।

उन्होंने डीआईओएस एवं बीएसए को निर्देशित किया कि विद्यालयों में अभियान चलाकर बच्चों को संचारी रोगों के बचाव, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि घर-घर सर्वे कार्य को पूरी गंभीरता से संपन्न किया जाए तथा बुखार से पीड़ित मरीजों की जांच कर उनका चिन्हांकन करना सुनिश्चित करें, जिससे कि उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

इस मौके पर सीडीओ, डा. कौशलेंद्र सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी, ईओ एवं बीडीओ आनलाइन मौजूद थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ईरान का...**

उठ गए हैं। कतर ने बताया कि उसकी एक बड़ी एलएनजी सुविधा में लगी आग पर काबू पा लिया गया है। इससे पहले के हमलों के कारण उत्पादन पहले ही बंद था, लेकिन नए हमलों से वहां और ज्यादा नुकसान हुआ है। इससे युद्ध खत्म होने के बाद भी कतर की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। कतर दुनिया के लिए प्राकृतिक गैस का एक बड़ा स्रोत है। कुवैत की मीना अल-अहमदी रिफाइनरी पर ड्रोन हमले से आग लग गई। हालांकि, किसी के घायल होने की खबर नहीं है। यह पश्चिम एशिया की सबसे बड़ी रिफाइनरियों में से एक है। इसके कुछ ही समय बाद पास की मीना अब्दुल्ला रिफाइनरी में भी आग लग गई। अबू धाबी के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें हबशन गैस सुविधा और बाब फील्ड में काम बंद करना पड़ा। उन्होंने इसे ईरान के हमलों को खतरनाक बढ़ोतरी बताया। खाड़ी क्षेत्र के कई इलाकों में मिसाइल हमले की चेतावनी देने वाले सायरन बजे और इजरायल ने भी कई बार ईरानी हमलों की चेतावनी दी। कतर, सऊदी अरब और यूएई ने इन हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के शीर्ष राजनयिक ने कहा कि इन हमलों से भरोसा पूरी तरह खत्म हो गया है। इसके बावजूद ईरान ने अपने हमले जारी रखे। सऊदी अरब ने रियाद और पूर्वी प्रांत में छह ड्रोन मार गिराए। लेकिन सैमरेफ रिफाइनरी को नुकसान पहुंचा। यह रिफाइनरी सऊदी अरामको और एक्सानमोबिल की साझेदारी है। इजरायल में भी ईरान के कई हमलों के कारण लाखों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। ईरान ने ये हमले तब किए, जब इजरायल ने दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया था, जो दुनिया का सबसे बड़ा गैस क्षेत्र है और कतर के साथ साझा किया जाता है। यह हमला ईरान की बिजली आपूर्ति के लिए भी खतरा माना जा रहा है, क्योंकि देश की ज्यादातर बिजली प्राकृतिक गैस से बनती है। इस बीच, कतर की रास लाफन एलएनजी सुविधा पर मिसाइल हमले से आग लग गई। कतर के तट के पास एक जहाज भी प्रभावित हुआ। हालांकि, यह साफ नहीं है कि उसे सीधे निशाना बनाया गया या मलबे से नुकसान हुआ। युद्ध के दौरान अब तक 20 से ज्यादा जहाजों पर हमले हो चुके हैं, क्योंकि ईरान इस अहम जलमार्ग पर सख्त नियंत्रण बनाए हुए है। ईरान का कहना है कि यह मार्ग खुला है, लेकिन अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए नहीं।

**मोदी ने...**

पर बल दिया। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए संवाद और कूटनीति ही एकमात्र रास्ता है। साथ ही, उन्होंने भविष्य में भी करीबी समन्वय जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से भी फोन पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने हरि राया ऐदिलफित्री के अवसर पर मलेशिया की जनता को अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की चिंताजनक स्थिति पर चर्चा करते हुए तनाव कम करने और जल्द से जल्द शांति बहाली के लिए साझा प्रतिबद्धता जताई। ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें भाई कहकर संबोधित करते हुए ओमान की जनता को ईद की अग्रिम बधाई दी। इस वार्ता में भी दोनों नेताओं ने संवाद और कूटनीति के जरिये तनाव कम करने और शांति बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने ओमान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन की कड़ी निंदा दोहराई और संकट के दौरान हजारों लोगों, जिनमें भारतीय नागरिक भी शामिल हैं, की सुरक्षित वापसी में ओमान की भूमिका की सराहना की। इसके साथ ही दोनों देशों ने होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन के महत्व को भी रेखांकित किया।

इन वार्ताओं के जरिये भारत ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वह पश्चिम एशिया में शांति, स्थिरता और कूटनीतिक समाधान का प्रबल समर्थक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोन पर जार्डन के राजा किंग अब्दुल्ला-2 को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर चिंता जताई और इस क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता की जल्द बहाली के लिए बातचीत और कूटनीति की जरूरत पर जोर दिया। पश्चिम एशिया में ऊर्जा इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले निंदनीय हैं और इनसे बेवजह तनाव बढ़ सकता है। भारत और जॉर्डन सामान और ऊर्जा के बिना किसी रुकावट के आवागमन का समर्थन करते हैं। इस क्षेत्र में फंसे भारतीयों की सुरक्षित वापसी में मदद करने के लिए जॉर्डन के प्रयासों की हम तहे दिल से सराहना करते हैं। बुधवार को पीएम मोदी ने कुवैत के क्राउन प्रिंस, शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की थी। पीएम मोदी ने चर्चा की जानकरी देते हुए एक्स पर लिखा था कि हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रमों पर अपनी चिंता व्यक्त की। कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की हम पहले भी निंदा कर चुके हैं और हमने फिर वही किया। पीएम मोदी ने पोस्ट में आगे लिखा कि हार्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। पीएम मोदी ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर कूटनीतिक जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। कुवैत में रहने वाले भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई के लिए लगातार समर्थन देने के लिए मैंने उनका आभार व्यक्त किया।

# सोशल मीडिया क्रिएटर्स से मिले अखिलेश यादव



**पॉजिटिव कंटेंट पर दिया जोर**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया कंटेंट को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ते हुए इन्फ्लुएंसर्स से सकारात्मक संदेश देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किया जाने वाला हर पोस्ट केवल व्यक्तिगत अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के प्रति एक जिम्मेदारी भी है।

गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स को उनके कंटेंट को लेकर सुझाव भी दिए। बैठक के बाद सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने कहा कि एक इन्फ्लुएंसर के रूप में यह दायित्व बनता है कि वह समाज को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करे। सकारात्मक सोच और संदेश न केवल समाज को बेहतर बनाते हैं, बल्कि इससे जुड़ने वाली ऑडियंस भी अधिक भरोसेमंद और स्थाई होती है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक कंटेंट से लोग जल्दी ऊब जाते हैं, क्योंकि कोई भी लंबे समय तक नकारात्मक माहौल में रहना पसंद नहीं करता। अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही लखनऊ स्थित मुख्यालय में सभी सकारात्मक सोच रखने वाले सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स से मुलाकात करेंगे। इसके लिए पूर्व सूचना दी जाएगी, ताकि सभी लोग अपनी सुविधा के अनुसार शामिल हो सकें।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद

30 वां रोजा वक्त इफ्तार 20 मार्च शाम 6:31

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र

# नहटौर के उत्तम व रामकिशन को दहेज हत्या में उम्र कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे सप्तम ने दहेज हत्या के मामले में नहटौर के उत्तम कुमार व रामकिशन को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादी ने 16 सितम्बर 2023 को थाना नहटौर में तहरीर दी थी कि उत्तर कुमार पुत्र रामकिशन, रामकिशन पुत्र विक्रम सिंह एवं गुड़िया पुत्री रामकिशन निवासी ग्राम तकीपुरा ने दहेज की मांग को लेकर उनकी पुत्री का उत्पीड़न कर रखा था और दहेज की मांग पूरी न होने पर इनके द्वारा उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा अपराध संख्या 437/2023 धारा 498ए व 304बी आईपीसी एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय एडीजे सप्तम ने आज इस मामले में मृतका के पति उत्तर कुमार व ससुर रामकिशन को उम्र कैद एवं एक लाख तीस हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## अनिल हत्याकांड में मेदपुरा सुल्तान के कल्याण, राजू व अनुज को भी उम्र कैद

दूसरी तरफ थाना नगीना देहात में 26 जून, 2020 को वादी ने तहरीर दी थी कि अज्ञात अभियुक्त ने उसके भाई अनिल कुमार की छूरी से गला रेत कर हत्या कर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 161/2020 धारा 302 व 201 आईपीसी में पंजीकृत किया था। अज्ञात के खिलाफ पंजीकृत किए गए मुकदमे में विवेचना के दौरान कल्याण पुत्र यादराम, राजू उर्फ राजवीर पुत्र सर्वेश एवं अनुज कुमार उर्फ गोलू पुत्र घासेराम निवासीगण ग्राम मेदपुरा सुल्तान, थाना नगीना देहात के नाम प्रकाश में आए थे। अभियोग में धारा 120बी आईपीसी की वृद्धि की गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय एडीजे एफटीसी सैकंड ने तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास एवं 25-25 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि तीनों अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

## रेहड़ के हिस्ट्रीशीटर बदमाश विमल, दीपक व गुलशेर को ढाई वर्ष का कारावास

**बिजनौर।** न्यायालय जेएम नगीना ने रेहड़ के शिव मंदिर के पास रहने वाले विमल पुत्र राजेन्द्र सिंह व दीपक पुत्र राजू एवं ग्राम सादकपुर निवासी मौहम्मद गुलशेर पुत्र जाकिर हुसैन को बाइक चोरी एवं उसकी नम्बर प्लेट बदल कर इस्तेमाल करने के आरोप में ढाई वर्ष के कारावास तथा छह हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। पुलिस ने तीनों को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया था। नम्बर प्लेट बदल कर उसका इस्तेमाल किया जा रहा था। रेहड़ पुलिस ने धारा 379, 380, 411, 413, 414, 420, 465 व 34 आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। खास बात यह है कि तीनों अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।


**बाजार गुलजार।** बिजनौर में ईद की खरीदारी के लिए ग्राहकों की भारी भीड़ देखी गई।

## बारिश से मौसम में बदलाव

**बिजनौर।** बीती रात से जनपद के मौसम में बदलाव हो गया। बीती रात भी कई जगह हल्की और कई जगह मूसलाधार बारिश पड़ी थी। आज दिन में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। जिसकी वजह से मौसम में बदलाव हो गया है। इससे पहले मौसम गर्म होने लगा था और गर्मी से बचने के लिए पंखे व एसी चलने लगी थी। लेकिन पिछले कुछ घंटों के अंदर मौसम में बदलाव से गर्मी से फिलहाल राहत मिली है।

## एक नजर

### वन विभाग की टीम पर फायरिंग का आरोप

**बढ़ापुर।** थाना अफजलगढ़ के ग्राम रसूलाबाद खेरी निवासी धीर सिंह परिवार के साथ कार से बुधवार की शाम बढ़ापुर क्षेत्र के ग्राम कुआंखेड़ा में अपने रिश्तेदार संदीप पुत्र जगदीश के बेटे के जन्मदिन में शामिल होने आए थे। देर रात सभी लोग कार से वापस घर लौट रहे थे। पास के ग्राम भोगपुर के आर्मी कॉन्वेंट स्कूल के पास वन विभाग की टीम ने कार के सामने बुलेट बाइक सामने लगाकर रोक दिया। वन कर्मियों ने कार की चैकिंग कर चालक को जाने के लिए बोल दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कुछ समय बाद चार वन कर्मियों ने कुछ दूर चलने पर कार के सामने आकर कई हवाई फायर किए। जिसमें से एक फायर गाड़ी के सामने किया, जोकि गाड़ी के बोनट के नीचे की ओर लगा। गोली बोनट को चीरती हुई इंजन में घुसी। घटना से परिवार दहशत में आ गया और पुलिस को सूचना दी। तभी वन कर्मी मौके निकल पड़े। सूचना पर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गुरुवार को पीड़ित परिवार वन कर्मियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बढ़ापुर थाने पहुंचा। सीओ अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच कर कार्रवाई की जाएंगी। डीएफओ अभिनव राज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रेन से टकराकर मौत



**बिजनौर।** थाना कोतवाली शहर के बक्शीवाला में झालू रोड पर सत्संग के पीछे रेलवे ट्रेक पर मौजूद एक व्यक्ति की आज ट्रेन से टकरा कर मौत हो गई। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। उसने टक्कर लगने के बाद मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे से सनसनी फैल गई।

### मंडावर में ईदगाह का निरीक्षण


**बिजनौर।** सहायक पुलिस अधीक्षक अंकित बंसल ने आज मंडावर कस्बे की ईदगाह का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान भी मौजूद थे।

मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद
अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर

रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. इमरान समी कुरैशी
ग्राम प्रधान
कोतवाली देहात
जनपद बिजनौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
साजिद कुरैशी
प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ग्राम करौंदा मुस्लिम, कोतवाली देहात

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
कपिल कुमार
जिला पंचायत सदस्य
पूर्व प्रत्याशी-19
बढ़ापुर वि.स. क्षेत्र
समाजवादी पार्टी

मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20




मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर

रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर

रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के पूर्व वाइस चेयरमैन
नहटौर

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर

## एक नजर

### ईदगाह का निरीक्षण



**बिजनौर।** ईद-उल-फितर के दृष्टिगत आज एडीएम (प्रशासन), एसपी सिटी द्वारा एसडीएम, सीओ सिटी, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शहर, ईओ नगर पालिका एवं ईदगाह प्रबंध समिति के साथ ईदगाह का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी सम्बंधितों को निर्देशित किया गया कि ईद-उल-फितर पर्व के अवसर पर ईदगाह स्थल एवं उसके आसपास व्यापक साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



**शेरकोट।** नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आज देर शाम ग्राम तिगरी मनकावाला, थाना नगीना निवासी बाइक सवार अजय ग्राम भनोटी से अपने घर वापस जा रहा था। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी और फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर काफी तेज थी, जिससे युवक को गंभीर चोटें आई हैं। घायल के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

### हल्दौर में ईद की नमाज सुबह 8:30 बजे



**हल्दौर।** जामा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती मौहम्मद अब्दुल्लाह जामिई ने बताया कि ईद के दिन ईद उल फितर की नमाज ईदगाह में सुबह 8:30 बजे अदा कराई जाएगी और उसके बाद जामा मस्जिद में 9:15 बजे अदा कराई जाएगी। सभी नगरवासियों क्षेत्रवासियों से अपील है कि वक्त पर पहुंचने की कोशिश करें और ईद की नमाज से पहले ही अपने फितरे जकात अदा कर लेना और बड़े ही इत्मिनान प्यार-मौहब्बत के साथ अपना त्यौहार मनाने की अपील की है। इसी के साथ सभी नगरवासियों क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को ईद उल फितर की मुबारकबाद पेश की है।

### जिला निगरानी समिति की बैठक



**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। डीएम द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त एफपीओ के सीबीबीओ, डायरेक्टर एवं सीईओ से समीक्षा करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई तथा न्यू पब्लिक स्कूल समिति को निर्देश दिए गए कि अपने 08 कृषक उत्पादक संगठन के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए एफपीओ में प्रगतिशील कृषकों एवं क्षेत्र के उन कृषकों को सम्मिलित करे, जो कृषक कृषि के साथ-साथ अन्य कार्य करने में रूचि रखते हो। साथ ही जो एफपीओ व्यापार के लिए मंडी के लाइसेंस लेने के लिए प्रार्थना पत्र देता है, तो उन एफपीओ को प्राथमिकता के आधार पर लाइसेंस निर्गत किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में सक्रिय रहकर किसानों से संवाद स्थापित करें तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। साथ ही, योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर भी जोर दिया। उप कृषि निदेशक द्वारा कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) द्वारा किए जा रहे क्रिया-कलापों, कृषकों की संख्या, एफपीओ द्वारा एक वर्ष में कुल उत्पादन, संस्थागत विपणन की स्थिति एफपीओ के लाभांश का शेयर होल्डर में वितरण की स्थिति के सम्बंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जनपद में कुल 38 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत है। जिसमें से 13 एफपीओ स्वप्रेरणा से 03 एफपीओ नैफेड संस्था से 08 एफपीओ डास्प संस्था से. 08 एफपीओ नावार्ड से तथा 06 एफपीओ एसएफएसी संस्था से संचालित है। इस मौके पर सीडीओ रणविजय सिंह, जिला कृषि अधिकारी, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### बाइक से गिरकर महिला घायल

**चंदक।** बाइक के सामने अचानक बंदर आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। क्षेत्र के ग्राम बाहदरपुर निवासी कुलदीप अपनी पत्नी मिथलेश को लेकर नंगला की तरफ से आ रहा था जैसे ही वह चंदक चौराहे पर आया, तो एक बंदर भाग कर सड़क पार कर रहा था। कुलदीप की बाइक बंदर से टकरा कर गिर गई। पीछे बैठी मिथलेश का सिर सड़क से टकरा गया। मिथलेश गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल निजी चिकित्सक के यहां उपचार चल रहा है।

### भूसा भण्डारण की छत टूटी मिली

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में आज उप जिलाधिकारी सदर रितु चौधरी द्वारा अधिशासी अधिकारी व अवर अभियन्ता (निर्माण), अवर अभियन्ता, जल-कल एवं प्रभारी अधिकारी गौशाला, सफाई निरीक्षक के साथ कान्हा गौआश्रय, बिजनौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौआश्रय में मौके पर 203 पशु पाये गए। 04 अन्य पशु उपचाराधीन पाए गए। भूसा 25 कुंतल व हरा चारा लगभग 35 कुंतल पाया गया। गौशाला की स्थिति सन्तोषजनक पायी गयी। अधिशासी अधिकारी को गौशाला में समस्त व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा उप जिलाधिकारी द्वारा अस्थायी गौआश्रय स्थल मुजफ्फरपुर केशो का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौआश्रय स्थल पर भूसा भण्डारण की छत टूटी पाई गई एवं भूसे की मात्रा भी अपेक्षित रूप से कम पायी गयी। उक्त के सम्बन्ध में सम्बन्धित को नोटिस जारी किया गया एवं निर्देशित किया गया कि तत्काल भूसा भण्डारण की छत का कार्य पूर्ण कराकर भूसे की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करायें तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी, बिजली, हरा चारा, साफ-सफाई आदि की समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है। इसके अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, बिजनौर एवं नायब तहसीलदार, मण्डावर को सम्बन्धित थाना प्रभारी / चौकी प्रभारी के साथ मिलकर गौशालाओं का निरीक्षण किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

# गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण

### डीएम ने व्यवस्थाओं का गहनता से लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** डीएम जसजीत कौर ने गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गौवंश के रख-रखाव, चारे-पानी की उपलब्धता और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज शाम करीब छह बजे डीएम जसजीत कौर ने मौहल्ला नौधा स्थित कान्हा गौ आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। डीएम ने गौशाला के रजिस्टर, भूसा भंडारण और गौवंश के लिए बनाए गए टीन शेड की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने आश्रय स्थल में मौजूद पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण और टीकाकरण की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। डीएम के साथ एडीएम प्रशासनिक अंशिका दीक्षित, एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा और तहसीलदार धनराज कुमार मौजूद रहे। इनके अतिरिक्त पालिका ईओ ओम गिरी, पशु चिकित्सा अधिकारी अनुराग चौधरी, हल्का लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे। डीएम जसजीत कौर ने संबंधित अधिका. रियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौवंश को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी और छाया के पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।



# धामपुर में छत पर ध्यान मुद्रा में बैठा युवक, दमकल टीम ने सुरक्षित उतारा

### घंटों तक बना रहा कौतूहल का माहौल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**धामपुर।** नगीना चौराहा पर उस समय भीड़ जमा हो गई, जब एक युवक पुराने टेलीफोन एक्सचेंज के सामने स्थित एक मकान की छत पर ध्यान मुद्रा में बैठा दिखाई दिया। करीब तीन घंटे तक युवक एक ही स्थान पर स्थिर बैठा रहा, जिससे आसपास के लोगों में चिंता और जिज्ञासा का माहौल बन गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगीना चौराहा निवासी विशाल चौहान नामक युवक मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा है। आज दोपहर वह मकान की छत पर चढ़ गया और बिना किसी हरकत के लंबे समय तक एक ही मुद्रा में बैठा रहा। इस दौरान राहगीरों और स्थानीय नागरिकों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। कुछ लोगों ने इस दृश्य को धार्मिक आस्था से जोड़कर देखा, जबकि अन्य लोग युवक की मान. सिक स्थिति को लेकर चिंतित नजर आए। कई लोगों ने पूरे घटनाक्रम के वीडियो भी बनाए, जो बाद में सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगे।

सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानी पूर्वक रेस्क्यू चलाया। टीम ने सीढ़ी के माध्यम से युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया। रेस्क्यू के बाद युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान युवक की स्थिति को लेकर परिजन काफी चिंतित रहे और राहत की सांस तब ली, जब उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।




### अफजलगढ़ में ईद की नमाज का वक्त

**अफजलगढ़।** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ईद उल फितर की व्यापक तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज ए ईद उल फितर के वक्त का बाकायदा ऐलान कर दिया गया है। नगर की ईदगाह में नमाज ए ईद उल फितर 8:00 बजे व ऐतिहासिक जामा मस्जिद में 8:30 बजे, मानियावाला ईदगाह में 8:30 बजे, सीरवासुचंद पुक्खेवाला ईदगाह में 8:30 बजे, रेहड़ ईदगाह में 8:30 बजे, कासमपुर गढ़ी में 8:30 बजे नमाज ए ईद उल फितर अदा की जाएगी। ईद उल फितर के मौके इमाम ईदगाह मानियावाला मौलाना नईम अहमद, मुफ्ती रियाजुद्दीन, मौलाना मौहम्मद उमैर व जमीयत के मौलाना शमीम अहमद ने मुस्लिम समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सरकार की गाइड लाइन का पालन करें, ईदगाह के अहाते में ही नमाज अदा करें, सड़कों पर नमाज ना पढ़े।

# असम से केदारनाथ की पैदल यात्रा पर निकला युवक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कहते हैं कि अगर मन में अटूट श्रद्धा और संकल्प हो, तो मंजिल चाहे कितनी भी दूर क्यों न हो, रास्ते खुद-ब-खुद बन जाते हैं। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है असम के एक शिवभक्त युवक ने। जो कड़ाके की ठंड और विषम परिस्थितियों की परवाह किए बिना हजारों किलोमीटर दूर बाबा केदारनाथ के दर्शन के लिए पैदल निकल पड़ा है। 55 दिनों का सफर और अटूट विश्वास।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज नहटौर-नूरपुर मार्ग पर स्थित ग्राम खंडसाल के पास एक युवक भगवा ध्वज और हाथ में लाठी लिए पैदल चलता दिखाई दिया। पूछने पर युवक ने अपना नाम प्रह्लाद नामदास पुत्र सुधीर नामदास बताया। प्रह्लाद मूल रूप से 91, कावाडी नं. 1, मानिकपुर, पातिलादोहा, जिला बोंगाईगांव (असम) के निवासी हैं।



प्रह्लाद ने बताया कि उन्होंने अपनी यह पैदल यात्रा 25 जनवरी को असम से शुरू की थी। आज उनकी यात्रा का 55वां दिन है और वे लगभग 1500 किलोमीटर से अधिक का सफर तय कर बिजनौर जनपद की सीमा में पहुंचे हैं। अपनी इस कठिन यात्रा के पीछे का कारण बताते हुए प्रह्लाद भावुक हो गए। उन्होंने बताया मुझे एक रात सपना आया कि मैं पैदल बाबा केदारनाथ के धाम पहुंच रहा हूं। उस सपने ने मेरे मन में ऐसी लौ जगाई कि मैंने इसे महादेव का आदेश माना और घर से निकल पड़ा।

### गौ-सेवा और सनातन धर्म का दे रहे संदेश

प्रहलाद केवल अपनी व्यक्तिगत आस्था के लिए ही नहीं, बल्कि एक बड़े सामाजिक उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उनकी पीठ पर बंधे सामान के साथ 'गौ-सम्मान' का एक पोस्टर लगा है। प्रहलाद का कहना है कि वे रास्ते भर लोगों को गौ-माता की सेवा और सनातन धर्म के प्रति जागरूक कर रहे हैं। उन्हें यह पोस्टर सीतापुर में एक श्रद्धालु ने दिया था, जिसे उन्होंने सहर्ष अपनी यात्रा का हिस्सा बना लिया। खंडसाल के पास जब स्थानीय लोगों को पता चला कि यह युवक असम से पैदल चलकर आ रहा है, तो लोग दंग रह गए। राहगीरों और ग्रामीणों ने प्रह्लाद का हाल-चाल जाना और उनकी इस कठिन तपस्या की सराहना करते हुए उनके सुरक्षित सफर और सफल दर्शन की कामना की।

## नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ के अवसर पर आज जिला पंचायत द्वारा भव्य हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर भाजपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन भी किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने हवन में आहुति देकर नव वर्ष के लिए प्रदेश एवं जनपद की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास की कामना की। तत्पश्चात नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी साकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे तथा जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम का समापन सभी के उज्ज्वल भविष्य एवं जनकल्याण की कामनाओं के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, इंदिरा सिंह, लोकेंद्र सिंह, संगीता अग्रवाल, सीपी सिंह, विनोद राठी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जमीनी विवादों पर सख्त हुई डीएम धामपुर तहसील में औचक निरीक्षण

### पुराने मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जनपद में बढ़ते जमीनी विवादों को लेकर जिला प्रशासन गंभीर हो गया है। इसी क्रम में डीएम जसजीत कौर ने आज शाम अचानक धामपुर तहसील पहुंचकर राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उनके साथ अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित भी मौजूद रहीं।

करीब डेढ़ घंटे तक चली इस समीक्षा बैठक में लेखपालों और कानूनगो के साथ जमीन से जुड़े लंबित मामलों, पारिवारिक विवादों और बार-बार आ रही शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए, जिनमें फरियादी लंबे समय से शिकायत कर रहे हैं, लेकिन संतुष्ट नहीं हैं।

डीएम ने विशेष रूप से हरेवली और आफसाबाद चमन से जुड़े मामलों को गंभीर बताते हुए इन पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन प्रकरणों में लगातार शिकायतें मिल रही हैं, जिन्हें जल्द से जल्द सुलझाया जाना आवश्यक है। बैठक के दौरान डीएम ने यह भी कहा कि मार्च क्लोजिंग का समय चल रहा है, ऐसे में राजस्व से जुड़े कार्यों की समीक्षा भी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनें और समयबद्ध तरीके से उसका निस्तारण सुनिश्चित करें।

डीएम के अचानक तहसील पहुंचने से परिसर में हड़कंप मच गया। अधिकारी और कर्मचारी तत्काल सक्रिय हो गए और आवश्यक अभिलेखों के साथ बैठक में उपस्थित रहे।

इस दौरान एसडीएम स्मृति मिश्रा, तहसीलदार धनराज कुमार, लेखपाल प्रभात कुमार छत्रपाल सिंह राकेश कुमार सहित तहसील स्तर के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक

### निवेश आकर्षित कर रोजगार बढ़ाएं, उद्यमियों की समस्याएं सुलझाएं: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक में डीएम जसजीत कौर ने शासन की औद्योगिक नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने के निर्देश दिए, ताकि रोजगार के अवसर बढ़े।

प्राप्त समाचार के अनुसार कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला उद्योग बंधु की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम जसजीत कौर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए निवेशकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।



उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अधिकारी को दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि जनपद में औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से निवेशकों एवं उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत बैंकों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता पूर्वक जांच करते हुए सही प्रकार से स्वीकृत करना सुनिश्चित करें। जिससे कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्राप्त हो सके। उन्होंने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जनपद में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें बैठक के दौरान उद्यमियों द्वारा विद्युत आपूर्ति, सड़क, परिवहन, भूमि आवंटन, बैंक ऋण, प्रदूषण संबंधी अनुमति एवं अन्य जनहित से जुड़े विभागीय समस्याओं को उठाया गया, जिन पर डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीडीओ रणविजय सिंह, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग बंधु मौजूद थे।

## एक नजर

### विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दी

**बढ़ापुर।** ग्राम इनायतपुर निवासी हेमंत उर्फ बंटी की पत्नी भारती रानी (26 वर्ष) ने गृहक्लेश के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के भाई राजेंद्र सिंह ने घटना की सूचना पीआरवी 112 को दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका के बेटे का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतका के परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इंकार किया है।

### प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



**नहटौर।** सावन सूद को प्रदेश सरकार द्वारा नामित सभासद नियुक्त किए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने खुशी व्यक्त की। भाजपा नेताओं ने उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सावन सूद के मनोनयन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, प्रशांत वर्मा और राहुल चौधरी ने विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि सावन सूद के सभासद बनने से नगर के विकास कार्यों को गति मिलेगी और संगठन की पकड़ और मजबूत होगी। इस मौके पर सावन सूद ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह नगर की जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखेंगे और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे। सावन सूद ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा पार्टी द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी का मैं पूरी निष्ठा से निर्वहन करूंगा और नगर के विकास में अपना पूर्ण योगदान दूंगा।

### एनएस इंटरनेशनल में मनाई ईद



**बुढ़नपुर।** एन.एस. इन्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ईद-उल-फितर का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने एक-दूसरे के गले मिले एवं सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। प्रिंसिपल रूचि सिंह ने कहा कि ईद उल फितर का त्यौहार सद्भावना से मिल जुलकर मनाने के लिये सभी को प्रेरित किया एवं बधाई दी। मैनेजर निखिल कुमार ने सभी को ईद उल फितर की बधाई दी। चेयरमैन पवन सिंह ने स्कूल परिवार एवं सभी क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को ईद उल फितर की बधाई दी। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### गन्ना समिति परिसर में समीक्षा बैठक



**चांदपुर।** सहकारी गन्ना विकास समिति परिसर में परिक्षेत्र की प्रमुख चीनी मिलों के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधकों एवं सचिव प्रभारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, चांदपुर विश्वामित्र पाठक द्वारा की गई। जिसमें क्षेत्र की चीनी मिलों, चांदपुर, चांगीपुर, स्योहारा, धामपुर, धनोरा एवं बिलाई के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने पर बल दिया गया। साथ ही नैनो यूरिया और नैनो डीएपी उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु चीनी मिल वार लक्ष्य निर्धारित किए गए। कीट एवं रोग नियंत्रण, रेड रोट के नियंत्रण तथा टॉप बोरर के प्रारंभिक लक्षणों को देखते हुए चीनी मिलों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई।

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड के यहां श्री अभिषेक मेहरबान पुत्र चमन सिंह निवासी मौहल्ला नौधा, नहटौर ने अपनी दुकान निर्मित 37.15 वर्ग मी. मौहल्ला झील, नहटौर में स्थित के सापेक्ष में ऋण का आवेदन किया है। जिसे श्री चमन सिंह ने कहकशा नाज पत्नी आमिर हसन व सना हैदर पत्नी सैय्यद अनदिलीब हुसैन से बही सं. 1 जिल्द स. 13727 पृष्ठ 133/146 क्रम सं. 102 दिनांक 13.01.2022 से खरीदा था तथा इस सम्पत्ति का पूर्व में हुआ बैनामा जिल्द सं. 13131 पृष्ठ 121/134 क्रम सं. 2589 दिनांक 29.01.2021 तथा जिल्द सं. 10865 पृष्ठ 181/198 क्रम सं. 17752 दिनांक 20.11.2017 खो गये है। जिस किसी व्यक्ति उत्तराधिकारी, बैंक, वित्तीय संस्था या अन्य को आपत्ति हो तो 7 दिन के भीतर आपत्ति निम्न पते पर दर्ज करा सकता है।

**अंकुश अग्रवाल एडवोकेट, सिविल कोर्ट, बिजनौर**
**मो. न.:- 8445429323, 8958840567**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र केशव कुमार व उसकी पत्नी पूजा देवी गलत संगत में पड़ गए है। इनके व्यवहार से मैं व मेरा पूरा परिवार परेशान है। इनके गलत कृत्यों व दुर्व्यवहार के चलते अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मैं या मेरा परिवार इनके किसी भी गलत कृत्यों का जिम्मेदार नहीं होगा। **मुकेश कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम अलावलपुर, हाल निवासी ग्राम सुहागपुर, थाना धामपुर, जनपद-बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम सीमा से बदलकर सीमा देवी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सीमा देवी पत्नी विजय वीर निवासी ग्राम महमूदपुर, सहसपुर, थाना स्योहारा, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश** -246745

# धामपुर में 'बयान युद्ध' तेज

## विधायक अशोक राणा और सपा नेता मनोज जज आमने-सामने

**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** पुराना धामपुर क्षेत्र में हुए विवाद का मामला अब पूरी तरह राजनीतिक रंग ले चुका है। जहां शुरुआत में यह मामला कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक कार्रवाई तक सीमित दिखाई दे रहा था, वहीं अब इस पर राजनीतिक बयानबाजी ने नई बहस को जन्म दे दिया है।

घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी रही, जिसको नियंत्रित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास किए गए। लेकिन जैसे-जैसे मामला शांत होता दिखा, वैसे-वैसे सियासी बयान सामने आने लगे और अब यह मुद्दा राजनीतिक मंचों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चा का विषय बन गया है।

इसी क्रम में समाजवादी पार्टी से जुड़े और लोकसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व जज मनोज कुमार ने सोशल मीडिया के जरिए अपना पक्ष रखते हुए भाजपा विधायक अशोक राणा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विधायक के उस बयान को निशाने पर लिया, जिसमें 'योगी-मोदी स्टाइल' में कार्रवाई की बात कही गई थी।

पूर्व जज मनोज कुमार ने कहा कि धामपुर में कानून का शासन है और यहां किसी भी प्रकार की कार्रवाई कानून के दायरे में ही होनी चाहिए, न कि किसी राजनीतिक शैली के आधार पर। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह के बयान केवल जनता के बीच अपनी लोकप्रियता बढ़ाने और राजनीतिक पहचान मजबूत करने के उद्देश्य से दिए जाते हैं।




### पुराना धामपुर विवाद के बाद सियासत गरमाई

वहीं, सपा नेता के इस बयान पर भाजपा विधायक अशोक राणा ने भी कड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी पहचान बनाने या नाम चमकाने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में कहा कि नाम चमकाने की जरूरत सपा नेता को है, जो समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़कर उस उम्मीदवार से हार चुके हैं, जिसके नाम के साथ 'रावण' जुड़ा हुआ है।

विधायक ने आगे कहा कि यदि हार किसी 'राम' या 'विदुर' जैसे नाम वाले व्यक्ति से होती, तो उसे एक सम्मानजनक हार माना जा सकता था। उनके इस बयान ने राजनीतिक बयानबाजी को और तीखा बना दिया है।

अशोक राणा ने यह भी स्पष्ट किया कि उन्होंने जनता से केवल इतना कहा था कि प्रशासन को स्थिति संभालने के लिए पांच घंटे का समय दिया जाए, ताकि शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य केवल हालात को सामान्य करना था, न कि किसी प्रकार की राजनीतिक बयानबाजी करना।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद धामपुर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज है। एक ओर जहां सपा इसे राजनीतिक बयानबाजी बता रही है, वहीं भाजपा इसे कानून-व्यवस्था बनाए रखने की पहल बता रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस तरह के बयान न केवल स्थानीय राजनीति को प्रभावित करते हैं, बल्कि आने वाले समय में क्षेत्रीय चुनावी समीकरणों पर भी असर डाल सकते हैं। धामपुर में अब मुद्दा सिर्फ विवाद का नहीं रहा, बल्कि यह भी तय हो रहा है कि राजनीति 'स्टाइल' से चलेगी या कानून के दायरे में रहेगी।

### सोशल मीडिया बना 'सियासी अखाड़ा'

पुराना धामपुर विवाद के बाद दोनों नेताओं के बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। समर्थक अपने-अपने नेता के पक्ष में पोस्ट और कमेंट कर रहे हैं, जिससे यह मुद्दा और अधिक चर्चा में आ गया है।

### 'स्टाइल' बनाम 'कानून' की बहस

जहां एक ओर 'योगी-मोदी स्टाइल' की बात हो रही है, वहीं दूसरी ओर 'कानून का राज' का मुद्दा उठाया जा रहा है। ऐसे में यह बहस अब प्रशासनिक कार्रवाई से ज्यादा राजनीतिक विचारधारा की बनती जा रही है।

# गौ-आश्रय स्थल से दो गौवंश चोरी

## जंगल में अवशेष मिलने से कटान की आशंका, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम तुराबनगर स्थित अस्थायी गौ-आश्रय स्थल से दो गौवंश चोरी हो गए हैं। सुबह पशुओं की गिनती के दौरान यह घटना सामने आई। बाद में पास के बाजीदपुर जंगल में गौवंश के अवशेष मिलने से उनके कटान की आशंका बढ़ गई है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुट गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार तुराबनगर की गौशाला में 110 गौवंश संरक्षित थे। आज सुबह जब केयरटेकर दयाराम सिंह व हैप्पी ने पशुओं की गणना की, तो वहां केवल 108 गौवंश ही मौजूद मिले। दो पशुओं के गायब होने की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान और स्थानीय पुलिस को दी गई।



गौवंश की तलाश के दौरान पास के बाजीदपुर के जंगल में उनके अवशेष मिलने की खबर से स्थिति गंभीर हो गई। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि चोरी किए गए गौवंश का कटान किया गया है। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए एएसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ धामपुर अभय कुमार पांडेय और एसडीएम स्मृति मिश्रा, बीडीओ प्रताप सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी अनुराग चौधरी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गौशाला के कर्मचारियों और आसपास के लोगों से गहन पूछताछ की है। साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि गौशाला से दो पशु कम पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखी गई है।

# रामपुर नजराना में ऐतिहासिक रोजा इफ्तार

## इस्लामुद्दीन मंसूरी की इफ्तार पार्टी में विधायक स्वामी ओमवेश भी हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम पंचायत रामपुर नजराना निवासी इस्लामुद्दीन मंसूरी ने अपने निवास पर रमजान के मुकद्दस महीने में ऐतिहासिक रोजा इफ्तारी का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों, समाजसेवी एवं व्यापारियों, भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा कार्यकर्ताओं आदि ने शिरकत की।

इस मौके पर चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश भी अपनी टीम के साथ शामिल हुए। रोजा इफ्तारी पर इस्लामुद्दीन मंसूरी ने कहा कि रोजा इफ्तार कराना बहुत बड़ा पुण्य का काम है। इस तरह के आयोजन अपने-पराये को एक साथ मिल बैठने का अवसर प्रदान करते है।



उन्होंने अपने भाई इमरान मंसूरी भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष के साथ रोजा इफ्तारी में शामिल होने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया। जिला अध्यक्ष इमरान मंसूरी ने कहा कि हमारी सदा यही इच्छा रही है कि हम सबको साथ जोड़कर चले और अपने क्षेत्र का विकास और अपने ग्रामीणों को सम्मान दिलाने का काम करें। मेरा मकसद यही है कि आगामी ग्राम पंचायत चुनाव में अपनी पंचायत के विकास और नागरिक सम्मान के लिए चुनाव की फाइनल तैयारी है। विधायक स्वामी उमेश ने भी इस्लामुद्दीन मंसूरी को युवा दिलों की धड़कन बताया और कहा कि इस्लामुद्दीन और इमरान मंसूरी दोनों ही क्षेत्र में युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। इस मौके पर बड़ी संख्या में पूर्व प्रधान और बीडीसी सदस्य सपा, इस्लामुद्दीन प्रधान, तौकीर मंसूरी, रईस प्रधान, रईस मंसूरी, कालू सैनी, जॉनी सैनी, किशन पाल, अख्तर मालिक, शानू प्रधान, मोंटी यादव, सजाजुद्दीन अंसारी, नौशाद मंसूरी, निजाम मंसूरी, जैद आलम, फरमान जैदी, मोनिस मंसूरी, शारुख मंसूरी, अफजाल भाई, इमदान भाई, नबील सर, रिज़वान चौधरी, अय्यान चौधरी, नसीम चौधरी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पालिका ने अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** प्रशासन व नगर पालिका द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया गया। अभियान के दौरान एचडीएफसी बैंक के आसपास स्थित होटलों और अन्य प्रमुख स्थानों पर विशेष कार्रवाई की गई।

प्रशासन की टीम ने सड़क किनारे लगे ठेली-ठेले, दुकानों के बाहर किए गए अवैध कब्जों और रास्ते में बाधा बन रहे अतिक्रमण को हटाया। जेसीबी की मदद से कई जगहों पर अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। जिससे मुख्य मार्गों पर यातायात सुगम हो सके। पालिका ईओ ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण कर बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर के व्यस्त इलाकों में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।




अभियान में पालिका स्टाफ, हल्का लेखपाल, हेड क्लर्क तथा भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के अभियान से शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और आम जनता को राहत मिलेगी।

## एक नजर

### रासेयो शिविर का समापन




**धामपुर।** आरएसएम डिग्री कॉलेज के रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन दिवस की थीम 'जल जीवन मिशन' पर आधारित रही। समारोह का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं लक्ष्यगीत गायन के साथ किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिनमें नशामुक्ति पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति समूह गीत, स्वच्छ भारत पर समूह नृत्य, मतदाता जागरुकता पर नुक्कड़ नाटक, जलवा गीत पर समूह नृत्य, महंगाई पर लोकगीत तथा संदेश गीत पर समूह नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। तथा शिविर के दौरान आयोजित खेल प्रतियोगिताओं के विजेता स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। इस मौके प्राचार्य प्रो. रश्मि रावल ने स्वयंसेवकों की मेहनत, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा समाज सेवा के प्रति उनके समर्पण को सराहा। इस दौरान प्रो. ओपी मौर्य, डा. आकाश, डा. अनिल यादव, डा. राजेंद्र चौधरी, डा. धनीराम, लाखन सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रश्मि रावल ने की तथा सफल संचालन डा. रवि धनकड़ स्वयंसेवक राजाराम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### शक्तिपीठ पर सामूहिक भजन कार्यक्रम



**धामपुर।** राजपूत विहार कॉलोनी स्थित अनंत श्री शिव शक्तिपीठ एवं संस्कारशाला पर आज से प्रारंभ हुए चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन माता रानी का दिव्य पूजन एवं श्रृंगार कार्यक्रम तथा सामूहिक भजन उच्चारण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने माता रानी की पावन भेटों के सामूहिक उच्चारण से माता रानी के चरणों में श्रद्धा भावना प्रदर्शित की तथा प्रत्येक सनातन परिवार में शांति खुशहाली एवं समृद्धि का वातावरण बनाए रखने की कामना की। कार्यक्रम में आचार्य डा. दिनेश चंद्र भारद्वाज ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों के माध्यम से आश्रम द्वारा चलाए जा रहे गौरी गौशाला अभियान कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवरात्रों के दौरान जो भी भक्त परिवार गौ माता की सेवा करते हैं, उन्हें मां दुर्गा की कृपा एवं अनुकंपा प्राप्त करने का सौभाग्य मिलता है। संस्कार शाला आयोजित कार्यक्रम के मुख्य यजमान राजीव कुमार त्यागी एवं उनकी धर्म पत्नी बबीता त्यागी रहीं। इस मौके पर निकुंज शर्मा, महिपाल सिंह, प्रमोद भारद्वाज, आदर्श कुमार, शालू वर्मा, कविता भारद्वाज, अनीता वर्मा, ललित बाला, संदीप चौहान, निशि रस्तोगी, अर्चना सिंह, पारुल चौहान, तुलसी आदि मौजूद रहे।

### अक्षर संस्था के अभियान की सराहना




**धामपुर।** अक्षर संस्था द्वारा राष्ट्रीय हित में चलाए जा रहे अभियान 'एक रुपया प्रतिदिन देश के नाम' के अंतर्गत इस वर्ष दो लाख रुपए का ड्राफ्ट पीएम रिलीफ फंड के लिए भेजा गया। अक्षर संस्था अब तक कुल 36 लाख 56 हजार रूपए इस कोष में भेज चुकी है। बीती रात शुभम मंडप में संस्था द्वारा आयोजित अपने वार्षिक उत्सव में विधायक अशोक कुमार राणा ने अभियान को राष्ट्रीय भावना के लिए प्रेरक प्रयास बताते हुए, जन सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। डा. सूर्यमणि रघुवंशी ने धामपुर नगर को सांस्कृतिक शहर बताते हुए, यहां किए जा रहे बहुआयामी लेकिन रचनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए, इन्हें प्रेरक बताया तथा इस अभियान को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में कवियत्री सूची शर्मा ने सारगर्भित कविताएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अभियान से जुड़े सैकड़ों लोगों ने भागीदारी की। इस मौके पर ज्योति राणा, नीरज सिंह, सूची शर्मा, डा. शिखा सिंह, दीपक अग्रवाल, सुमित महेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

### गृह जनपद में स्थानांतरण की मांग



**बिजनौर।** दम्पति शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा विभाग को ज्ञापन भेजा। जिला संयोजक दिनेश राय ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया कि उ.प्र.बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अनेक शिक्षक ऐसे कार्यरत हैं, जिनके जीवनसाथी भी सरकारी सेवा में भिन्न-भिन्न जनपदों में कार्यरत है। अलग-अलग जनपदों में कार्यरत होने के कारण परिवारिक, सामाजिक तथा मानसिक स्तर पर अनेक प्रकार की कठिनाईयों का सामाना कराना पड़ता है, परिवारिक विछोह एवं कार्यरत स्थल की दूरी का प्रभाव न केवल उनके निजी जीवन पर पड़ता है, बल्कि उनकी कार्य क्षमता मनोबल एवं शैक्षणिक योगदान पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। विभिन्न स्तरों पर दम्पति शिक्षकों द्वारा बार-बार निवेदन किए जाने के उपरांत भी अभी तक दम्पति शिक्षकों का पति-पत्नी के कार्यरत जनपद या गृह जनपद में स्थानांतरण संभव नहीं हो सका। जबकि शासन एवं विभाग द्वारा समय-समय पर दम्पति शिक्षकों के स्थानांतरण को प्राथमिकता देने कि घोषणा की जाती रही है, परंतु व्यवहार में यह व्यवस्था अभी तक प्रभावी रूप से लागू नहीं हो पाई। उन्होंने इस न्यायोचित मांग को अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा विभाग तक पहुंचाने का अनुरोध किया है। इस मौके पर जिला सह संयोजक आशीष बालियान, तुषार चौहान, अमित तिवारी एवं अमरदीप चौधरी आदि दम्पति शिक्षक मौजूद रहे।


## एक नजर

### तरावीह में कुरान पाक की तकमील



**नगीना।** मस्जिद फारुकी, जामिया अल-अबरार में उन्नतीसवीं शब के मौके पर रूहानी और ईमान अफरोज माहौल में नमाए-ए-तरावीह के दौरान कुरान करीम की तकमील का एहतिमाम किया गया। यह सआदत मुफ्ती फहीम अहमद नगीनवी के साहबजादे मुफ्ती अहमद सिद्दीकी को हासिल हुई, जबकि सामेअ के फर्ज अब्दुल्लाह बिन अजीम अहमद ने बेहतरीन अंदाज में अदा किए। तकमीले कुरआन के इस रूहपरवर मौके पर मस्जिद में बड़ी तादाद में अकीदतमंदों और इलाके के लोगों की मौजूदगी रही। इखतितामी जलसे में मुफ्ती फहीम अहमद साहब नगीनवी ने खिताब करते हुए कुरान करीम की अहमियत, उसके पैगाम को जिंदगी में लागू करने की जरूरत और रमजान के बाकी लम्हात को कीमती बनाने पर जोर दिया। उन्होंने खास तौर पर इस बात की तरफ तवज्जो दिलाई कि सिर्फ तरावीह में कुरान सुन लेना काफी नहीं है, बल्कि हर मुसलमान के लिए खुद तिलावत-ए-कुरान की पाबंदी भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुरान करीम से गफलत ही हमारी परेशानियों और मसाइल का एक बड़ा सबब है। इस तकरीब में शहर की कई मुअज्जिज शख्सियतों ने शिरकत की, जिनमें शेख शाहनवाज खलील, उमर फारूक, डा. अहमद नवीद फारूकी, अजीम अहमद, एजाज अहमद उर्फ गुड्डू, हाफिज सिद्दीक, फारूक ठेकेदार और अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक दुआ की गई। जिसमें उम्मत-ए-मुस्लिमह की भलाई, देश और कौम की सलामती, देश में अमन-ओ-अमान कायम रहने और आलम-ए-इस्लाम की तरक्की के लिए खास दुआएं की गईं।

### एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल



**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। समाज कार्य विभाग के विभाग अध्यक्ष गोपाल स्वरुप सिंह ने बताया कि एमएसडब्ल्यू तृतीय सेमेस्टर में गौतम कुमार ने प्रथम, हिमानी चौधरी ने द्वितीय तथा हिमांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही उत्तम रहा है। हमारा निरंतर यही प्रयास रहता है कि विद्यार्थियों को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, सहायक प्रवक्ता अनुज कुमार ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई



**नहटौर।** क्षेत्र के कश्मीरी-कलाली मार्ग पर गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसा हो गया। गारवपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खजूर के पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में सवार दो बच्चों को चोटें आईं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार संख्या UK07AX3114 मुस्सेपुर पाली से गंगवाली की ओर जा रही थी। कार के पेड़ से टकराकर रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि कार पेड़ से न टकराती, तो वह पास की नहर में गिर सकती थी, जिससे गंभीर परिणाम हो सकते थे। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे। स्थानीय निवासी कमल कुमार, अशोक कुमार और अभिषेक कुमार ने बताया कि कार काफी तेज गति में थी। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

### नवरात्र के प्रथम दिन शैलपुत्री की पूजा



**धामपुर।** नगीना मार्ग स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कालियावाला सहित नगर के विभिन्न मंदिरों में चैत्र नवरात्रि के पहले दिन हजारों की संख्या में पहुंचे माता रानी के भक्तों तथा श्रद्धालु एवं सनातन परिवारों ने माता रानी के पावन स्वरूप शैल पुत्री का पूजन किया। इस दौरान भक्तों ने माता रानी से सभी सनातन परिवारों में अपनी कृपा एवं अनुकंपा बनाए रखने की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान सभी मंदिर माता रानी के पावन जयकारों तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से उच्चरित हो रहे भजनों और भेटों से जगदंबिका मय बने रहे। मंदिर कालियावाला के बाहर सजी हुई दुक. ानों पर श्रद्धालु परिवारों ने पूजा-अर्चना से संबंधित सामग्री की खरीदारी करते हुए, संबंधित सामग्री माता रानी के चरणों में अर्पित की तथा उपवास भी रखा। जबकि नव विवाहित दंपतियों ने मां के चरणों से संतान प्राप्ति की प्रार्थना की।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
सलमान अलीमुद्दीन
युवा समाजसेवी
ग्राम मानियावाला
ब्लॉक-अफजलगढ़


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर


मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224


मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर


# ईद पर लखनवी तुरपई पठानी सूट व फरशी शलवार हो रही पहली पसंद

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** मुकद्दस रमजान अब रुख्सत होने को है। तीस रोजों के बाद अल्लाह उन्हें तोहफे में ईद की खुशियां देंगे। इसकी तैयारियों में लोग शिद्दत से जुटे हुए हैं। नगर गुन्नौर के बाजार गुलजार है। खरीदारी करने के लिए लोगों की बाजारों में भीड़ बढ गई है। ईद की खुशियां बांटने के लिए हर एक चीज जुटाने में लगे हैं। खरीदारी के अंतिम दौर में रेडिमेड कपड़ों और श्रृंगार की सामग्रियों की खूब बिक्री हो रही है। युवतियों को पाकिस्तारी सूट और कश्मीरी चूड़ियां खूब भा रही हैं। ईद की खरीदारी के लिए अब कम समय बचा है। जो अब तक खरीदारी नहीं कर पाए हैं, वे कपड़े से लेकर हर एक चीज खरीद रहे हैं। ईद के बाजार के लिए नगर गुन्नौर का सदर बाजार,जुलेहपुरा व बबराला रेलवे रोड व स्टेशन रोड पर भीड़भाड़ दिख रही है। सुबह से देर रात तक इन बाजारों में जबरदस्त भीड़ है। देहात क्षेत्र से भी महिलाएं खरीदारी को आ रही है। रेडीमेड कपड़ो के दुकानदार निदोष उर्फ बौबी वार्ष्णेय ने बताया कि महिलाएं व युवतियां नायरा, पाकिस्तानी सूट, फरशी सलवार पसंद कर रही हैं।वहीं युवा जींस, शर्ट, टी-शर्ट के साथ ही लखनवी कुर्ता, तुरपई, पठानी सूट पसंद कर रहे हैं। दुकानदार वसीम ने बताया कि जयपुरिया कंगन, मुंबई और कश्मीरी चूड़ियां खूब बिक रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि ईद के सामानों में 10 से 15 फीसदी कीमतों में वृद्धि हुई है। ईद की खरीदारी बाजार के अलावा ऑनलाइन भी खूब हो रही हैं। खासकर युवा खरीदारी कर रहे हैं। ईद पर घरों को सजाने के लिए सजावटी सामग्री की भी खूब बिक्री हो रही है। महिलाएं पर्दे, चादरें, मेजपोश, गुलदस्ता, डिनर सेट आदि की भी खरीदारी कर रही हैं। दावतों पर आने वाले मेहमानों का सेवइयां आदि से खैरमकदम करेंगी। इसके अलावा सेवइयों की भी बिक्री बढ़ गई है।

**○ ईद की खरीदारी से बाजारों में देर रात तक छायी रौनक**



सम्भल। शिक्षा विभाग, डीटीएफ, बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी।

# प्रथम नवरात्र पर मंदिरों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नवसंवत 2083 के साथ चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ होते ही पूरा शहर आस्था व भक्ति के रंग में रंग गया। भक्तों ने मां के दरबार में जाकर पूजा अर्चना की और घर परिवार की खुशहाली की मनौतियां मांगी।

गुरुवार को प्रसिद्व सिद्वपीठ चामुंडा मंदिर में पहले नवरात्र पर श्रृद्वालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां के दरबार को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया, वहीं मंदिर परिसर रंग-बिरंगी लाइटों से जगमग हो गया। पहले दिन श्रृद्वालुओं ने मां ज्वाला देवी के दरबार से लाई गई दिव्य ज्योत के दर्शन किए। जबकि कई भक्त इस अखंड ज्योत को अपने घरों तक ले गए, जहां पूरे नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की जाएगी। नगर क्षेत्र के मोहल्ला हल्लू सराय स्थित चामुंडा देवी मंदिर

**○पीड़ित को प्रोटेस्ट याचिका की अनुमति**

जबकि बहजोई क्षेत्र में मां भगवती, काली मंदिर, संतोषी माता मंदिर और बड़े मंदिरों में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मां की भक्ति में डूबे भक्त सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना और मंगल आरती का सिलसिला चलता रहा। आरती के बाद मंदिरों के कपाट श्रृद्वालुओं के लिए खोल दिए गए, जहां भक्तों ने मां के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान से पूजा कर व्रत रखा। श्रृद्वालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिरों के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई। जबकि भक्तों को कतारबढ़ रहकर मां के दर्शन व पूजन कराने के लिए मंदिर प्रबंध समिति की ओर से भी विशेष व्यवस्था की गई।

# संतृप्त कार्य पूरा नहीं करने वाले सचिवों का वेतन नहीं होगा आहरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**○जिलाधिकारी ने शिक्षा विभागडीटीएफ, बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा की ○फर्नीचर की गुणवत्ता खराब नहीं हो सुनिश्चित करने के निर्देश ○स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने को प्लानिंग पर दिया ज़ोर**

**सम्भल।** शिक्षा विभाग डीटीएफ, बेसिक शिक्षा विभिन्न योजनाएं/कार्यक्रम शिक्षा विभाग, के. जी. बी. वी, शिक्षा विमर्श, निपुण सम्भल , पीएम श्री को लेकर बैठक में समीक्षा की गई।

कलक्ट्रैट सभागार में आयोजित बैठक में कायाकल्प से संबंधित 19 अवस्थापना सुविधाओं पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने संतृप्तिकरण को लेकर जानकारी ली और संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में 19 बिंदुओं से संबंधित कोई काम अगर संतृप्त नहीं हुआ है तो संबंधित एडीओ पंचायत एवं ग्राम सचिव का वेतन तब तक आहरित न किया जाए जब तक बिन्दु संतृप्त न हो तथा स्पष्टीकरण भी जारी करने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2023-24 फर्नीचर आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी ने गुणवत्ता खराब न हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही एआरपी एवं एसआरजी उन्हे सीधे स्थिति से अवगत कराने को कहा। इसके अलावा सीसीएल को ऐजेंडा बिन्दु में जोड़ने तथा सीसीएल किस किस को और कब कब मिली है उसकी आख्या उन्हे उपलब्ध कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। जबकि 01 अप्रैल से 15 अप्रैल तक आरम्भ होने वाले स्कूल चलो अभियान पर चर्चा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति ज्यादा कैसे हो उसकी प्लानिंग की जाए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों से बच्चों की सूची ली जाए जाए प्राथमिक विद्यालयों में पंजीकरण जिनका होगा। प्राइवेट स्कूलों में कौन कौन से बच्चे पढते हैं। ऐसे बच्चे जो मदरसे जाते हैं पर मूल धारा के विद्यालयों में नहीं जा रहे हैं। इनके अलावा विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाई टेंशन लाइन, स्मार्ट मीटर, एमडीएम, तिथि भोजन, सामुदायिक सहभागिता, जीरो पावर्टी, निपुण पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा तथा जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह तथा एआरपी, एस आर जी आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने दिए मॉनीटरिंग करने के निर्देश

**सम्भल।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत समन्वय समिति की बैठक में डीएम ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा किये जा रहे कार्यो में गुणवत्ता एवं प्रगति की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नववर्ष मनाती विहिप की महिलाएं।

## विहिप की महिलाओं ने मनाया नववर्ष

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को हयातनगर के अयोध्या मंदिर में विश्व हिंदू परिषद हयातनगर की महिलाओं ने भारतीय नव वर्ष मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत छोटी सी कन्या का पूजन करके की गई, सभी महिलाओं ने भजन गाए कीर्तन किया सभी महिलाओं ने पीले पीताम्बर वस्त्र पहनें। दीपा बाष्णेय ने बताया कि वैसे तो चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नव वर्ष मनाने के अनेक कारण है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कारण है कि इस दिन ब्राह्म ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था और सतयुग की शुरुआत हुई थी। इस कार्यक्रम में पुष्पा प्रतिमा, धन्नो, नीरू ,कल्पना ,रीता, कुसुम लता उषा, लक्ष्मी, शशि वाला, सुनीता मेघा आदि रही।



बबराला-मेले में बच्चों को प्रमाण पत्र देते नगर पंचायत चेयरमैन

## मेले में रासलीला का हुआ आयोजन

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर में मेला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम,रासलीला के साथ फूलों की होली खेली गयी। इस दौरान नगर के लोग शामिल रहे।स्कूली बच्चों ने मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।उसके बाद रासलीला हुई। फिर फूलों की होली गयी।इस अवसर पर चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि मेला आपसी सौहार्द बढ़ता है। इससे सभी लोग एकजुट होकर एक ही स्थान पर अपनी आवश्यकताओं का सामान खरीदते हैं। पुरुष,बच्चों व महिलाओं के लिए मेला मनोरंजन का साधन है। यही देखते हुए हमने मेला लगाया है। मेले में सभी ने आनन्द लिया। मेले में शांतिपूर्ण व्यवस्था में पुलिस का सहयोग रहा। इस दौरान ईओ अमरेश तिवारी, थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, उमाकान्त शर्मा, नारायन शर्मा, प्रशान्त वार्ष्णेय, सुनीत उर्फ भोला, नितिन, आकाश अरविंद, मन्कित, संजीव वर्मा, अनिल गुप्ता, सतेंद्र गौतम, विवेक वार्ष्णेय, सुरेश गुप्ता, एके शर्मा आदि रहे।

## वांछित आरोपी किए गिरफ्तार

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी के नेतृत्व में वांछित चल रहे आरोपी योगेश उर्फ अऊआ पुत्र चरन सिंह व देवव्रत पुत्र राजवीर निवासी गण ग्राम पंवारी थाना बबराला को मंडी समिति बबराला के पास से थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी, उ.नि. ब्रजपाल सिंह, उ.नि. रामेन्द्रपाल सिंह का. मदनगोपाल व केशव कुमार ने गिरफ्तार किया।

## देवी मंदिरों में की गई पूजा अर्चना

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** नगर के देवी मंदिरों में देवी की पूजा अर्चना की गई। सुबह से ही श्रृद्वालु मन्दिर पहुँचने लगे। नवरात्र में दुर्गा देवी के नौ रूपों की पूजा-उपासना बहुत ही विधिा विधाान से की जाती है। इन नौ रूपों में सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के यहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण इनको शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। इनका वाहन वृषभ है। इसलिए इस देवी को वृषारूढ़ा भी कहा जाता है। इन देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। इन्हें सती भी कहा जाता है।

# रामकथा एवं काव्य पाठ से सजा नववर्ष महोत्सव

**○नैमिषारणय तीर्थ पर उमड़ा श्रृद्वा का सैलाब**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** हिन्दू नववर्ष के अवसर पर भव्य रामचरित मानस पाठ एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसे नववर्ष महोत्सव के रूप में बड़े ही श्रृद्वा और उत्साह के साथ मनाया गया।

तीर्थ नैमिषारण्य स्थित बाबा क्षेमनाथ समाधि पर आयोजित राम चरित मानस कवि सम्मेलन में बरेली से आए कथावाचक डा. बृजेश यादव ने सुंदरकांड की रामकथा का भावार्थ सहित सुंदर वाचन किया। उनके मधुर एवं भावपूर्ण प्रस्तुतीकरण से श्रृद्वालु भक्तिमय वातावरण में डूब गए और सभी ने राम रस का आनंद लिया। रामकथा के उपरांत भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मंच संचालन का दायित्व कवि सौरभ कांत शर्मा ने संभालते हुए अपनी प्रभावशाली काव्य प्रस्तुति से कार्यक्रम को ऊर्जावान बना दिया। कवि सम्मेलन में देशभक्ति, राष्ट्रभक्ति, धर्म, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों से ओतप्रोत रचनाओं की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर इटावा से राम भदावर, नोएडा से अमित शर्मा, राजस्थान से महेश डांगरा, सम्भल से व्यंग्य कवि अतुल कुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, सात्विक नीलदीप सहित अन्य कवियों ने अपनी रचनाओं से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सबका साथ, सबका विकास की भावना को सशक्त करते हुए यूजीसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रृद्वालुओं की उपस्थिति रही, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय एवं उत्सवमय वातावरण में सराबोर हो गया। इस अवसर पर बाल योगी बाबा दीनानाथ एवं फिल्म निर्माता अमित जानी ने सभी कवियों को पगड़ी पहनाकर, तलवार भेंट की। कार्यक्रम में स्वामी भगवद प्रिय, अनंत पुरी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, शिवशंकर शर्मा, कमलकांत तिवारी, संजीव शुक्ला, कुलदीप चाहल, वीकेश शर्मा, शेखर चौहान, विकास वर्मा, सजन श्रीमाली, राहुल रुद्र, अमित शुक्ला, भोले सिंह त्यागी, उमेश श्रीमाली, राकेश वार्ष्णेय, शिवम, अभिषेक, गणेश, प्रभाकर शुक्ला, राजीव यादव, सुखवीर यादव आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- नैमिषारण्य तीर्थ पर रामकथा की अमृत वर्षा करते।

## नहीं नजर आया चांद ईद शनिवार को

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** मरकजी रुयते हिलाल कमेटी' की मीटिंग मरकजी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम' में आयोजित की गई। जिसकी सदारत शहर मुफ्ती 'कारी अलाउद्दीन अजमली' ने की। मीटिंग में शहर में आम तरीके से चाँद नजर नहीं आने पर देश के अन्य शहरों से सर्म्पक किया गया लेकिन कहीं से भी चाँद दिखाई देने की कोई सूचना नहीं मिली। कमेटी की बैठक में उलमा-ए-सम्भल' की मौजूदगी में कल 20 मार्च जुमा को 30 वां रोजा और 'ईद उल फित्र 21 मार्च शनिवार को मनाई जाने की घोषणा की गई। मीटिंग में कारी तनजीम अशरफ अजमली, इमामे ईदगाह मौलाना जहीरुल इस्लाम, मौलाना कारी राशिद रिजवी, मुफ्ती इमरान नईमी, मुफ्ती आफताब, मौलाना शरीफ अहमद, मौलाना कारी साजिद, मौलाना मुहम्मद हुसैन, मौलाना शमशाद, कारी इकराम अजमली, कारी शाहिद, कारी सरताज, कारी जाहिद, फरीद अहमद एड, सय्यद अब्दुल कदीर, कारी शुऐब, हाफिज अब्दुल मन्नान अशरफी, मुहम्मद अहमद नौशाही, तकी अशरफ एडवोकेट, जुनैद कादरी' आदि मौजूद रहे।

# सख्ती के बाद भी नहीं रूका अतिक्रमण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर में तेजी से बढ़ी अतिक्रमण की समस्या पुलिस प्रशासन के पूर्व में प्रयासों के बावजूद हल नही हो सकी। आगे आते जा रहे समय में पुलिस प्रशासन और लोगों के लिए सरदर्द बनने जा रही अतिक्रमण की समस्या दूर होती दिखाई नही दे रही है।

अतिक्रमण एक ऐंसा रोग बन गया है जिसे दूर करना शायद पुलिस प्रशासन के बसकी बात नही रह गया है। पूर्व में अतिक्रमण कारियों पर चाबुक चलाया गया लेकिन दो दिन में ही टांय-टांय फिस्स होकर रह गया। नगर के मुख्य बाजार, चौराहों एवं आबादी वाले क्षेत्रों में अतिक्रमण तो वहीं नगर के विभिन्न चौराहों से अलग-अलग नगरों को जाने वाले मार्गो पर भी अतिक्रमण कारियों ने अपना कब्जा हटवाया नही जा सका है। जिससे पूर्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान अब तक फ्लॉप साबित रहा। कुछ दिनों तक अतिक्रमण कारियों की नज़र भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों तक ही सीमित थी। जिसके चलते नगर के मुख्य बाजारों को जाने वाले मार्गो के किनारे एवं चौराहों पर कब्जा किया गया था। कुछ शिकायतों पर पुलिस ने पहले मामूली ध्यान दिया बाद मे अनसुना कर दिया। जिसके चलते अतिक्रमण कारियों के हौंसले पस्त होने के बजाए बुलंद दिखायी दिए। अब फिर अतिक्रमण हटाओं अभियान नही चलने और पुलिस के इस ओर ध्यान देना बंद कर देने के कारण अतिक्रमणकारी नगर के अंदरूनी इलाकों को पीछे छोड़ते हुए ऐसे मार्गो पर भी कब्जे करने शुरू कर रहे हैं जो नगर के मुख्य चौराहों से विभिन्न क्षेत्रों के जाने वाले मार्ग हैं। अतिक्रमणकारियों ने जिन स्थानों पर कब्जे करने शुरू किये है उनमें यशोदा चौराहा, तहसील रोड, शेर खां सराय बाजार दरीबा, मौहल्ला ठेर, चुंगी चौराहा, रायसत्ती, चौधरी सराय व हिन्दूपुरा खेड़ा सहित ठीक कोतवाली के सामने जहां अतिक्रमणकारी वर्षो पूर्व से कब्जा जमाए हुए हैं।खुद कोतवाली के सामने और उसके आसपास देखा जाये तो अतिक्रमण का बुरा हाल है। विगत दिनों पूर्व अधिकारी भी अतिक्रमण पर अपनी गहरी नाराज़गी भी प्रक्रट कर चुके हैं।

# दुर्घटना में घायल बाइक सवार ने दिल्ली अस्पताल में ली आखिरी सांस

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**○ अपाचे बाइक सवार टक्कर मारकर हुआ था फरार**

**सिरसी।** दो बाइक सवारों की टक्कर में गम्भीर घायल व्यक्ति की दिल्ली अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार के विरूद्व मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

हजरत नगर गढ़ी थाना क्षेत्र के कस्बा सिरसी के मौहल्ला सादक सराय निवासी कल्लू राजा का बेटा 46 वषीय सलीम गत सोमवार को अपनी मोटर साईकिल पर सवार होकर मैनाठेर से घर वापस आ रहा था। सम्भल मुरादाबाद मार्ग स्थित बहमन पब्लिक स्कूल के पास विपरीत दिशा से अपाचे बाइक पर सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें सलीम गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे परिजन सम्भल, मुरादाबाद उपचार के लिए ले गए। चिंता जनक हालत होने पर घायल को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। जहां दो दिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर सुनकर परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जबकि मृतक की पत्नी व बच्चों के साथ परिवार के अन्य सदस्यों का रोना बिलखने से कोहराम मच गया। थाना पुलिस ने मृतक के बड़े भाई नसीम की तहरीर के आधार पर दुर्घटना कर भाग गए अपाचे बाइक सवार के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विकास दिव्यांग सेवा ट्रस्ट ने महिलाओं को वितरित किए सूट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विकास दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वावधान में जरूरतमंदों को सूट का वितरण कर ईद की खुशियों को साझा किया। विकास दिव्यांग सेवा समिति ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सूटों का वितरण कर समाज में एकता एवं भाईचारे का एक संदेश दिया।वक्ताओं ने हिंदू एवं मुस्लिम को एकता के साथ त्यौहार को मनाने पर ज़ोर दिया। इस दौरान इसरार मलिक अजीम गाजी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत खलील शाहीन एडवोकेट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी निशा खान शमा परवीन राधा कुमारी शाइस्ता एडवोकेट आदि ने एवं तमाम सैकड़ो महिलाओं को सूट देकर उनका हौसला बढ़ाया।

# मुकददस किताब मुकम्मल होने पर इमाम को दिया स्कूटी का तोहफा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** रमजान के मुकद्दस महीने में कोटला सरायतरीन स्थित बिलाल मस्जिद में 29वीं शब को तरावीह के दौरान मुकददस किताब मुकम्मल होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर मस्जिद के इमाम हाफिज मौहम्मद वसी को मोहल्ले के लोगों तथा युवाओं की ओर से स्कूटी और 45 हजार रुपए का हदिया देकर सम्मानित किया गया। इमाम हाफिज मौहम्मद वसी ने बताया कि वह पिछले करीब ढाई साल से मस्जिद में इमामत की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अल्लाह के फजल से 29 दिनों में मुकददस किताब मुकम्मल करने की तौफीक मिली। उन्होंने सभी मुसलमानों से अपील की कि वे खुद भी कुरान से जुड़ें और अपने बच्चों को भी इसकी तालीम दें, ताकि समाज में नेक और दीनी माहौल कायम हो सके। कार्यक्रम के दौरान मौजूद मस्जिद के मुतवल्ली डा. मौहम्मद मकसूद ने बताया कि यह सम्मान सिर्फ एक तोहफा नहीं, बल्कि इमाम साहब के प्रति मौहल्ले के लोगों का प्यार और जज्बा है। उन्होंने बताया कि इमाम साहब अब तक पैदल ही मस्जिद आते-जाते थे, ऐसे में स्कूटी उनके लिए सहूलियत का जरिया बनेगी। डा. मकसूद ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हर समाज को अपने इमाम और उलेमा की कद्र करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान से न सिर्फ इमाम का हौसला बढ़ता है, बल्कि समाज में एक अच्छा संदेश भी जाता है। कार्यक्रम के अंत में देश और दुनिया में अमन-ओ-अमान की दुआ की गई।



सम्भल- मुकददस किताब मुकम्मल होने पर इमाम साहब को स्कूटी उपहार में देते।


# रोजा इफ्तार से बढ़ता है भाईचारा और मौहब्बत

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**○पूर्व प्रत्याशी साजिद खां के भतीजे के रोजा इफ्तार में जुटी राजनैतिक व समाजिक हस्तियां ○कार्यक्रम में दिया मौहब्बत और सौहार्द का पैगाम**

**सम्भल।** साम्प्रदायिक सद्भाव के प्रतीक पूर्व प्रत्याशी के रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल होकर रोजेदारों ने मौहब्बत का पैगाम दिया।

आंवला विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी से पूर्व प्रत्याशी रहे साजिद खान के भतीजे हननान के रोजा इफ्तार का आयोजन उनके निवास पर गुरूवार को किया गया। जिसमे क्षेत्र के लोगों ने इफ्तार पार्टी शिरकत करते हुए एक साथ बैठकर रोजा इफ्तार किया और शुक्रे खुदा करते हुए एक दूसरे को रमजान की मुबारकबाद पेश की। साजिद खान ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा और प्यार मौहब्बत बढ़ता है। अल्लाह ने हमे रमजान का ऐसा मुबारक महीना अता किया है जो सबको एक साथ रहने और बैठकर लजीज पकवान का लुत्फ उठाने और गिले शिकवे दूर करने का पैगाम देता है। उन्होने कहा कि रोजा इफ्तार कराना जहां बडत्र सवाब है वहीं सामूहिक रोजा इफ्तार से भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है जबकि एक दूसरे की कुशलक्षेम भी पता चल जाती है। इसके अलावा गाहे-बगाहे मिलने वाले लोग एक दूसरे के साथ मिल बैठकर व्यंजनों का लुत्फ लेते हैं। उन्होने रोजा इफ्तार में शामिल होने वाले सभी रजेदारों का आभार जताया और आगे भी सामूहिक रोजा इफ्तार के जरिये इसी तरह सेवा करते रहने का भी संकल्प दोहराया। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन हाजी नुसरत इलाही, पूर्व मंत्री अकीलुर्रहमान खान, बब्बू खान, मौहम्मद कामिल एड., मौ. नईम कुरैशी एड., अकरम पहलवान, मेम्बर एहसान, हाजी आरिफ तुर्की, सय्यद शन अली, नासिर खान, सलमान, गुड्डू चौधरी, मियां असलम खां, गालिब खां, फरजंद अली वारसी, मुजफ्फर हुसैन, मेम्बर मकसूद, मौ. सादिक, मुर्शरफ एड. शाही जामा मस्जिद के सदर जफर अली एड. , हैदर एड., हाजी मौ. फारूक पूर्व संग्रह अमीन, मुताहिर हुसैन, सीरत उरूज, सुहैल चमन, मौलाना मोहम्मद मुकीन, बसपा नेता पुत्र मरगूब हुसैन के अलावा सामाजिक और राजनेतिक हस्तियां शामिल रहीं।



# तरह-तरह से हो रही जल की बर्बादी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**○जल विभाग है बेखबर आमजन भी नहीं जागरूक**

**सम्भल।** जल है तो कल है। जल ही जीवन है इसे सार्थ बनाने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं से लेकर सरकारी एजेसियाॅ जल बचाओ जीवन बचाओ के नारे देकर तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर जागरूक कर रही हें,लेकिन जगह-जगह लगे समरसिबल ओर पानी की टंकियों से पानी व्यर्थ बहता जगह-जगह दिखायी दे रहा है।

कहा ही नहीं जाता बल्कि कटु सत्य है कि जल बिना जीवन नहीं है। इसीलिए जल अमूल्य है। इसकी कद्र उन लोगों से पूछिए जिनके क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है। जिन्हे नहाना तो छोड़िए पीने को भी शुद्व पानी मिलता ही नही है। लेकिन शहर हो या देहात जहां सुबह जल की बर्बादी किसी न किसी तरह से रूक नहीं रही है। इतना ही नहीं जल की बर्बादी को समरसिबल सौने पै सुहागा वाली कहावत को चरित्रार्थ कर रहे है। घर हो या अन्य स्थान समरसिबल को काफी-काफी समय तक यूं ही चलाकर छोड़ दिया जाता है। इतना ही नहीं जगह-जगह लगे वाटर कूलरों की टोंटियाॅ तो कुछ दिन दिखायी देती है,जबकि उसके बाद उनमें से पानी यूं ही बहता रहता है। जलस्तर नीचे पहुंच चुका है, पानी का टीडीएस बड़ चुका है। साफ पानी पीने को नहीं मिल पा रहा है। कहा जाता ही कि साढ़े तीन सौ फिट नीचे का पानी पीने योग्य है। जो पानी हम पी रहे हैं उसमे अशद्वियां है। इसीलिए लोग अपने घरों में आरओ लगवा रहे हैं ताकि पानी साफ मिल सके। कुछ स्थानों पर तो टंकियों में टोंटी तो छोड़िए पुराने नलों एम टंकी फिट कर दी गई हैं जिसमे पानी बंद करने का स्रोत ही नहीं है। टंकी आने से जाने तक पानी की बर्बादी लगातार होती रहती है। यह मात्र एक समस्या नहीं है अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा खतरा है। जब पानी का स्तर अधिक नीचे पहुंच जाएगा तब पीने के पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। ऐसा न हो की आने वाली नस्लों को पीने के पानी को लंबी लंबी लाइनों में लगना पड़ेऔर पानी के लिए झगड़े न हों।

## बेरोजगार युवक युवती किए जायेंगे प्रशिक्षित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के तत्वावधान में संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग योजना के तहत बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

**सम्बंध विच्छेद**

मैने अपने पुत्र शहजाद से उसके समाज विरोधी चाल चलन व आये दिन लड़ाई झगड़ों से तंग आकर अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं और अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब मेरा या मेरे परिवार का शहजाद के किसी भी कार्य से कोई लेना व देना नहीं है। बल्कि शहजाद अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं या मेरा परिवार कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

**मसरूर हुसैन पुत्र अख्तर हुसैन नि. खवास खान सराय तह. व जिला सम्भल।**

# त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी: एसपी सिटी

## ईद के त्यौहार को लेकर एसपी सिटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ईद-उल-फितर के त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह की अध्यक्षता में क्रिसेंट शादी हॉल, ईदगाह रोड पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, शांति समिति के सदस्यों, धर्म गुरुओं तथा नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के वार्डनों ने भाग लिया।बैठक के दौरान एसपी सिटी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन सिविल डिफेंस वार्डनों की ड्यूटी ईदगाह क्षेत्र में लगाई गई है, उनकी उपस्थिति अनिवार्य रहेगी और वह अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ



निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की साझा जिम्मेदारी है और इसमें प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों का सहयोग भी अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर नायब शहर इमाम मुफ्ती सैयद फहद अली ने भी सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखने और शांति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ईद का पर्व प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है, इसलिए सभी लोग मिल-जुलकर इसे मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें।बैठक में सीओ कटघर वरुण कुमार और सीओ कोतवाली सुनीता दहिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मस्जिदों के इमामों, सिविल डिफेंस वार्डनों और गणमान्य नागरिकों के साथ विस्तार से चर्चा करते हुए सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।पुलिस प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा।साथ ही लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।बैठक का मुख्य उद्देश्य सभी समुदायों के बीच समन्वय स्थापित कर त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ संपन्न कराना रहा।

# अनुशासनहीनता पर शिव सेना जिला प्रभारी पद से मनोज कुमार को हटाया गया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिवसेना में अनुशासनहीनता के आरोपों के चलते संगठन ने सख्त कार्रवाई करते हुए मुरादाबाद के जिला प्रभारी मनोज कुमार को उनके पद से हटा दिया है। यह कार्रवाई शिवसेना पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा के आदेश पर की गई।

जारी प्रेस नोट में बताया गया कि मनोज कुमार के खिलाफ पिछले कुछ समय से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। आरोप है कि उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों के प्रति अनुचित व्यवहार किया और नशे की हालत में अपशब्दों का प्रयोग किया। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तथा अन्य पदाधिकारियों की अनुशंसा के आधार पर उन्हें जिला प्रभारी पद से पदमुक्त करने का निर्णय लिया गया।पत्र में मनोज कुमार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह अब पार्टी के किसी भी लेटर पैड, बैनर या वाहन पर अपने पूर्व पद का उल्लेख नहीं करेंगे। साथ ही उन्हें चेतावनी दी गई है कि भविष्य में इस तरह की गतिविधियों से दूर रहें और संगठन के अनुशासन का पालन करें।शिवसेना नेतृत्व ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वह मुरादाबाद में पार्टी के सभी पदाधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर अपनी गलतियों में सुधार करेंगे और संगठन को मजबूत करने में सहयोग करेंगे।यह आदेश 18 मार्च को जारी किया गया, जिसमें संगठनात्मक मर्यादा बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि संगठन में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस कार्रवाई के बाद स्थानीय राजनी. तिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

## एक नजर

### प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर पंचायत भवन में विकास प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित पंचायत भवन में 19 से 26 मार्च तक विशेष विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों को चित्रों और जानकारियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है।प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर विधायक रितेश गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रदेश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन कर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्राप्त करें।प्रदर्शनी में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कानून व्यवस्था, रोजगार, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण से संबंधित योजनाओं को प्रमुखता से दर्शाया गया है। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आगंतुकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है।इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आमजन को सरकार की नीतियों और विकास कार्यों से अवगत कराना है। खासतौर पर छात्रों और युवाओं को प्रेरित करने के लिए इस आयोजन को उपयोगी बताया गया है।प्रशासन ने स्कूल-कॉलेज के छात्रों, शिक्षकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस प्रदर्शनी में पहुंचकर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को देखें और विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल करें।प्रदर्शनी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। यह आयोजन 26 मार्च तक चलेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

### मनोकामना हनुमान मंदिर में नवरात्रि पर हवन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मुरादाबाद।** चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शहर के सिविल लाइन क्षेत्र स्थित रेलवे कॉलोनी के प्राचीन मनोकामना हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगा रहा, जहां लोगों ने मां दुर्गा और हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ हवन का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। हवन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और "जय माता दी" व "जय श्रीराम" के जयकारों से परिसर गूंज उठा।मंदिर में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने नवरात्रि के पहले दिन उपवास रखकर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा भी की और घर-परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।सुरक्षा और व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। स्वयंसेवक भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैनात रहे।नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है और भक्त पूरे उत्साह के साथ मां दुर्गा की आराधना में जुटे हुए हैं।

### रमजान का महीना देता है शांति और इंसानियत का पैगाम

**कांठ( शाह टाइम्स )** रमजान केवल एक महीना नहीं बल्कि रुह की सफाई सब्र की ताकत और इंसानियत की खूबसूरत मिशाल है। उक्त विचार कंवर जहां उर्फ कम्मू ने व्यक्त किऐ बताया कि भारत जैसे विविधता भरे देश में रमजान की रौनक एक साझा संस्कृति की जीवत मिशाल बन जाती है। यहां मस्जिदों में अजान के साथ-साथ मंदिरों की घंटियां गुरुद्वारे की सेवा और चर्च की प्रार्थना मिलकर उसे गंगा जमुना तहजीब को मजबूत करती जो सदियों से इस देश की पहचान रही है। कश्मीर की वादियों में रमजान का रंग और भी सुहाना हो जाता है। हवाओं के बीच सहरी की तैयारी घरों से उड़ती खुशबू और मस्जिदों से इबादत का सुकून सब मिलकर इबादत का माहौल बना देते हैं। उन्होंने बताया कि यहां रमजान सिर्फ रमजान ही नहीं दिलों को जोड़ने का सिलसिला भी है। रमजान शांति और इंसानियत का पैगाम देता है।

# प्रभातफेरी निकलकर मनाया सृष्टि रचना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद द्वारा सृष्टि रचना दिवस (नवसंवत्सर) की खुशी में मुरादाबाद महानगर के मुख्य मार्गों पर प्रभातफेरी निकाल. कर सृष्टि दिवस मनाया गया। आर्य समाज मंडी बांस से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी का प्रारंभ यज्ञरथ पर वैदिक पुरोहित वीरेंद्र आर्य ने ज्ञानेंद्र गांधी की यज्ञमानी में दैनिक यज्ञ प्रक्रिया अपनाकर किया। प्रभात फेरी में सबसे आगे ओ३म् ध्वज वाहक अर्जुन सिंह चले तत्पश्चात महानगर वासियों को नूतन वर्ष की शुभकामना संदेश को प्रदर्शित करतें हुए बैनर घुमाया गया। बैनर के पीछे आर्यवीर दल के आर्यवीर घोष बजाते हुए चल रहे थे जिसमे भारतीय वाद्ययंत्रों का संगीत प्रदर्शित किया गया। आर्यवीरो के घौष के पीछे यज्ञरथ चला जिसका संयोजन यशपाल आर्य कर रहे थे। इस अवसर पर महिलाओं व पुरुषों ने परमपिता परमात्मा की सृष्टि रचना की खुशी में उसकी कृपा से ओतप्रा. ेत भजन गाये गये और महानगरवा. सियों को नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी तथा नवसंवत्सर उत्सव आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर 21व22मार्च को मनाया जाएगा उसमें उपस्थित होने का निमंत्रण कार्यक्रम पत्रक वित. रित करके दिया गया। प्रभातफेरी में नूतन वर्ष के महत्व को भारतीय इतिहास की तिथियों से जोड़ते हुए बताया कि ब्राह्म जी ने आज के ही दिन सृष्टि की रचना की, मर्यादाओं पुरूषोत्तम श्री राम का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक भी इसी दिन हुआ था। महाराज विक्रमादित्य



ने विक्रमी संवत् की स्थापना भी आज ही के दिन की थी। महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों की रक्षा और प्रचार के लिये आर्य समाज की स्थापना भी इसी दिन की थी। अखिल भारत हिन्दू महासभा की स्थापना भी इसी दिन हुई थी। वृक्षों में नवीन कोंपलें मन को प्रफुल्लित करती है। प्रभातफेरी आर्य मंडी बांस से मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, कोतवाली, बाजार गंज, गुरहट्टी, स्टेशन रोड, गुरु गोविंद सिंह चौक, गुलजारी मल की धर्मशाला रोड, बुद्ध बाजार चौक से आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर सम्पन्न हुई।

प्रभातफेरी का जगह जगह स्वागत किया गया। प्रभातफेरी का संचालन मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र गांधी, कपिल मुनि, सूर्य प्रकाश द्विवेदी, लोकेश आर्य , आर्येंद्र आर्य, डा राम मुनि, डा आलोक कुमार, धवल दीक्षित अरविन्द आर्यबंधु मयंक आर्य, निर्मल आर्य राकेश कुमार, मनोज योगगुरु, कुसुम आर्य,प्रीता आर्य, आशा जैमिनी, उमेश आर्य, वीके अग्रवाल, पं लालकिशौर शास्त्री, पूनम शास्त्री, शन्नो गुप्ता, कमलेश गोयल उषा गुप्ता, गायत्री आर्य, दिनेश दीक्षित मथुरा प्रसाद जितेन्द्र सिंह सतीश मदान, अजब सिंह आर्य रविंद्र आर्य प्राज्ञांशु आर्य नवनीत रस्तोगी वेदमुनि राजेश नारंग पी के यादव नरेश यादव, संजय नारंग, अश्वनी दीक्षित निहाल सिंह मनोज रस्तोगी प्रकाश वीर आर्य, डा भागवत सरन सैनी कुलवीर आर्य डा फूलसिंह आदि उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन ने कराया रोजा इफ्तार

## रोजा इफ्तार के दौरान देखने को मिला गंगा जमनी तहजीब का संगम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी की ओर से रोजा इफ्तार का आयोजन किया



गया। इस दौरान बार के सदस्यों ने रोजा इफ्तार कराया और गले मिलकर मुबारकबाद दी।इस मौके पर गंगा जमुनी तहजीब का संगम देखने को मिला।

कचहरी परिसर में एसपी गुप्ता सभा भवन में रोजा इफ्तार पार्टी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहर इमाम सैयद मासूम अली आजाद व शहर इमाम मुफ्ती फहद, सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर, पूर्व सांसद एसटी हसन समेत लोग रोजा इफ्तार कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन में बार सदस्यों ने साथियों को इफ्तार कराया। साथ एक दूसरे को मुबा. रकबाद दी। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता व महासचिव कपिल गुप्ता के अलावा बार कोषाध्यक्ष अजय बंसल, संयुक्त सचिव आवरण अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंजार हुसैन के अतिरिक्त पूर्व बार महासचिव राकेश वशिष्ठ व अभिषेक भटनागर, जितेंद्र खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष आदेश श्रीवास्तव, आसिफ अतीक, नासिर पाशा एडवोकेट अतीक अहमद एडवोकेट आसिफ अतीक, आशकार हुसैन एडवोकेट त्रिलोक चन्द्र दिवाकर, मुकेश वर्मा, विपिन प्रजापति, आदीश कुमार जैन, पारूल जैन, आशु त्यागी, इंतेखाव अली, जुल्फेकार अली राजीव चौधरी, अमान खां, नवाज इंतेजार, आसिफ अतीक, वसीम, फरहद अली, सालिम, अनीस आदि रहे।

# उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चालक/परिचालकों को किया सम्मानित

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम, मुरादाबाद क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को सशक्त बनाने हेतु एक प्रेरणादायक एवं गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने अद्वितीय प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले कुल 07 कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 15 चालक/परिचालकों को डिपो स्तर से सम्मानित किया जाएगा, सम्मान कार्यक्रम में सर्वोच्च डीजल औसत अर्जित करने वाले 05 चालकों एवं सर्वोच्च संचालन प्रतिफल अर्जित करने वाले 02 परिचालकों को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया। यह सम्मान क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अनुराग यादव एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) बी.एल. मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक मुरादाबाद ने कहा कि ऐसे कर्मठ, निष्ठावान एवं समर्पित कार्मिक ही परिवहन निगम की वास्तविक शक्ति हैं, जिनके अथक परिश्रम एवं प्रतिबद्धता से ही निगम निरंतर प्रगति की नई ऊँचाइयों को स्पर्श कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से




नवरात्रि के पावन अवसर पर बिजनौर डिपो की संविदा परिचालक श्रीमती सुनीता द्वारा अर्जित उत्कृष्ट लोडफैक्टर की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण बताया।साथ ही सभी कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे इसी कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण भाव के साथ कार्य करते हुए निगम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अपना सक्रिय योगदान दें।

कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री संजय सैनी, संविदा परिचालक, रामपुर डिपो द्वारा क्षेत्र में सर्वाधिक 7.26 का डीजल औसत अर्जित कर उत्कृष्ट कार्य कुशलता का प्रेरणादायक कीर्तिमान स्थापित किया गया। इन कार्मिकों की उपलब्धियाँ समस्त कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनीं। समारोह में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सम्मानित कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान कीं।


## सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित करता हूं कि मो दानिश पुत्र मुस्तलिब ने अपने मकान स्थित ट्रांसपोर्ट नगर योजना तहसील व जिला मुरादाबाद को बंधक रख लोन हेतु आवेदन किया है जिससे संबंधित प्रथम मूल विक्रय पत्र दिनांक 23/12/2010 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 7827 पेज 267/282 क्रमांक 16339 जो प्यारे सिंह पुत्र जवान सिंह ने नसीम अहमद पुत्र मो आलम के पक्ष में निष्पादित किया था और जिससे संबंधित द्वितीय मूल विक्रय पत्र दिनाक 31/03/2009 वही संख्या 1 जिल्द संख्या 6752 पेज 205/220 क्रमांक 4677 जो मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने प्यारे सिंह पुत्र जवान सिंह के पक्ष में निष्पादित किया था और जिससे संबंधित मूल आवंटन पत्र व कब्जा पत्र वास्तव में कहीं गिरकर कही गुम हो गया है भविष्य में इस कागजात का दुरुपयोग ना हो इसलिए सभी को सूचित किया जा रहा है यदि किसी व्यक्ति , विक्तीय संस्था, बैंक आदि को आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर मेरे समक्ष प्रस्तुत करे।

**राजीव चौधरी एडवोकेट** विधिक सलाहकार उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक चैम्बर नम्बर 88/c कचहरी परिसर मुरादाबाद, मोबाइल नंबर 9219538726

## बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र इमरान व उसकी पत्नी मुस्कान उर्फ रोशन को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**यासीन पुत्र मोहम्मद नूर निवासी नयागांव मऊ कांठ रोड तहसील व जिला मुरादाबाद।**


### विवाह से पहले गुरु जंभेश्वर धाम पहुंचे आईपीएस अंशिका वर्मा व केके बिश्नोई

**चन्दौसी।** प्रदेश के चर्चित आईपीएस अधिकारी अंशिका वर्मा और संभल के पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई जल्द ही विवाह बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों की शादी का कार्ड इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विवाह से पूर्व दोनों अधिकारी मुरादाबाद के लोदीपुर बिशनपुर में आयोजित गुरु जंभेश्वर की स्मृति में लगने वाले चौत्र अमावस्या मेले में पहुंचे। यह मेला बिश्नोई समाज के लिए विशेष आस्था का केंद्र है, जहां देशभर से श्रद्धालु पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं। इस दौरान अंशिका वर्मा और के. के. बिश्नोई ने विधि-विधान से पूजा की और हवन में भाग लिया। साथ ही उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं जीवों की रक्षा का संकल्प लिया। दोनों अधिकारियों ने बिश्नोई समाज के संतों को अपनी शादी में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। उनका विवाह समारोह राजस्थान के बाड़मेर में आयोजित किया जाएगा।

# मार्च में होगा वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विद्या मंदिर क्लासेज (VMC), जो जेईई (मेन व एडवांस) और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश का प्रमुख कोचिंग संस्थान




है, अपने फ्लैगशिप नेशनल एडमिशन टेस्ट (NAT) का आयोजन 21, 22, 28 और 29 मार्च को करने जा रहा है। यह स्कॉलरशिप-कम-एडमिशन टेस्ट देशभर के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने और उन्हें बेहतर शैक्षिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। यह परीक्षा कक्षा 6वीं से 12वीं में जाने वाले छात्रों के लिए है, जिसके माध्यम से उन्हें टडब के विभिन्न क्लासरूम और ऑनलाइन प्रोग्राम्स में प्रवेश के साथ-साथ 100% तक की स्कॉलरशिप प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इस टेस्ट के जरिए छात्र जेईई, नीट, ओलंपियाड और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में मजबूत आधार बना सकते हैं। चयनित छात्रों को मेंटॉरशिप और मोटिवेशनल सेशंस, नि:शुल्क डाउट रिजॉल्यूशन, नजदीकी वीएमसी केंद्र पर अकादमिक सहयोग, वैज्ञानिक तरीके से तैयार ई-स्टडी मैटेरियल और असीमित मॉक टेस्ट जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। वीएमसी के सह-संस्थापक बृज मोहन के अनुसार, संस्थान की शिक्षण पद्धति छात्रों की जरूरतों को समझते हुए तैयार की गई है, जिससे वे राष्ट्रीय और अंत. रराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। अधिक जानकारी और रजिस्ट्रेशन के लिए www-vidyamandir-com पर विजिट किया जा सकता है।

# टिमिट में एलुमनाई टॉक सीरीज के अंतर्गत गेस्ट लेक्चर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टिमिट में एलुमनाई टॉक का भव्य एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया, जिसका विषय "हाउ टू स्टार्ट ए बिजनेस विद ए जॉब एंड परफॉर्मिंग अंडर प्रेशर विद द हेल्प ऑफ एस्ट्रोलॉजी रहा। इस अवसर पर संस्थान के प्रतिष्ठित पूर्व छात्र डॉ सुधीर अवस्थी (मैनेजींग डॉयरेक्टर एंड सीईओ, असैपियन होटल्स एंड रिसॉर्ट्स) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक समझाया कि किस प्रकार नौकरी के साथ-साथ एक सफल व्यवसाय की शुरुआत की जा सकती है, साथ ही समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण, जोखिम उठाने की क्षमता, आत्मविश्वास एवं निरंतर सीखने की प्रवृत्ति को सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में दबाव के बीच कार्य करना एक महत्वपूर्ण कौशल है, जिसे सकारात्मक सोच, आत्मअनुशासन और मानसिक संतुलन के माध्यम से




विकसित किया जा सकता है, तथा ज्योतिष के माध्यम से आत्मविश्लेषण कर सही निर्णय लेने में भी सहायता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में एमबीए सहित सभी प्रबंधन छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और पूरे सत्र के दौरान गहन रुचि दिखाई। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने अपने प्रभावशाली एवं ऊर्जावान वक्तव्य में कहा कि आज का समय युवाओं के लिए असीम संभावनाओं का युग है, जहाँ उन्हें केवल नौकरी करने तक सीमित न रहकर नवाचार, उद्यमिता और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हुए "जॉब क्रिएटर" बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना ही वास्तविक सफलता का मार्ग है, तथा मल्टी-स्किलिंग, इनोवेटिव थिंकिंग और सकारात्मक दृष्टिकोण ही उन्हें भविष्य में प्रतिस्पर्धी बनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि टिमिट सदैव ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान और उद्योग जगत के अनुभवों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का सफल संचालन एमबीए के शिक्षकों द्वारा किया गया तथा अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं भविष्य के लिए मार्गदर्शक बताया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत दलपतपुर विकास खण्ड मूढ़ापांडे (मुरादाबाद)।

### बाजार हॉट के नीलामी की सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दलतपुर विकास खण्ड मूढ़ापांडे में लगने वाली साप्ताहिक बाजार (मंगलवार) की नीलामी दिनांक 25.03.2026 (दिन बुधवार) को दिन के 11.00 बजे पंचायत भवन दलपतपुर में प्रधान श्रीमति नाजुक जहां की अध्यक्षता में ग्राम सभा की खुली बैठक में की जायेगी। आप सभी बैठक में भाग लेकर बोली बोलने का कष्ट करें। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यह नीलामी वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक (01.04.2026 से 31.03.2026) तक के लिये होगी।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत दलपतपुर**
**विकास खण्ड मूढ़ापांडे**
**(मुरादाबाद)**

**(नाजुक जहां) ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत दलपतपुर**
**विकास खण्ड मूढ़ापांडे**
**(मुरादाबाद)**

# हिन्दू नववर्ष पर हर्षोल्लास के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा



**ठाकुरद्वारा।** बुधवार को गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हिंदू नव वर्ष विक्रम 2083 आर्य समाज स्थापना दिवस पर बुध बाजार आर्य समाज से निकल गई। वार्षिक शोभा यात्रा का ध्वजारोहण कर शुभारंभ ठाकुर अजय प्रताप सिंह एवं मंत्री संजीव सिंघल ने किया। शोभा यात्रा में विद्यालय के बच्चों ने महर्षि दयानंद वीर विक्रमादित्य स्वामी विवेकानंद , झांसी की रानी भारत माता, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम योगेश्वर श्री कृष्ण एवं यज्ञ करते सुंदर झांकियां का प्रस्तुतीकरण किया।

कार्यक्रम में गुलाब सिंह वर्मा ,इंदुकांत आर्य ,अनिल चौहान, संजय शर्मा , प्रदीप कुमार ,राकेश चंद्र ,धर्मेंद्र पाल ,अशोक कुमार, रामस्वरूप, कैलाश चंद, मोहित सिंघल, कुशाग्र सिंघल, विनीत पुष्पद, सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह , संजीव गुप्ता ,अर्जुन चौहान, कमलेश कुमार, उमेश गुप्ता, धर्मेंद्र जाटव , सत्य प्रकाश गुप्ता, आशुतोष अग्रवाल, सुधीर नायक ,विमल कुमार,लकी चौहान, गौरव चौहान अनमोल गुप्ता ,अंशुल अग्रवाल ,मोहित अग्रवाल ,कृष्ण कुमार अग्रवाल आदि ने अनेक स्थान पर पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया आज का यज्ञ पंडित ललित प्रसाद शास्त्री ने संपन्न कराया तथा हिंदू नव वर्ष का महत्व बताया । शोभा यात्रा के साथ प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार वरिष्ठ निरीक्षक विजेंद्र सिंह यादव कस्बा इंचार्ज रजत चौधरी ओमपाल सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# ट्रैक्टर सौदे में धोखाधड़ी, धमकी के आरोप में दो पर मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** ट्रैक्टर की खरीद-फरोख्त के एक मामले में धोखाधड़ी और धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित के अनुसार, उसने 6 अक्टूबर 2024 को ट्रैक्टर पंकज पुत्र पूरन सिंह निवासी बघेलावाला, थाना काशीपुर, जनपद ऊधमसिंह नगर से 4.50 लाख रुपये में खरीदा था। आरोप है कि सौदे के समय विक्रेता ने विधिवत सेल लेटर पर हस्ताक्षर कर ट्रैक्टर सौंप दिया था और पूरी रकम गवाहों के सामने नकद अदा की गई, जिसका वीडियो और फोटो साक्ष्य भी मौजूद हैं। हालांकि बाद में पता चला कि ट्रैक्टर पर पहले से ऋण बकाया था। विक्रेता ने एक वर्ष के भीतर ऋण चुकाकर ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन पीड़ित के नाम कराने और अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) देने का आश्वासन दिया था। लेकिन तय समय बीत जाने के बावजूद न तो ऋण चुकाया गया और न ही एनओसी उपलब्ध कराई गई। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी पंकज कुमार ने वसूली एजेंट मेहराज खान के साथ मिलकर साजिश रची और अब ट्रैक्टर को जबरन वापस ले जाने की धमकी दे रहे हैं। विरोध करने पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने भाई नसीम उर्फ नद्दू व उसकी पत्नी श्रीमती जैनब को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
मौहम्मद कसीम, वसीम पुत्रगण स्व. श्री बाबू, श्रीमती नाजमीन पुत्री स्व. बाबू पत्नी सद्दाम निवासीगण मौहल्ला गुलाबबाड़ी, कस्बा व थाना भोजपुर, तहसील व जिला मुरादाबाद व श्रीमती आसमीन पुत्री स्व. श्री बाबू पत्नी जाकिर निवासी ग्राम थांवला, थाना व तह. बिलारी, मुरादाबाद।

**आवश्यकता है**
**लोकमणि मैमोरियल (पी.जी.) कालेज**
(सम्बद्ध गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद)
लोकमणि मैमोरियल पी.जी. कालेज कादराबाद खुर्द, स्योहारा (बिजनौर)
यू.जी.सी. अर्हताधारी शिक्षकों की आवश्यकता है- बी.एड., डी.एल.एड., हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, इतिहास, राजनीति-विज्ञान, वाणिज्य, बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी. एस-सी. कम्प्यूटर साइंस, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, औद्योगिक रसायन, भौतिक विज्ञान, माइक्रोबॉयलाजी, गृह विज्ञान।
वेतन यू.जी.सी. मानकानुसार
**आवेदन की अन्तिम तिथि 31 मार्च 2026**
सम्पर्क सूत्र- डॉ. ए.के. मिश्र
**9412449270, 9368126005**
ईमेल- lokmanipgcollege733@gmail.com
arunkumarmishra870@gmail.com

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय उपजिलाधिकारी, ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**
**वाद संख्या :**-टी2026135 405000127/2026
**तारीख पेशी:** 23.03.2026
**हरपाल सिंह आदि बनाम नन्द किशोर आदि।**
1. हरपाल सिंह पुत्र शोभा सिंह, 2. सुरेन्द्र सिंह पुत्र डालचन्द्र निवासीगण भायपुर तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**
**बनाम**
1. नन्द किशोर पुत्र डालचन्द्र, 2. तुंगल सिंह पुत्र शोभा सिंह, 3. श्रीमति सरोजवाला पत्नी संजीव कुमार, 4. करन सिंह, 5. चन्द्रपाल सिंह, 6. प्रमोद कुमार, 7. रमेश, 8. राज कुमार, 9. श्रवण कुमार पुत्रगण श्री हरसुख सिंह, 10 चमेली देवी पत्नी हरसुख सिंह निवासीगण भायपुर तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद **प्रतिवादी गण।** हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत सिविल प्रक्रिया संहिता आदेश 21 (नियम 11) के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 23 माह 03 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 19 के माह 03 सन् 2026 को जारी किया है।
**न्यायालय**
**उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा**
**जनपद-मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय श्रीमान अपर लघुवाद न्यायाधीश महोदय, मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा:** 105 सन् 2024
**तारीख पेशी:** 24.03.2026
बाबू सैनी पुत्र चुन्नी सैनी निवासी खुशहालपुर थाना छजलैट तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. राजेश्वरी पत्नी ऋषिपाल निवासी कुरी रवाना तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद, 2. वीर सिंह पुत्र कल्लू सिंह निवासी शाहपुर तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद, 3. अनूप कुमार पुत्र रामकिशन निवासी ठाट तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद, 4. नेतराम पुत्र मंगली निवासी हरकिशनपुर तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद-प्रतिवादीगण। हरगाह वादी ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 24 माह 03 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 19 के माह 03 सन् 2026 को जारी किया है।
**न्यायालय**
**अपर लघुवाद न्यायाधीश**
**जनपद-मुरादाबाद।**

# प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है: वीर सिंह

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरुवार को विकासखंड ठाकुरद्वारा सभागार में "संकल्प से सिद्धि, सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि" विषयक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल, जिला पंचायत सदस्य दिनेश कुमार प्रजापति, मंडल महामंत्री शरद बिश्नोई, प्रधान संघ अध्यक्ष वीर सिंह 'वीरू' सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) योगेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित विभिन्न



विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं योजनाओं से संबंधित लाभ भी वितरित किए गए। इस दौरान वक्ताओं ने सरकार के नौ वर्षों में किए गए विकास कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बुनियादी ढांचे, सुरक्षा व्यवस्था, ग्रामीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी संपन्न कराई गई, जो आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा आवास योजना के तहत लाभार्थियों को चाबी वितरण, विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरण जैसे कार्य भी किए गए। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग भी उपस्थित रहे और योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हुए।

# कृषि विज्ञान केंद्र तथा ग्राम फैजुल्लागंज में भूमि सुपोषण एवं संरक्षण हेतु राष्ट्र स्तरीय जन अभियान आयोजित

**ठाकुरद्वारा।** भूमि सुपोषण एवं संरक्षण हेतु राष्ट्र स्तरीय जन अभियान के अंतर्गत आज कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा ग्राम फैजुल्लागंज में एक जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मिट्टी की घटती उर्वरता को बहाल करना, रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग को कम करना तथा गौ-आधारित एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देना है। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. रवींद्र कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि धरती माँ की सुपोषण एवं संरक्षण से ही सतत कृषि संभव है। उन्होंने मिट्टी परीक्षण की महत्वपूर्णता, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन तथा जैविक खादों के उपयोग पर जोर दिया। उद्यान विज्ञान विशेषज्ञ शिवशंकर वर्मा ने फल-सब्जी फसलों में जैविक विधियों के लाभ बताए, जबकि सस्य वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने दलहनी एवं अन्य फसलों में मृदा स्वास्थ्य सुधारने की वैज्ञानिक तकनीकों पर प्रकाश डाला। किसानों ने अपनी मिट्टी संबंधी समस्याओं पर चर्चा की तथा वैज्ञानिकों से व्यावहारिक सुझाव प्राप्त किए। कार्यक्रम के दौरान भूमि पूजन भी किया गया, जिसमें किसान अपने खेतों से मिट्टी लेकर आये तथा सभी ने धरती माँ की रक्षा की शपथ ली। डॉ. रवींद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से अक्षय तृतीया (19 अप्रैल) तक चलेगा, उन्होंने किसानों से अपील की कि वे गोबर-गोमूत्र आधारित खाद, हरी खाद तथा कम्पोस्ट का अधिक से अधिक उपयोग करें ताकि मिट्टी स्वस्थ रहे और फसल उत्पादन बढ़े। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वैज्ञानिक मार्गदर्शन से उनकी खेती लागत कम होगी और उत्पादकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में धर्मपाल सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, सतीश, प्रमोद, भारती देवी आदि 20 किसानों ने सक्रिय भागीदारी की। भूमी पूजन का कार्यक्रम केंद्र पर भी किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के कर्मचारी पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह व संदीप कुमार ने सहयोग किया।



**उत्तर रेलवे**
**शुद्धि पत्र**
नीचे दी गयी निविदा दिनांक 07.04.2026 को खोली जानी है। GCC Corriendum Slip 11 के अनुसार EMD राशि, PG व अन्य शर्तो मे भी परिवर्तन किया गया है उसके लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in संगलग्न Tender Document पर देखें। निविदा की अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

| SN | Tender No. | Name of work | Tender Open Date | Open EMD Amount | New EMD Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 325-DRM-MB-25-26 | Improvement of Water supply arrangement at Chandausi, Raja Ka Sahaspur, Babrala, Rajghat Aonla. | 07.04.2026 | 290900.00 | 563700.00 |
| 2 | 318-DRM-MB-25-26 | Renewal of 63 Nos Turnouts(3 No(s) 1 in 12 FS+CS+CMSC; 7 Nos 1 in 12 CS+CMSC; 31 Nos 1 in 8.5 CS+CMSC; 01 No Diamond Xing single slip and 21 nos Trap)and other associated works and Deep screening work, removal of muck and other associated works in connection with Improvement of MB, CH, SSKA, MCV, KD, RJK, JRJ, GTF, SHTS, AFR, DUB, KEG, AO, BJ, DN, BTG, RGB, AUR yards under Sr. DEN/HQ/MB. | 07.04.2026 | 321800.00 | 687300.00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 935/26

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 07/वरिष्ठ मं.वि. अभि./सा./मुरा. /2026: CONCOR GCT के अंतर्गत पथरी में सार्वजनिक यातायात सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विद्युत कार्य। | 10121737.66 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद | 200600.00 | 12 (बारह माह) | निविदाएँ दिनांक 08.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जाएंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद |

सूचना संख्या: 08/2025 दिनांक: 17.03.2026 923/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 327-DRM-MB-25-26 18.03.2026 | 329-DRM-MB-25-26 18.03.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based Rail Gauge Face Lubricator (Electronic Type) - 47 nos in the jurisdiction of Sr.DEN/I/MB. | Construction of crew and guard lobby with attached male & female toilet / washroom, crew waiting hall, CLI counselling room, Simulator room, CCC room, SNC room and store room at HW station |
| निविदा का प्रकार | Service | Works |
| निविदा की कीमत | 10,000.00 | Nil |
| अनुमानित लागत | 7,55,76,813.10 | 1,21,23,436.67 |
| धरोहर राशि | 5,27,900.00 | 2,42,500.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16.04.2026 16:00 | 16.04.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.04.2026 | 02.04.2026 |
| आफर की वैधता | 90 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 Months | 06 Months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 18.03.2026 940/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चैत्र नवरात्र का शुभारंभ, मां शैलपुत्री की पूजा से गूंजे मंदिर

**ठाकुरद्वारा।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व की शुरुआत गुरुवार को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं आराधना से हुई। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं और पूरा वातावरण भक्ति व श्रद्धा से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां शैलपुत्री की पूजा की और परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिरों में दिनभर जय माता दी के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। नगर के प्रमुख मंदिरों-सनातन धर्म हिन्दू इंटर कॉलेज के निकट स्थित दुर्गा मंदिर, श्री शिव धाम पंचशील मंदिर पिपल टोला, होली चौराहा स्थित शिव मंदिर, कैनाल कॉलोनी शिव मंदिर, वैश्य समाज गली स्थित दुर्गा मंदिर, जाटवान मोहल्ला का दुर्गा मंदिर, 84 घंटा मंदिर और कायस्थान मंदिर सहित रामनगर खागूवाला, मैसूवाला, मानवाला, रूपपुर टंडौला, पृथ्वीपुर गांवड़ी, गोपीवाला, पीलकपुर गुमानी, कालाझांडा, कमालपुरी खालसा, कुंआखेड़ा, पानूवाला, राजीपुर, शरीफनगर, भायपुर अन्य सभी ग्रामों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना की। ढोल-नगाड़ों और भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। धार्मिक आस्था के इस पावन अवसर पर सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान रखा गया।

जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्वक दर्शन कर सके। नवरात्र के पहले ही दिन उमड़ी आस्था की भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि पूरे नौ दिनों तक नगर में भक्तिमय माहौल बना रहेगा।

## एक नजर

# चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन, लालबाग प्राचीन श्री काली माता मंदिर पर पूजा अर्चना करने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मुरादाबाद।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार को शहर भर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिला। घरों से लेकर मंदिरों तक भक्तों ने विधि-विधान के साथ घट स्थापना (कलश स्थापना) कर मां दुर्गा की आराधना शुरू की। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई, जिन्हें शक्ति, स्थिरता और साहस का प्रतीक माना जाता है।सुबह से ही शहर के प्रमुख मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। लालबाग स्थित प्राचीन श्री काली माता मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। मंदिर परिसर में "जय माता दी" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। भक्तों ने माता रानी के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।नवरात्रि के पहले दिन लोगों ने अपने घरों में भी विशेष पूजा-अर्चना की। विधि-विधान से कलश स्थापित कर अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई और नौ दिनों तक व्रत रखने का संकल्प लिया गया। महिलाओं और युवतियों में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने पूरे श्रद्धाभाव के साथ मां दुर्गा की आराधना की।मंदिरों में सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन भी सतर्क नजर आया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, चौत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। प्रथम दिन मां शैलपुत्री की उपासना से जीवन में ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है।शहर में नवरात्रि के आरंभ के साथ ही धार्मिक आयोजनों की भी शुरुआत हो गई है, जो पूरे नौ दिनों तक जारी रहेंगे। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर मां दुर्गा की कृपा प्राप्त करने में जुटे हैं।

# नगरपालिकाध्यक्ष ने किया ईदगाहों को निरीक्षण, साफ सफाई के निर्देश

**ठाकुरद्वारा।** ईद उल फितर की नमाज को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ने नगर में स्थित ईदगाह का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अध्यक्ष मौ0 इरफान सैफी ने गुरूवार को नगर का निरीक्षण करते हुए ईदगाह पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और चूना डालने के साथ नमाजियों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ईदगाहो पर निर्धारित समय पर ही नमाज अदा की जाएगी तथा नमाज में देश और कौम की तरक्की के लिए दुआ की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग सामूहिक रूप से नमाज पढ़ कर अनुशासन का पालन करें। नमाज आत्मिक शुद्धि के बाद मिलने वाली खुशी और अल्लाह की बंदगी का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर आबिद चौधरी और सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।



# भोजपुर में पुलिस टीम पर हमला, तीन गिरफ्तार

**भोजपुर, मुरादाबाद:** गुरुवार को थाना भोजपुर पुलिस ने ग्राम प्रधान सेहल में आयी जांच टीम के कार्य में बाधा डालने और पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान भुवनेश कुमार शर्मा, पवन कुमार पाण्डे और ध्रुव कुमार शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने समाज कल्याण टीम की जांच को लेकर आपस में गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों से एक दूसरे पर हमला किया, जिससे दोनों पक्षों के लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। गुरुवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने तीनों आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# एलाइड हेल्थ एंड फोरेंसिक इन्वेस्टिगेशन पर टीएमयू में होगी दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज की ओर से एलाइड हेल्थ एंड फोरेंसिक इन्वेस्टिगेशन-2026 पर दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का टीएमयू के ऑडी में 27 मार्च को शंखनाद होगा। कॉन्फ्रेंस में जाने-माने नेशनल और इंटरनेशनल स्पीकर- उत्तराखंड सरकार में चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अजय आर्य बतौर मुख्य अतिथि,जबकि एसआईएफएस- इंडिया के संस्थापक एवम् सीईओ डॉ. रणजीत सिंह बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर और यूनिवर्सिटी ऑफ द फिलीपींस- मनीला में कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज की डीन डॉ. टेरेसा गुआजोन डी गुजमैन बतौर इंटरनेशनल स्पीकर व्याख्यान देंगे। इसके अलावा यूनिवर्सिटी ऑफ अर्कांसस ऑफ मेडिकल साइंसेज के पोस्टडॉक्टरल फेलो डॉ. अमोद शर्मा, एमिटी यूनिवर्सिटी- दुबई के प्रोफेसर डॉ. नृशांत सिंह, फोरेंसिक प्रयोगशाला- मुरादाबाद के उप निदेशक डॉ. कपिल, तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी, सीआरआई- गाजियाबाद के वरिष्ठ निदेशक डॉ. दिलीप कुमार, आरआईएमटी- पंजाब के प्रोफेसर डॉ. ओपी जासूजा आदि भी शिरकत करेंगे। टीएमयू की ओर से वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन भी मौजूद रहेंगे। कॉन्फ्रेंस के चेयरपर्सन एवम् कॉलेज ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया, कॉन्फ्रेंस में 13 कीनोट लेक्चर, 100 साइंटिफिक पेपर्स और पोस्टर प्रेजेंटेशन, पैनल डिस्कशन और यूनिवर्सिटी/ इंस्टीट्यूशन के जाने-माने एक्सपर्ट और स्कॉलर्स के इंटरैक्टिव सेशन होंगे। उन्होंनें उम्मीद जताई, यह कॉन्फ्रेंस पार्टिसिपेंट्स को अपनी रिसर्च फाइंडिंग्स शेयर करने, आइडिया एक्सचेंज करने और एकेडमिक कोलेबोरेशन को बढ़ावा देने के लिए एक उम्दा प्लेटफॉर्म साबित होगा। ब्लेंडेड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इंस्टीट्यूशन के रिसर्चर, एकेडेमिक्स, हेल्थकेयर प्रोफेशनल और स्टूडेंट्स मेडिकल इमेजिंग, रेडियोलॉजी, मेडिकल लैब टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री और फोरेंसिक साइंस के फील्ड में हाल की तरक्की और इन्नोवेशन पर गहनता से मंथन करेंगे। युवा रिसर्चर और स्टूडेंट्स मौखिक और पोस्टर प्रस्तुति के जरिए अपना नजरिया पेश करेंगे।




यह कॉन्फ्रेंस हेल्थकेयर सेक्टर में सीखने, नेटवर्किंग और इन्नोवेशन को बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पंत 'उत्साहित' तेंदुलकर जूनियर के बैट के वजन से इम्प्रेस हुए

**लखनऊ, वार्ता।** अर्जुन तेंदुलकर अपनी शादी के बाद आईपीएल के लिए अभ्यास करने मैदान में उतर आए हैं। अर्जुन अपनी नई आईपीएल टीम, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के साथ मैदान में उतरे हैं, और उन्होंने अपने नए कप्तान )षभ पंत को दो मामलों में पहले ही इम्प्रेस कर दिया है। पहला, अपने बैट के वजन के लिए – जितना उनके पिता सचिन इस्तेमाल करते थे, उतना भारी नहीं, लेकिन फिर भी भारी है – और दूसरा, मार्च की शुरुआत में अपनी बहुत चर्चित शादी के तुरंत बाद ट्रेनिग शुरू करने के लिए। अब तेंदुलकर जूनियर और पंत दोनों अपने नए खिलाड़ी से कुछ बड़ा प्रदर्शन देखना चाहेंगे, जिसने मुंबई इंडियंस के साथ दो आईपीएल सीजन में सिर्फ पांच मैच खेले हैं और कुछ खास नहीं किया है।

### अल्काराज ने कंगारु का टैटू बनवाया

**मियामी, वार्ता।** हर बड़े चैंपियन के अपने रिचुअल होते हैं, लेकिन कार्लोस अल्काराज ने शायद एक बार फिर लेवल बढ़ा दिया है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद अपनी बात पर कायम रहते हुए, स्पेन के इस खिलाड़ी ने मेलबर्न में अपनी जीत को सिर्फ यादों में ही नहीं रहने दिया। इसके बजाय, 22 साल के इस खिलाड़ी ने इसे आर्ट में बदल दिया, अपने निचले बाएं पैर पर एक नया टैटू बनवाया: एक कंगारू नॉर्मन ब्रूक्स चैलेंज कप पकड़े हुए, 0जसके फ्रेम में ऑस्ट्रेलिया की एक साफ आउटलाइन है। यह एक ऐसा डिजाइन है जिसका अल्काराज ने पहली बार फरवरी में नोवाक जो. कोविच के खिलाफ मेलबर्न में अपनी आखिरी जीत के बाद इशारा किया था, जब वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले इतिहास के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे।

# डीसी ने आईपीएल-2026 के लिए नई जर्सी लॉन्च की




● **जर्सी का डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह पिप्रेजेंट करती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 बस आने ही वाला है, जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की को-ओन्ड दिल्ली कैपिटल्स ने गुरुवार को नए सीजन के लिए अपनी ऑफिशियल जर्सी लॉन्च की।

इसका डिजाइन उस खतरनाक टाइगर स्पिरिट से इंस्पायर्ड है जो टीम और उस शहर दोनों को दिखाता है जिसे वह रिप्रेजेंट करती है। कैंपेन फिल्म में पुरुष और महिला दोनों टीमों के कैप्टन, अक्षर पटेल और जेमिमा रोड्रिग्स, अपनी तरह के पहले जर्सी लॉन्च में एक साथ हैं, जिसमें दोनों टीमें एक साथ दिख रही हैं। यह एक शेयर्ड आइडेंटिटी को दिखाता है और दिल्ली कैपिटल्स की दोनों टीमों के बीच बढ़ते तालमेल को सेलिब्रेट करता है।

नई जर्सी के लॉन्च पर बात करते हुए, दिल्ली कैपिटल्स के सीईओ, सुनील गुप्ता ने कहा, ष्यह जर्सी हमारे शहर, पहचान और मैदान पर हमारे निडर माइंडसेट का जश्न मनाती है। आईपीएल जर्सी लॉन्च कैंपेन में पहली बार, हमें अपनी महिला टीम की कप्तान, जेमिमा रोड्रिग्स को भी शामिल करते हुए गर्व हो रहा है, क्योंकि यह टीमों में एक जैसा दिल्ली कैपिटल्स कल्चर बनाने के हमारे कमिटमेंट को दिखाता है। नीले और लाल रंग में हमारे टाइगर्स तैयार हैं, और हम आगे एक रोमांचक सीजन की उम्मीद कर रहे हैं।

# ब्रंट पारिवारिक कारणों से लौटीं घर




● **इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट के प्रिटोरिया में टीम में वापस शामिल होने की उम्मीद नहीं है, जहां वह आने वाले इंटरनेशनल सीजन की तैयारी कर रहे 30 खिलाड़ियों में से एक थीं। बाकी ग्रुप इस महीने के आखिर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगा, और जून और जुलाई में होने वाले घरेलू टी20 वर्ल्ड कप से पहले खिलाड़ियों के सिलेक्शन के लिए दबाव बनाने के लिए पांच इंट्रा-स्क्वाड मैचों की सीरीज खेलेगा।

यह ट्रिप असल में यूएई के लिए प्लान की गई थी, लेकिन इलाके में चल रहे झगड़े की वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया। साइवर-ब्रंट पहले ट्रायल मैच में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने 24 गेंदों में 41 रन बनाकर टीम ब्रिटिन को टीम के दूसरे आधे हिस्से के खिलाफ नौ विकेट से जीत दिलाई, जिसे पूरे टूर के दौरान टीम हेहो फ्लिट के नाम से जाना जाता था। माया बाउचियर ने 40 गेंदों में 47 रन बनाए, जब साथी ओपनर सोफिया डंकले 12 रन पर डैनी गिब्सन द्वारा रन आउट हो गईं, जो पिछले हफ्ते की हंड्रेड नीलामी में सबसे बड़े विजेताओं में से एक थीं, जहां उन्हें सनराइजर्स लीड्स ने 190,000 पाउंड में खरीदा था।

टीम ब्रिटिन 20 ओवर में 110 रन के टारगेट का पीछा कर रही थी, जब इस्सी वोंग ने 18 रन देकर तीन विकेट लिए। लेफ्ट-आर्म स्पिनर लिसी स्मिथ और सीमर लॉरेन बेल ने दो-दो विकेट लिए। टीम ब्रिटिन ने आठ ओवर बाकी रहते अपना टारगेट हासिल कर लिया। इंग्लैंड की महिला टीम मई में दो व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी, जिसके बाद वर्ल्ड कप से पहले भारत के खिलाफ तीन टी-20 मैच होंगे।

### विनय ने अर्जुनवीर के खिलाफ प्लेऑफ में जीता खिताब

**गुरुग्राम, वार्ता।** दिल्ली के विनय कुमार यादव ने गुरुग्राम के गोल्डन ग्रीन्स गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले गए 25 लाख रुपये के डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई नेक्सजेन 2026 में चंडीगढ़ के 15 साल के अर्जुनवीर शिशिर के खिलाफ प्लेऑफ में जीत हासिल कर अपना पहला खिताब जीता। तीस साल के विनय कुमार यादव (72-70-71), जो रात भर चौथे नंबर पर थे और लीड से तीन शॉट पीछे थे, ने तीसरे राउंड में एक-अंडर 71 का कार्ड बनाया और रेगुलर 54 होल के आखिर में टीनएजर अर्जुनवीर शिशिर (71-70-72) के साथ कुल तीन-अंडर 213 के स्कोर के साथ लीडरबोर्ड में टॉप पर रहे। पंद्रह साल के रूकी अर्जुनवीर, जो फील्ड में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी थे।

# आईटीटीएफ ने 2027 में युगल विश्व कप शुरू करने की घोषणा की

● **यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया**

**बीजिंग, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने 2027 में आईटीटीएफ युगल विश्व कप शुरू करने की गुरुवार को घोषणा की। इस टूर्नामेंट में पुरुषों, महिलाओं और मिश्रित युगल स्पर्धाओं का एक साथ आयोजन किया जाएगा।

आईटीटीएफ का पुरुषों और महिलाओं का विश्व कप एकल स्पर्धा के साथ ही अब आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप भी होगा। आईटीटीएफ की इस घोषणा के साथ ही यह माना जा रहा है कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक टेबल टेनिस के युगल मुकाबले खेले जाएंगे। उनका यह कदम ओलंपिक की तैयारियों को मजबूत करने और युगल स्पर्धाओं को बढ़ावा देने के लिए उठाया गया है। लॉस एंजे. लिस में, पुरुषों और महिलाओं की युगल स्पर्धा एथेंस 2004 के बाद पहली बार ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी करेंगी।


आईटीटीएफ की अध्यक्ष पेट्रा सोरलिग ने कहा कि युगल स्पर्धाएं ओलंपिक खेलों में वापसी कर रहे हैं और आईटीटीएफ युगल विश्व कप के जरिए हम इस मौके का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम दुनिया के बेहतरीन युगल खिलाड़ियों को वह विश्वकप मंच दे रहे हैं जिसके वे हकदार हैं और लॉस एंजेलिस तक पहुंचने का रास्ता बना रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पुरुषों और महिलाओं का विश्वकप 2024 में वापस आया।

# आयुष, तन्वी व खरब ऑरलियन्स मास्टर्स के अगले दौर में

● **आयुष शेट्टी ने किरण जॉर्ज को, अनमोल खरब ने तुर्की की अरिन को हराया**








**फ्रांस, वार्ता।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों आयुष शेट्टी, तन्वी शर्मा और अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर ऑरलियन्स मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है।

पैलेस डेस स्पोर्ट्स में बुधवार को खेले गए एकल मुकाबले में भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने हम वतन किरण जॉर्ज को हराया। वहीं महिला एकल के मुकाबले में अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को हरा कर तथा तन्वी शर्मा ने दूसरी वरीयता प्राप्त सुपानिंदा कातेथोंग को बाहर कर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। यूएस ओपन 2025 चैंपियन आयुष शेट्टी पुरुष एकल के दूसरे दौर में पहुंच गए। उन्होंने पहले दौर के एक 'ऑल-इंडियन' मुकाबले में किरण जॉर्ज को 17-21, 21-10, 21-17 से हराकर वापसी की। ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त बनाने के बाद, किरण जॉर्ज ने लगातार पांच अंक हासिल किए और इतनी बड़ी बढ़त बना ली कि पहला गेम आसानी से जीत लिया। हालांकि, आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी ने दूसरे गेम में अपना खेल का स्तर ऊंचा उठाया और शुरू से अंत तक अपना दबदबा बनाए रखते हुए मैच को निर्णायक तीसरे गेम तक पहुंचा दिया। आयुष शेट्टी ने अपनी लय को निर्णायक तीसरे गेम में भी जारी रखा और ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली। किरण जॉर्ज ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर का अंतर कम करके 16-15 तक पहुंचा दिया, लेकिन शेट्टी ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा, किरण के बढ़ते दबाव को रोका और दूसरे दौर में अपनी जगह पक्की कर ली। वहीं पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत सीधे गेम में हारने के बाद ऑरलियन्स मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गए। पुरुष एकल बैडमिंटन रैंकिग में 30वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत को बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन ने 21-12, 21-10 से हरा दिया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत तो तेज की और 5-2 की बढ़त बना ली, लेकिन फिर मैग्नस जोहानसन ने मैच पर नियंत्रण पा लिया( उन्होंने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। किदांबी श्रीकांत ने दूसरे गेम में वापसी की कोशिश की और एक समय स्कोर का अंतर कम करके 12-10 तक ले आए। हालांकि, मैग्नस जोहानसन ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए लगातार नौ अंक हासिल किए और मात्र 26 मिनट में ही मुक. ाबला जीत लिया। महिला एकल में, अनमोल खरब ने तुर्की की ओलंपियन नेस्लिहान अरिन को 21-12, 21-16 से हराकर दूसरे दौर में शानदार एंट्री की। माल. विका बंसोड़ ने भी चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन के खिलाफ अपना महिला एकल मैच 21-18, 21-14 के स्कोर से जीता।

# ग्वाटेमाला फ्रेंडली मैच के लिए अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे लियोनेल मेसी



● **मैनेजर लियोनल स्कोलोनी ने अपनी टीम में दो नए प्लयरों को शामिल किया**

**ब्यूनस आयर्स, वार्ता।** अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बुधवार को बताया कि इस महीने के आखिर में ग्वाटेमाला के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप वार्म-अप फ्रेंडली मैच में लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की टीम की कप्तानी करेंगे। मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने अपनी 28 लोगों की टीम में दो नए खिलाड़ियों को भी शामिल किया: एस्टुडिएंट्स के सेंटर-बैक टॉमस पालासियोस और रेसिग क्लब के लेफ्ट-बैक गेब्रियल रोजास। लेकिन घायल तिकड़ी लुटारो मार्टिनेज, लिसेंड्रो मार्टिनेज और जियोवानी लो सेल्सो के लिए कोई जगह नहीं थी।

इंटर मिलान के स्ट्राइकर मार्टिनेज और मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर मार्टिनेज पिडली की चोट से उबर रहे हैं, जबकि रियल बेटिस के मिडफील्डर लो सेल्सो को क्वाड्रिसेप्स में खिचाव है। अर्जेंटीना का सामना 31 मार्च को ब्यूनस आयर्स के ला बॉम्बोनेरा में ग्वाटेमाला से होगा। मिडिल ईस्ट में झगड़े की वजह से स्पेन के खिलाफ ष्फाइनलिसिमाष् कैंसिल होने के बाद मंगलवार को मैच कन्फर्म हुआ। यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले वर्ल्ड कप से पहले यह अर्जेंटीना का एकमात्र तय मैच है। मौजूदा चैंपियन 16 जून को अल्जीरिया के खिलाफ अपने कैंपेन की शुरुआत करेगा, जिसके बाद ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रिया और जॉर्डन का भी सामना करेगा।

# जॉन मूनी दिल्ली कैपिटल्स के क्षेत्ररक्षक कोच बने



● **जॉन मूनी ने एंटोस रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आयरलैंड के पूर्व ऑलराउंडर जॉन मूनी को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 से पहले दिल्ली कैपिटल्स का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया गया है। मूनी ने एंटोन रॉक्स और ज्ञानेश्वर राव की जगह ली है, जिन्होंने पिछले सत्र में यह भूमिका निभाई थी।

44 वर्षीय मूनी पहले वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान के साथ काम कर चुके हैं, हाल ही में उन्होंने एशिया कप के दौरान अफगानिस्तान टीम के साथ काम किया था।

वह मुख्य कोच हेमांग बदानी के अगुवाई वाले कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए हैं, जिसमें मुनाफ पटेल गेंदबाजी कोच, इयान बेल सहायक कोच और वेणुगोपाल राव डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट हैं। मूनी ने आयरलैंड के लिए 64 एकदिवसीय और 27 टी- 20 मैच खेले हैं। उन्हें 2011 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ मिली ऐतिहा. सिक जीत में विजई रन बनाने के लिए आज भी याद किया जाता है। दिल्ली कैपिटल्स पिछले सीजन में पांचवें स्थान पर रही थी और अब तक कोई भी आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई है।

# हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते हैं : क्रेग फुल्टन



● **हॉकी विश्व कप में भारत को पूल डी में इंग्लैंड पाक व वेल्स के साथ रखा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2026 के आधिकारिक पूल ड्रॉ और कार्यक्रम की घोषणा के बाद, भारतीय पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने गुरुवार को कहा कि हम इस पूल में हर विरोधी टीम का सम्मान करते है, लेकिन हमें उनके खिलाफ स्वयं पर भरोसा है।

भारत को पूल डी में शीर्ष वरीयता प्राप्त इंग्लैंड, चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत टीम वेल्स के साथ रखा गया है। ग्रुप-चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एमस्टेलवीन स्थित वैगनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे। टीम के साथ शिविर में ड्रॉ को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए फुल्टन ने कहा, ष्हम उत्साहित हैं। यह एक मजबूत ग्रुप है, लेकिन विश्वकप में आप ठीक यही तो चाहते हैं कि आपकी परीक्षा सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ हो। टीम के शिविर में माहौल बहुत सकारात्मक है। खिलाड़ी प्रेरित और जीत के लिए भूखे हैं और अब जब हमें अपने विरोधियों के बारे में पता चल गया है, तो हमारी तैयारियों में हमें वास्तविक स्पष्टता और एकाग्रता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड एक सुव्यवस्थित, शारीरिक रूप से मजबूत टीम है, जो हमारे पूल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भी है। पाकिस्तान अपनी कलात्मकता, अप्रत्याशितता और समृद्ध हॉकी परंपरा के साथ आता है। यह ऐसी टीम नहीं है जिसे कभी हल्के में लिया जाए। वेल्स अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना रहा है और वह ऊर्जा और दृढ़ संकल्प से भरा होगा। हम इस पूल में हर विरोधी का सम्मान करते हैं, लेकिन हम उन सभी के खिलाफ खुद पर भरोसा रखते हैं। भारतीय टीम 15 अगस्त को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। यह एक विशेष मुकाबला है जो भारत के स्वतंत्रता दिवस के दिन पड़ रहा है। इसलिए कोचिग स्टाफ ने पहले ही एक विस्तृत रूपरेखा तैयार करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम अपनी संरचना, अपने दबाव और अपनी फिनिशिंग पर कड़ी मेहनत करेंगे। ए वे बारीक पहलू हैं जो इस स्तर पर मैचों का फैसला करते हैं।

### इंडिया अंडर-20 विमेंस एशियन चैलेंज के लिए तैयार:शुभांगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** थाईलैंड में जापान के खिलाफ अपने पहले मैच से सिर्फ दो हफ्ते पहले, इंडियन अंडर20 विमेंस नेशनल टीम लंबे समय से इंतजार की जा रही वापसी के करीब है। अपनी पिछली मौजूदगी के दो दशक बाद, इंडिया एएफसी अंडर-20 विमेंस एशियन कप में वापस आ गया है, और 2 अप्रैल को उन्हें इस मुश्किल से बाहर निकालने के लिए कैप्टन शुभांगी सिंह लीड करेंगी। शुभांगी के लिए, क्वालिफिकेशन की अहमियत पहले ही समझ में आ चुकी है। म्यांमार में जश्न, जहां इंडिया ने अपना 20 साल का इंतजार खत्म किया, अब एक तेज, ज्यादा तुरंत फोकस की जगह ले चुका है। उन्होंने कहा, ष्हम वहां क्वालिफाई करने के माइंडसेट के साथ गए थे, और हमने कर दिखाया।ष ष्जब आपको पहले से ही लगता है कि कुछ होने वाला है, तो यह हैरानी की बात नहीं है। यह विश्वास अब एक टीम को उस चीज के लिए तैयार कर रहा है जिसे वह मानती हैं।

# अपने 100वें T-20 मैच में निडरता के साथ सर्वश्रेष्ठ दोहराना चाहती हूं : गार्डनर

● **एश्ले गार्डनर 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी**

**सेंट विसेंट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया की मध्य क्रम की बल्लेबाज एश्ले गार्डनर ने गुरुवार को कहा कि वह अपने 100वें अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच में पहले की तरह निडरता के साथ बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने चाहती है। आज यहां गार्डनर वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान में उतरने के साथ ही सातवीं ऐसी महिला खिलाड़ी बन जाएंगी जो ऑस्ट्रेलिया के लिए 100वां अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेलेंगी।

टी-20 विश्व कप से पहले यह सीरीज काफी अहम मानी जा रही है। वह 2017 में एक विस्फोटक बल्लेबाज के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय मंच पर आई थी। डब्ल्यूबीबीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद, 19 साल की उम्र में ही उसे अपने देश के लिए खेलने के लिए चुन गया था। गार्डनर ने कहा कि इस प्रारुप में, मध्यक्रम में मेरी भूमिका कभी-कभी बेहद चुनौतीपूर्ण होती है, हो सकता है कि आप तब बल्लेबाजी करने आएं जब टीम मजबूत स्थिति में हो, या फिर तब जब हम अच्छी स्थिति में न हों।

इसमें सबसे जरूरी है कि आप स्थिति को बहुत तेजी से समझें और अपने खेल की गति को भी बहुत जल्दी से बदलें। शायद यह एक ऐसी चीज है जिसे मैं इस प्रारुप में लंबे समय से बहुत अच्छे से नहीं कर पा रही थी। इसमें बस यही कोशिश करनी होती है कि मैं बहुत तेजी से लय में आ जाऊं, परिस्थितियों को समझूं और यह सुनिश्चित करूं कि मैं वही कर रही हूं जिसकी टीम को उस स्थिति में मुझसे जरूरत है। साथ ही, मैं अपनी ताकत से पीछे न हटूं और जो भी फैसले लूं, उन्हें पूरी हिम्मत के साथ लूं। मैं एक ऐसी इंसान थी जिसे कोई डर नहीं था और मुझे लगता है कि जैसे-जैसे मैं बड़ी और अधिक समझदार होती गई, मेरे अंदर डर भी बढ़ता गया। इस मायने में कि मैं जिदगी और आम तौर पर क्रिकेट को कैसे देखती हूं। मैं उस (निडरता) का थोड़ा सा इस्तेमाल करने की कोशिश करती हूं। उन्होंने कहा, ष्तो जब मैं दबाव में होती हूं, तो मैं सच में उस निडरता को जगाने और सही दिशा देने की कोशिश करती हूं, जो कभी-कभी करना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि अगर आपमें अधिक आत्मविश्वास नहीं है, तो यह आखिरी चीज होती है जो आप करना चाहेंगे। लेकिन मेरे लिए, यही वह समय होता है जब मैं अपना सबसे अच्छा क्रिकेट खेल रही होती हूं।

# 'मैं अभिषेक को सहवाग से जोड़ता हूं' : कुंबले



● **कहा : मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अभिषेक शर्मा, वह निडर खिलाड़ी जिसने पिछले दो सीजन में टाटा आईपीएल में धूम मचा दी थी, 2026 में अच्छे फॉर्म की उम्मीद कर रहा होगा।


जियोस्टार के 'आईपीएल टुडे लाइव ' पर बात करते हुए, जियोस्टार के एक्सपर्ट एबी डिविलियर्स और अनिल कुंबले ने अभिषेक की ऑफ-स्पिन के खिलाफ दिक्कतों, उनके इनकंसिस्टेंटनेस, उम्मीदों के दबाव और वह इन चुनौतियों का सामना करके अपने बेस्ट फॉर्म में कैसे लौट सकते हैं, इस पर अपने विचार शेयर किए।

अनिल कुंबले ने कहा कि मुझे लगता है कि अभिषेक शर्मा में एक महान खिलाड़ी बनने की सारी काबिलियत है। अगर आप उनके छोटे इंटरनेशनल करियर को देखें, तो वह पहले से ही नंबर वन टी20 इंटरनेशनल खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजों पर हावी रहते हैं और उन्हें दबाव में डालते हैं, लेकिन इस तरह की डराने वाली बैटिग स्टाइल के साथ, कंसिस्टेंसी बनाए रखना मुश्किल है, खासकर टीम के नजरिए से। अभिषेक के साथ इंडिया ने इसे अच्छे से मैनेज किया, क्योंकि नहीं तो यह थोड़ा मुश्किल हो सकता था। दूसरे बैट्समैन भी थे जिन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, और उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए आपको ऐसी टीम की जरूरत होती है। इसीलिए उन्हें एसआरएच के लिए खेलने में मजा आया, जहां उन्हें खुलकर बैटिग करने की आजादी है। एक चीज जो उन्होंने अब एडजस्ट कर ली होगी, वह है ऑफ-स्पिनरों के खिलाफ उनकी दिक्कत, जिसे उन्होंने फाइनल में मैनेज किया और फिफ्टी बनाई।

अगर आप एक महान खिलाड़ी और कंसिस्टेंट खिलाड़ी बनना चाहते हैं, तो सिर्फ यह जरूरी नहीं है कि आप क्या कर सकते हैं, बल्कि यह भी जरूरी है कि आपको क्या नहीं करना चाहिए, और इसे अपने दिमाग में कंट्रोल करना ही सबसे जरूरी होगा। अभिषेक शर्मा के क्रीज पर ज्यादा देर तक टिके रहने पर कुं. बले ने कहा कि मैं उन्हें वीरेंद्र सहवाग जैसे किसी से जोड़ता हूं, क्योंकि वह हर बॉल को हिट करने की कोशिश करते थे। जब वह टेस्ट क्रिकेट से वनडे क्रिकेट और फिर टी20 क्रिकेट में आए, तो उन्हें एहसास हुआ कि उन्हें अपनी पारी को थोड़ा अलग तरीके से आगे बढ़ाना होगा। लेकिन वीरेंद्र सहवाग अभी भी 140-150 के स्ट्राइक-रेट से खेलते थे।

इसलिए, अभिषेक शर्मा को इस बारे में सोचना शुरू करना होगा, यह कहते हुए कि, 'मैं 200 के स्ट्राइक-रेट से रन बना रहा हूं, मुझसे उम्मीदें हैं, क्या मुझे अब 300 के स्ट्राइक-रेट से खेलना चाहिए? यानी 85-90। टी20 फॉर्मेट में आपको इसी तरह की मैच्योरिटी चाहिए। शायद इस सीजन में आप अभिषेक शर्मा में इसी तरह की मैच्योरिटी देखेंगे, जिसकी एसआरएच उम्मीद कर रही होगी। डिविलियर्स ने कहा कि वह अब 20 का नहीं, बल्कि 25 साल का है। इसलिए, यह पक्का वह फेज है जहां उसे ज्यादा जम्मिेदारी लेनी शुरू करनी होगी।

# पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी को 20 वर्ष कारावास



**चन्दौसी।** जनपद सम्भल स्थित चन्दौसी की विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट)/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने वर्ष 2017 के एक गंभीर मामले में सुनवाई पूरी करते हुए महत्वपूर्ण फैसला सुनाया। न्यायालय ने एक आरोपी को दोषमुक्त किया, एक के विरुद्ध गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी करने के आदेश दिए, जबकि एक अन्य आरोपी को विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए कठोर सजा सुनाई है। मामला थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम पाली की मढ़ैया का है। वादी द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया था कि गांव के नसीम, रिजवान और शाकिब पूर्व से ही दबंगई करते थे और परिवार से उनकी रंजिश चल रही थी। आरोप के अनुसार 19 अगस्त 2017 को तीनों आरोपी वादी के घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर रिजवान ने वादी की पत्नी के साथ अभद्रता की, जबकि नसीम और शाकिब ने 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को जबरन कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना के दौरान बच्ची बेहोश हो गई, जिसे मृत समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए। वादी ने थाना असमोली में मुकदमा दर्ज कराया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियुक्त शाकिब को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। वहीं अभियुक्त रिजवान को धारा 452, 354ए, 307 भादसं तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी पाया गया, लेकिन न्यायालय में उपस्थित न होने के कारण उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी करने के निर्देश संबंधित थानाध्यक्ष को दिए गए। अभियुक्त मौ. नसीम को न्यायालय ने धारा 452 और 354ए भादसं तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत दोषी करार दिया। उसे धारा 452 में तीन वर्ष कारावास व तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 354ए में दो वर्ष कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 6 में 20 वर्ष का कठोर कारावास व 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इस फैसले को महिला एवं बाल सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक घायल



**कांठ( शाह टाइम्स )** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवको की मौके पर मौत हो गई और तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है उमरी कला निवासी हनीफ पुत्र हाफिज अहमद का कहना था कि उनका पुत्र मोहम्मद साकिब और आजम पुत्र शहाबुद्दीन, मोहल्ला नसीराबाद तथा अयूब पुत्र वकील अहमद मोहल्ला जुम्मे का बाजार बुलेट मोटरसाइकिल से रात करीब 9:00 बजे कांठ सामान लेने जा रहे थे जैसे ही उनकी बाइक कान्हा गौशाला के सामने पुल पर पहुंची तो सामने से तेजी से आ रहे एक बाहन से टक्कर हो गई जिसमें साकिब एवं आजम की मौके पर मौत हो गई तथा अयूब गंभीर रूप से घायल हो गया घायल को फोटोंन हॉस्पिटल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शबो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की सूचना उमरी पहुंची तो कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया एक दिन बाद आने वाली ईद की खुशियां दो घरों में मातम के रूप में बदल गई हनीफ की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# डिलीवरी के दौरान महिला की मौत



**चन्दौसी।** नगर के राज मोहल्ला निवासी महताब की पुत्री साहिवा की प्रसव के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। साहिवा की शादी नरौली निवासी सुभान के साथ हुई थी। प्रसव पीड़ा होने पर परिजन उसे वैटला स्थित केजीएन अस्पताल में भर्ती कराए थे। परि. जनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती होने के बाद उपचार तो शुरू हुआ, लेकिन गुरुवार सुबह चिकित्सक ने अचानक मरीज को अन्यत्र ले जाने की बात कह दी। इसी दौरान परिजनों ने देखा कि सा. हवा के हाथ-पैर ठंडे पड़ चुके थे और उसकी हालत बेहद गंभीर थी। आरोप यह भी है कि जब स्थिति बिगड़ी तो अस्पताल का स्टाफ मौके से नदारद हो गया, जिससे परि. जनों में आक्रोश फैल गया।

परिजन इसे स्पष्ट रूप से चिकित्सकीय लापरवाही मानते हुए जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एक नजर

### कूड़ा डालने के विवाद में सगे भाइयों का चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने दो सगे भाइयों का चालान किया है मोहल्ला ईदगाह नई बस्ती निवासी अर्सलान पुत्र रईस और गुफरान पुत्र रईस को पुलिस ने हिरासत में लेकर शांति भंग की आशंका में एसडीएम कोर्ट में पेश किया।

बताया गया कि इनका घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर विवाद था इसके तहत पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

### कुरान मुकम्मल होने पर दी मुबारकबाद



**कांठ( शाह टाइम्स )** छप्पर वाली मस्जिद में कुरान मुकम्मल हो गया बताया गया कि कुराने पाक हाफिज अब्दुल बासिद ने सुनाया और हाफिज साहबेज आलम ने कुराने पाक सुना मस्जिद के इमाम कारी वसीम अहमद की मौजूदगी में कुरान पूरा हुआ सिन्नी नसीम अहमद की तरफ से तक्सीम की गई तकरीर मौलाना इमामुद्दीन ने की। इस मौके पर सदर रियाज अहमद मोमिन अहमद ठेकेदार हाजी रईस अहमद आर के बैटरी हाजी अतीक अहमद ठेकेदार वाजिद अली हाफिज तनवीर आलम जुल्फिकार अहमद ठेकेदार जाकिर हुसैन मोहम्मद महबूब अली मोहम्मद रफी अब्दुल अयान मोहम्मद शाकिर आदि लोग मौजूद रहे।

### सुरजन नगर में चैत्र नवरात्र पर मंदिरों में सुरक्षा सख्त, पुलिस ने संदिग्धों को दी चेतावनी



**सुरजन नगर।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व के शुभारंभ पर क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए चौकी प्रभारी ओमकार सिंह और सत्येंद्र बालियान ने पुलिस बल के साथ सुरजन नगर एवं आसपास के विभिन्न मंदिरों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुरक्षा मानकों का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र में सक्रिय गलत संगति के व्यक्तियों और संदिग्ध तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए सचेत किया। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि मंदिर परिसर या आसपास के क्षेत्रों में कोई भी अनैतिक गति. विधि या शांति भंग करने का प्रयास किया गया, तो दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घ्स्थानीय निवासियों से भी अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रशासन के इस सक्रिय रुख से श्रद्धालुओं में सुरक्षा का भाव है।

### नगर में नवदुर्गा महोत्सव महिला मंडल के तत्वावधान में निकाली गई कलश यात्रा

**कुंदरकी।** गुरुवार को नवरात्रि के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवदुर्गा महोत्सव महिला मंडल के तत्वाधान में श्रीकाली के थान मोहल्ला पश्चिमी सादात कुंदरकी में कलश यात्रा का प्रारंभ किया गया। जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई मां चामुंडा स्थल पर पहुंची तथा मोहल्ला नुरुल्लाह स्थित प्राचीन श्री शिव मंदिर पर कलश स्थापित करने के बाद यात्रा संपन्न हुई यह सभी कलश शिव मंदिर में संपूर्ण नवरात्रि तक स्थापित रहेंगे जो अंतिम नवरात्रि नवमी को एक भव्य माता की चौकी आरती एवं प्रसाद वितरण के बाद वितरित किए जाएंगे इस शोभा यात्रा में मां की पालकी को भक्तों द्वारा अपने कंधे पर यात्रा प्रारंभ होने से यात्रा समाप्ति तक कंधों पर मां की पालकी झुलाई गई शोभा यात्रा मे मां के अलग-अलग स्वरूपों की नो झांकियां निकाली गई। इस दौरान कलश यात्रा में प्रेमपाल दिवाकर इंद्र कुमार अग्रवाल राजेश सागर अजय अग्रवाल शिव कुमार वर्मा हरीश दिवाकर सुभाष वाल्मकी बहुरन पाल शिशुपाल श्योराज सिंह सागर हरीश शर्मा प्रिंस चंद्रा प्रमोद शर्मा मुकेश वाल्मीक आदि महिलाएं का योगदान रहा। कलश यात्रा में कुंदरकी थाना अध्यक्ष जसपाल सिंहजचौकी इंचार्ज संजय कुमार त्यागी मय फोर्स के साथ रहे।



### निगम की कार्रवाई के बाद फिर सजा गागन का साप्ताहिक बाजार

**मुरादाबाद।** मझोला थाना क्षेत्र स्थित गागन तिराहे के पास लगने वाला साप्ताहिक बाजार गुरुवार को एक बार फिर चर्चा का केंद्र बन गया। सुबह के समय नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर बाजार लगने से रोक दिया और वहां मौजूद दुकानदारों को हटाते हुए पूरे क्षेत्र को खाली करा दिया।नगर निगम की इस कार्रवाई के चलते कुछ समय के लिए बाजार पूरी तरह बंद रहा। सड़क किनारे जहां आमतौर पर दुकानों की भीड़ रहती है, वहां सन्नाटा पसरा नजर आया। टीम ने अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया। अधिकारियों ने दुकानदारों को निर्धारित स्थान पर ही बाजार लगाने की हिदायत दी।कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों में असंतोष भी देखने को मिला, लेकिन टीम की सख्ती के चलते सभी को मौके से हटना पड़ा। नगर निगम के अधिकारियों का कहना था कि अवैध रूप से सड़क किनारे बाजार लगने से जाम की समस्या उत्पन्न होती है और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।हालांकि, यह स्थिति ज्यादा देर तक नहीं रही। दोपहर बाद जैसे ही नगर निगम की टीम मौके से रवाना हुई, बाजार फिर से सजने लगा। धीरे-धीरे दुकानदार वापस लौटे और कुछ ही समय में पूरा क्षेत्र फिर से पहले की तरह सक्रिय हो गया।इस घटनाक्रम ने नगर निगम की कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निक. ला जाएगा, तब तक इस तरह की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, प्रशासन से इस मामले में ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।

# हाजी उस्मान अली ने ईदगाह पहुंचकर कराई साफ-सफाई



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** नगर पंचायत अध्यक्ष उमरी कला हाजी उस्मान अली आज ईदगाह पहुंचे और अपनी निगरानी में साफ सफाई करा कर ईदगाह को ईद की नमाज के लिए तैयार कराया उन्होंने नमाजियों के लिए चूना डालकर लाइन बनवाई और ईदगाह एवं आसपास की सफाई करा कर व्यवस्था को दुरुस्त करा दिया। सभासद सुमन अली नफीस सैफी सादिक हुसैन यूनुस खान अमीनुद्दीन हाजी मसरूफ एवं मास्टर शमीम अहमद कुरैशी की सलाह से उन्होंने नमाजियों के लिए अन्य भी कई व्यवस्थाएं कराई। उस्मान अली ने कहा कि नमाजियों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर अन्य भी कई लोग मौजूद रहे।

# सचिवों को बकाया धनराशि से विकास कार्य 31 मार्च तक पूरे कराकर उपभोग प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करने के दिए निर्देश

कांठ(शाह टाइम्स) जनपद की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को पूरा हो रहा है। अब करीब दो माह की प्रधानी बची है। आठ करोड़ रुपये खपाने की चुनौती आ गई है। जिले की 643 ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए मिली इस राशि को ग्राम प्रधानों और सचिवों को साझे प्रस्ताव के जरिये 31 मार्च तक खर्च किया जाना है। वित्तीय वर्ष के बचे हुए दिनों में इस धनराशि को विकास कार्यों के मद में पाने में सचिवों की कमी आड़े आ रही है।हालात देखकर कुछ ग्राम पंचायतों को मिलाकर क्लस्टर बनाए गए हैं। इन क्लस्टरों में बची हुई धनराशि को सिर्फ 13 दिन में विकास प्रस्तावों पर व्यय करने में आड़े आ रही है सचिवों की कमी विभागीय रिकार्ड बता रहा है कि जिले में 643 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष सिर्फ 127 सचिव हैं। बिना सचिव के सिर्फ प्रधान विकास प्रस्तावों व जरूरी वित्तीय स्वीकृतियों को अंजाम तक नहीं पहुंचा सकते। लिहाजा 10 से 15 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर बनाकर मौजूदा सचिवों को तैनात किया गया है। यानी अब ग्राम पंचायत नहीं, क्लस्टर सचिव जैसा पद हो गया है। एक सचिव के जिम्मे अब एक से अधिक ग्राम पंचायतों का काम है। अब सबकी निगाह इस पर है कि यह प्रयोग ग्राम पंचायतों के हिस्से का बचा धन 31 मार्च तक कैसे उपयोग में लाता है। मौजूदा सचिवों को बांट दिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के अनुसार मुरादाबाद जिले में कुल ग्राम पंचायतें 643 हैं। इन ग्राम पंचायतों में 5 वें वित्त आयोग व 15 वें वित्त आयोग से मिली राशि के सापेक्ष तो काम करा लिए गए हैं लेकिन 5 वें राज्य वित्त आयोग से मिली अनुदान सहायता राशि के अभी दो करोड़ रुपये और 15वें वित्त आयोग की किस्तों में मिली राशि के छह करोड़ रुपये के काम अंजाम तक नहीं पहुंच सके हैं। इस बीच प्रधानों का कार्यकाल पूरा होने का समय करीब आ रहा है। डीपीआरओ की ओर से प्रधानों और सचिवों को बकाया धनराशि से विकास कार्य 31 मार्च-2026 तक पूरे कराके उपभोग प्रमाण पत्र ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# ज्योतिर्लिंगम दर्शन मेले का न्यायाधिकारी कुंवर सूर्यसेन सिंह ने कराया शुभारंभ





**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राम लीला परिसर में संचालित ज्योतिर्लिंगम दर्शन मेले का उद्घाटन आज ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी कुंबर सूर्यसेन सिंह ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित करके कराया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेलों के आयोजन से भटके हुए लोगों को सही राह मिलती है उन्होंने मेले में आए लोगों से बहन ब्रह्माकुमारी द्वारा बताए गए अनुसार जीवन यापन करने को कहा।

मेले में पहले 12 ज्योतिर्लिंगम के समक्ष दीप प्रज्वलित किए गए उसके बाद मेले के आयोजकों ने इसके उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। कुंभकरण तुल्य सोए हुए मानव को जगाने हेतु ज्ञान युक्त 3क शो का आयोजन दिखाया गया नवरात्रि के उपलक्ष में नवदुर्गा झांकी ज्ञान योग पथ प्रदर्शनी का दर्शन किया गया। 30 फीट का शिवलिंग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा बहन ब्रह्म कुमारी ने मेले में लगाई गई चित्रों की प्रदर्शनी के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने देवता और परमात्मा की सुंदर ढंग से व्याख्या की बताया कि सभी धर्म निराकार परमात्मा की ओर इशारा करते हैं देवता अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन परमात्मा एक ही है जिसका कोई आकार नहीं है।

कार्यक्रम के बारे में शरद भाई ने विस्तार से जानकारी दी कार्यक्रम में तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा प्रदीप कुमार महासचिव दीपक बिश्नोई अन्य अधिवक्ता पत्रकार गण और राज योगिनी ब्रह्माकुमारी प्रभा दीदी जगराज जी विनीत बिश्नोई ब्रह्माकुमारी दीप माला बिश्नोई ममता बिश्नोई ब्रह्मकुमारी रीना ब्रह्मकुमारी कीर्ति ब्रह्म कुमारी सर्वेश व अन्य सहयोगी भाई बहन मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम ने लिया ईदगाह की सफाई व्यवस्था का जायजा



**कांठ( शाह टाइम्स )** नगर पंचायत अध्यक्ष कांठ इकबाल आलम अंसारी ने आज ईदगाह की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और नमाज से पहले ईदगाह को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। सभासदो के साथ इकबाल आलम ईदगाह परिसर में पहुंचे और उन्होंने वहाँ की सफाई व्यवस्था को देखा उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि ईदगाह को बेहद अच्छे ढंग से साफ सुथरा किया जाए जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए।

उन्होंने बताया कि ईदगाह में आसपास के कुछ गांव से भी लोग आते हैं जबकि नगर से तो बड़ी संख्या में लोग यहां ईद की नमाज अदा करते हैं इसलिए ईदगाह स्थल पर सफाई व्यवस्था चूना डालकर लाइन बनाकर सब कुछ उन्होंने ठीक रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ईद के दौरान नमाजिओ को किसी प्रकार की भी परेशानी का सामना न करना पड़े उन्होंने नगर के लोगों को नमाज के दौरान माकूल व्यवस्था दिए जाने का भरोसा भी दिलाया। इस मौके पर नगर पंचायत के कर्मचारी सभासद और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल ने हर्षोल्लास से मनाया हिंदू नववर्ष, तिलक कर किया स्वागत

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बिसौली गेट स्थित अक्रूरजी प्लाजा मार्केट में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2083 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पदाधिकारियों को चंदन का तिलक लगाकर और 'भारत माता की जय' के उद्घोष के साथ की गई। इस अवसर पर भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर ने बताया कि हिंदू नववर्ष का विशेष महत्व है, इसी दिन भगवान राम का राज्याभिषेक और भगवान झूलेलाल का जन्म दिवस भी माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय त्योहार विक्रम संवत के अनुसार ही मनाए जाते हैं और यह नववर्ष नई ऊर्जा, प्रगति और चेतना का प्रतीक है। कार्यक्रम में प्रभात कृष्णा, उमेशचंद्र वार्ष्णेय और जयशंकर दुबे ने अपने विचार रखे, वहीं जयशंकर दुबे ने कविता पाठ कर सभी को भावविभोर कर दिया। अंत में व्यापारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और विक्रम संवत पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, जिला उपाध्यक्ष उमेशचंद्र वार्ष्णेय, जिला संगठन मंत्री रमेश ग्रेवाल, जिला मंत्री विपुल महाजन, जयशंकर दुबे, विपिन अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, अंकित वार्ष्णेय, सागर गुप्ता, शाहआलम मंसूरी, चिंटू शर्मा, मोहि. हत सक्सेना, सुशील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



**शाह टाइम्स**

# सम्पादकीय

**शुक्रवार, 20 मार्च 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

## ऊर्जा में आत्मनिर्भरता कब

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब भारत की ऊर्जा व्यवस्था पर भी साफ दिखाई देने लगा है। खासतौर पर एलपीजी की आपूर्ति को लेकर देश में चिंता बढ़ गई है। उत्पादन बढ़ाने और कई सख्त कदम उठाने के बावजूद गैस की कमी और कालाबाजारी की समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो पाई है। इस स्थिति का सीधा असर छोटे कारोबारों और उनसे जुड़े लाखों लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। ऐसे हालात में सरकार पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी को लंबे समय के समाधान के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि आयात पर अत्यधिक निर्भरता देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है। जैसे-जैसे पश्चिम एशिया का संघर्ष लंबा खिंच रहा है, वैसे-वैसे भारत में एलपीजी को लेकर संकट भी गहराता जा रहा है। सरकार खुद स्वीकार कर रही है कि मौजूदा स्थिति चिंता पैदा करने वाली है। केंद्र सरकार के निर्देश के बाद देश की रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं और घरेलू उत्पादन में लगभग 40 प्रतिशत तक वृद्धि भी की गई है। इसके बावजूद मांग और आपूर्ति के बीच का अंतर पूरी तरह खत्म नहीं हो पाया है और कई जगहों पर गैस की कमी महसूस की जा रही है। सरकार ने एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए आवश्यक सेवा रखरखाव अधिनियम यानी ईएसएमए लागू किया हुआ है, ताकि गैस की आपूर्ति बाधित न हो। इसके बावजूद देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार छापेमारी और कार्रवाई हो रही है, जो इस बात का संकेत है कि अवैध तरीके से गैस की बिक्री और जमाखोरी अब भी जारी है। कमर्शियल एलपीजी की कमी का सबसे ज्यादा असर होटल, रेस्तरां, ढाबों और छोटी-छोटी खाने-पीने की दुकानों पर पड़ा है। कई जगहों पर ए व्यवसाय बंद होने की कगार पर हैं या अस्थाई रूप से बंद हो चुके हैं। इसका परिणाम यह है कि इनसे जुड़े लाखों लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। सरकार फिलहाल इस बात को प्राथमिकता दे रही है कि देश के घरों में रसोई गैस की आपूर्ति किसी भी हाल में बनी रहे और आम लोगों को परेशानी न हो। इसके साथ ही सरकार लोगों और राज्यों को पाइप्ड नैचुरल गैस यानी पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। दरअसल खाड़ी क्षेत्र में पैदा हुए संकट ने भारत को यह सो. चने का मौका दिया है कि उसे अपनी ऊर्जा जरूरतों और आयात पर निर्भरता को किस तरह संतुलित करना चाहिए। एलपीजी से पीएनजी की ओर बढ़ना केवल वर्तमान संकट से निपटने का उपाय नहीं है, बल्कि भविष्य में भी यह देश के हित में साबित हो सकता है। भारत में इस समय करीब 33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं और इनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 60 प्रतिशत गैस आयात करनी पड़ती है। समस्या यह है कि इस आयात का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा उस समुद्री मार्ग से आता है, जो इस समय अस्थिरता की वजह से प्रभावित है। दूसरी ओर अगर प्राकृतिक गैस की बात करें तो देश अपनी जरूरत का लगभग आधा हिस्सा खुद ही उत्पादन कर लेता है। जो गैस आयात की जाती है, उसके स्रोत और रास्ते भी अपेक्षाकृत विविध हैं, इसलिए किसी एक मार्ग में बाधा आने से पूरी आपूर्ति पर उतना बड़ा असर नहीं पड़ता। यही कारण है कि पीएनजी को भविष्य के लिए ज्यादा सुरक्षित विकल्प माना जा रहा है। पश्चिम एशिया के मौजूदा हालात को देखते हुए यह कहना मुश्किल है कि आने वाले समय में वहां कितनी स्थिरता बनी रहेगी। ऐसे में भारत अपनी घरेलू जरूरतों को किसी अस्थिर क्षेत्र के अनिश्चित भविष्य पर निर्भर नहीं छोड़ सकता।

## राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात



भाजपा चाहती है कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे, ताकि लोग विभिन्न मुद्दों पर सवाल न पूछ सकें, राजधानी दिल्ली के उत्तम नगर के लोगों ने हिंसा की भारी कीमत चुकाई है, एक तरफ एक जवान लड़के, तरुण, की जान चली गई, दूसरी तरफ एक पूरा परिवार उत्पीड़न का सामना कर रहा है, उन्हें और खून-खराबा नहीं चाहिए, भारतीय जनता पार्टी उसका इकोसिस्टम नफरत के माहौल को बढ़ावा देकर हिंसा से राजनीतिक फायदा उठाना चाहता है, वे चाहते हैं कि देश हिन्दू-मुसलमान में उलझा रहे , ताकि लोग ये न पूछ सकें कि आखिर प्रधानमंत्री देश की रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और सामरिक संप्रभुता को अमेरिका के हवाले करने पर क्यों मजबूर हैं, इसीलिए दिनदहाड़े देश की राजधानी में फिर से दंगों जैसे हालात खड़े किए जा रहे हैं। **-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# दुनिया के लिए मौन चेतावनी है गौरैया पर मंडराता संकट



**योगेश कुमार गोयल**

**गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है।**



पक्षी पृथ्वी के पारिस्थितिक तंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हैं, उनकी उपस्थिति हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गौरैया, जो कभी हर आंगन, छतों तथा बगीचों में चहकती थी और हमारी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा हुआ करती थी, आज दुर्लभ होती जा रही है। यह प्यारा सा पक्षी, जो हमारे घरों और आसपास के पेड़-पौधों पर बसेरा करता था, अब विलुप्ति के कगार पर है और इसकी चहचहाहट सुनने को कान तरस जाते हैं। एक समय था, जब सुबह आंख खुलते ही गौरैया की चहचहाहट से दिलोदिमाग को सुकून मिलता था लेकिन अब यह चहचहाहट कहीं गायब सी हो गई है। गौरैया का भारतीय लोककथाओं और कविताओं में विशेष स्थान रहा है और यह हमारी भावनाओं और जीवन के दैनिक अनुभवों का हिस्सा रही है। करीब दो दशक पहले तक यह चिड़िया हर कहीं झुंड में उड़ती देखी जाती थी लेकिन अब यह संकटग्रस्त और दुर्लभ पक्षी की श्रेणी में आ गई है।

भारत के अलावा यूरोप के कई हिस्सों में भी गौरैया की संख्या काफी कम हो गई है। नीदरलैंड में तो गौरैया को 'दुर्लभ प्रजाति' की श्रेणी में रखा गया है, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, चेक गणराज्य जैसे देशों में भी इनकी संख्या तेजी से घट रही है। कई पश्चिमी देशों में इनकी आबादी घटकर खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है। लोगों को गौरैया के तेजी से घटते अस्तित्व के बारे में जागरूक करने और उसके संरक्षण के लिए विभिन्न उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ही हर साल 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 2010 में 'नेचर फॉरएवर सोसायटी' द्वारा शुरू किया गया था, जिसकी स्थापना प्रसिद्ध भारतीय पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर ने की थी। यह दिन न केवल गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करता है बल्कि हमें यह भी याद दिलाता है कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियां कितनी महत्वपूर्ण हैं।

गौरैया केवल एक पक्षी नहीं है बल्कि हमारे बचपन की यादों, पारंपरिक संस्कृति और पर्यावरणीय संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका जैव विविधता में महत्वपूर्ण योगदान है। गौरैया छोटे कीटों और अनाज के दानों पर निर्भर रहती है, जिससे कृषि भूमि पर कीटों की संख्या को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। गौरैया मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने में सहायता करती है। इसके अलावा, यह खाद्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है और अन्य प्राणियों के लिए भोजन के स्रोत के रूप में भी कार्य करती है। गौरैया जैसे छोटे से पक्षी का इस तरह गायब होते जाना पर्यावरण में आ रहे गंभीर परिवर्तनों का संकेत है। शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण गौरैया के प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहे हैं। पेड़ों की कटाई और पारंपरिक घरों की जगह कंक्रीट के भवनों ने इनके घोंसले बनाने की जगह को सीमित कर दिया है। वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। मोबाइल टावरों से निकलने वाली रेडिएशन भी इनके अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है। कृषि में कीटनाशकों और रासायनिक खादों के अत्यधिक प्रयोग के कारण गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता कम होती जा रही है।

पिछले दो-ढाई दशकों में हमारी जीवनशैली में बड़ा बदलाव आया है। अपने निहित स्वार्थों के चलते हमने जंगल उजाड़ दिए, प्रकृति का संतुलन चक्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे जीव-जंतुओं और पक्षियों की अनेक प्रजातियों को मारकर, उनका शिकार करके या उनके आशियाने उजाड़कर उनके अस्तित्व पर संकट पैदा कर दिया है। इसी का असर गौरैया पर भी बड़े पैमाने पर पड़ा है। भोजन तथा पानी की कमी, पक्के मकान बनने से घोंसलों के लिए उचित स्थानों की कमी, तेजी से कटते पेड़-पौधे, हमारी बदलती जीवनशैली, मोबाइल रेडिएशन का दुष्प्रभाव, तापमान में लगातार होती बढ़ोतरी आदि कई ऐसे प्रमुख कारण हैं, जो गौरैया की विलुप्ति का कारण बन रहे हैं। खेतों में कीटनाशकों के बढ़ते प्रयोग से भी इनके अस्तित्व पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। गौरैया की आबादी घटने का एक बड़ा कारण यह भी है कि कई बार उनके घोंसले सुरक्षित स्थानों पर नहीं होने के कारण कौए तथा दूसरे हमलावर पक्षी उनके अंडों तथा बच्चों को खा जाते हैं। आज की पीढ़ी प्रकृति और पक्षियों से दूर होती जा रही है। गौरैया संरक्षण के लिए जागरूकता की कमी भी इसके अस्तित्व के लिए एक चुनौती है। गौरैया के संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिएं। पारंपरिक घरों की संरचना को ध्यान में रखते हुए घोंसला बनाने के लिए स्थान प्रदान करने की भी आवश्यकता है। कृषि में जैविक तरीकों को अपनाकर कीटनाशकों के उपयोग को कम किया जा सकता है, जिससे गौरैया के लिए भोजन की उपलब्धता बढ़ेगी। गौरैया को घोंसला बनाने में मदद करने के लिए लकड़ी या मिट्टी के छोटे घर बनाए जा सकते हैं। घर के आंगन या छतों पर अनाज और पानी रखने से गौरैया को भोजन प्राप्त करने में सहायता मिल सकती है। इसके अलावा मोबाइल टावरों से निकलने वाली हानिकारक रेडिएशन को नियंत्रित करने के लिए सरकार को सख्त नियम लागू करने चाहिएं। गौरैया संरक्षण के लिए स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की भी जरूरत है। हालांकि भारत सरकार और वन्यजीव संरक्षण संगठनों द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका उद्देश्य गौरैया की संख्या बढ़ाना और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना है। नेचर फॉरएवर सोसायटी, बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसायटी तथा अन्य संगठनों ने गौरैया संरक्षण के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं। स्थानीय समुदायों और कुछ स्वयंसेवी संगठनों द्वारा घरों और सार्वजनिक स्थानों पर गौरैया के लिए घोंसले बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में तेजी लाने और इनका दायरा बढ़ाए जाने की बड़ी जरूरत है क्योंकि यदि हम अभी प्रयास नहीं करेंगे तो भविष्य में यह पक्षी केवल किताबों और कहानियों में ही बच पाएगा। इसलिए हमें मिलकर गंभीरतापूर्वक प्रयास करने होंगे ताकि गौरैया की चहचहाहट फिर से हमारे आंगन और बगीचों में गूंज सके।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अपने ही बुने जाल में फंसा अमेरिका

**अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है।**



**रोहिताश सिंह वर्मा**

तानाशाही और परमाणु हथियार बनाने का आरोप और इजरायल को ईरान के खिलाफ भड़काकर अमेरिका अब होने ही बुने जाल में फंस गया हैं, अब अमेरिका की हालत सांप के छछूंदर पकड़कर न निगलने वाली हों गई हैं, ए भी कह सकते हैं कि अमेरिका रणनीतिक जाल में फंसा महसूस कर रहा है, जहां से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। इजराइल के साथ मिलकर शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के बाद से लगातार हमले बढ़ रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अमेरिका की स्थिति एक ऐसी हड्डी जैसी हो गई है जिसे न उगला जा सकता है और न निगला। विशेषज्ञ राष्ट्रपति ट्रंप के इस कदम को एक ऐसे जाल के रूप में देख रहे हैं, जहां ईरान के साथ बातचीत के सारे रास्ते बंद हो चुके हैं।बारूदी सुरंगों के बीच फंसे अमेरिका के पास हथियारों की कमी और युद्ध की अनिश्चितता एक बड़ी चुनौती बन गई है। यह युद्ध सिर्फ ईरान तक सीमित न रहकर पूरे पश्चिम एशिया में फैल रहा है, जिससे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज द्धैजतंपज वं भ्वतउन्ञ्र पर हमलों के कारण वैश्विक तेल की कीमतों में भारी उछाल आ गया है, युवा सैनिकों को युद्ध में भेजने के मुद्दे पर अमेरिका में ही असहमति के स्वर उठ रहे हैं और पूर्व अधिकारियों के इस्तीफे भी सामने आ रहे हैं। रूसी हथियारों के दम पर ईरान आसानी से पीछे हटने वाला नहीं है, जिससे यह संघर्ष एक लंबी और विनाशकारी जंग में तब्दील हो रहा है। मार्च 2026 के मध्य तक चल रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष में अब तक लगभग 1,500-2,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इसमें 1,300 से अधिक ईरानी, अमेरिकी सैनिक और इजरायल व खाड़ी देशों के अन्य नागरिक शामिल हैं। यह संघर्ष अभी भी जारी है, जिसमें हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव (2026) एक नए वैश्विक संघर्ष का संकेत दे रहा है, जिसमें खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले, ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर गतिरोध और इजराइल के साथ परोक्ष युद्ध शामिल है। आने वाले समय में मध्य पूर्व में अस्थिरता, नए प्रतिबंध और क्षेत्र में बड़े सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ने की आशंका है। ईरान समर्थित समूहों द्वारा अमेरिकी ठिकानों पर हमले जारी रहने से अमेरिका की ओर से और अधिक कठोर सैन्य प्रतिक्रिया की संभावना है। परमाणु कार्यक्रम को लेकर डील न होने पर अमेरिका द्वारा ईरान पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाने या सैन्य हमला करने का दबाव है। इस लड़ाई में अरब देश, जैसे कतर और बहरीन, अमेरिकी और इजरायली खेमे में और मजबूती से जुड़ सकते हैं, जिससे क्षेत्र में ईरानी प्रभाव को कम करने का प्रयास होगा। ईरान और अमेरिका के बीच ड्रोन हमलों के अलावा, बुनियादी ढांचे (जैसे जल संयंत्रों) को निशाना बनाकर जल युद्ध का खतरा भी बढ़ रहा है। इस युद्ध से ऐसा लग रहा हैं कि अमेरिका और ईरान के संबंध आने वाले समय में तनावपूर्ण बने रहेंगे और इसके सीधे असर मध्य पूर्व की सुरक्षा और तेल आपूर्ति पर पड़ने की सम्भावना हैं।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिका-ईरान युद्ध और भारत को लेकर पूर्व सैनिकों की चिंता



**रजनीश कपूर**

आज की दुनिया की सबसे बड़ी चिंता है . तेल का दाम। पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस और हर चीज महंगी हो रही है। क्यों? क्योंकि अमे. रिका और इजराइल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। मार्च 2026 की शुरुआत में ही सुप्रीम लीडर अली खामेनी समेत ईरान के कई बड़े नेता मारे गए। ईरान ने जवाब दिया, मिसाइलें और ड्रोन दागे। अब युद्ध दो सप्ताह से ज्यादा चल रहा है। तेल 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, को बंद किए जाने का खतरा भी मंडरा रहा है।

दुनियाभर के युद्ध व कूटनीति विशेषज्ञ इस पूरे मामले को लेकर काफी गंभीर हैं। भारत के बात करें तो रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बख्शी स्पष्ट शब्दों में इस युद्ध का विश्लेषण कर रहे हैं। सोशल मीडिया और टीवी पर उन्होंने बार-बार कहा, यह हमला गलत था। अमेरिका-इस्राईल ने ईरान को बहुत कम आंका। जनरल बख्शी ने अपने एक पोस्ट में लिखा, सब सोच रहे थे कि ए केकवॉक होगा। लेकिन मैंने शुरू से चेता. वनी दी थी कि ईरान को कम मत समझो। यह असम. मित युद्ध लड़ेगा। एक टीवी इंटरव्यू में उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि क्या गलती हुई। ईरान के पास सस्ते ड्रोन (20,000 डॉलर का एक) हैं, जबकि अमेरिका-इजराइल के महंगे इंटरसेप्टर मिसाइल (20 लाख डॉलर का एक) खत्म हो रहे हैं। ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जो रडार से बच सकती हैं। इन मिसाइलों ने कतर के रडार, थाड बैटरी, अमेरिकी बेस और इजराइल के कई शहरों पर हमले किए। 15 दिन में 650 मिसाइलें और 2600 ड्रोन तबाह हुए, 21 अमेरिकी सैनिक मारे गए। इस सबका अंदाजन खर्च करीब 21 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ। जनरल बख्शी के अनुसार, ट्रंप ने सोचा था कि खामेनी मरते ही युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन ईरान का हौसला बहुत ऊंचा है। 8 साल के ईरान-इराक युद्ध में 10 लाख मौतें हुईं, फिर भी ईरान नहीं झुका। अब ए अस्तित्व की लड़ाई है। वे आगे कहते है, होर्मुज खाड़ी बंद करने से पूरी दुनिया में मंदी आ जाएगी। तेल 150 डॉलर से भी ऊपर जा सकता है। अमेरिका के लिए बॉडी बैग्स सैनिकों की मौत मिडटर्म चुनाव में आफत बन सकती है। ट्रंप फंस गए हैं। यह युद्ध शुरू करना आसान था, लेकिन खत्म करना मुश्किल। ए 21वीं सदी का सबसे बड़ा संघर्ष है। एकध्रुवीय दुनिया खत्म हो रही है। बहुध्रुवीय दुनिया मजबूत हो रही है। साधारण भारतीय के लिए यह युद्ध दूर की बात नहीं। हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक हैं। 80 प्रतिशत तेल बाहर से आता है। यदि होर्मुज बंद हुआ तो पेट्रोल 150-200 रूपए लीटर हो जाएगा। रसोई गैस भी महंगी हो जाएगी। वहीं खाड़ी देशों में काम करने वाले 9 लाख भारतीयों की नौकरी भी खतरे में आ जाएगी। ईरान के साथ भारत का चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट ठप पद सकता है। अफगानिस्तान और मध्य एशिया का मार्गभी बंद हो सकता है। महंगाई आम आदमी की जेब काटेगी। गौरतलब है कि भारत ने हमेशा युद्ध की स्थिति में संत. ुलन बनाए रखा है। इस युद्ध की बात करे तो, ईरान से हमें सस्ता तेल, इजराइल से हथियार और टेक्नोलॉजी



और अमेरिका से व्यापार मिलता रहा है। लेकिन इस बार मोदी सरकार ने अमेरिका-इजराइल के साथ खुलकर खड़ा होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में इजराइल गए। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहूके साथ ह्स्पेशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप की घोषणा की। युद्ध शुरू होते ही भारत ने ईरान के हमलों की निंदा की। खाड़ी देशों के राजाओं को फोन कर समर्थन जताया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ प्रस्ताव कासमर्थन किया। खामेनी की मौत पर ईरानी दूतावास में श्रद्धांजलि देरी से दी। जानकार मानते हैं कि भारत का ए फैसला गलत था, क्योंकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता खतरे में पड़ गई। हम BRICS के अध्यक्ष हैं। रूस-चीन-ईरान हमारे साथी हैं। लेकिन अमेरिका के दबाव में हम ईरान के खिलाफ खड़े हो गए। भारत इजराइल और ईरान से अच्छे संबंध रखता है। हम युद्धविराम का मध्यस्थ बन सकते हैं। लेकिन सरकार ने मध्यस्थता की बजाय एक तरफा रुख अपनाया।

भारत को तटस्थ रहना चाहिए था। दोनों पक्षों से बात कर युद्धविराम की अपील करनी चाहिए थी। मोदी जी को इजराइल जाने के बजाय दोनों देशों के नेताओं से फोन पर बात करनी चाहिए थी। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति और संवाद' का प्रस्ताव लाना चाहिए था। ईरान से तेल खरीदना जारी रखना चाहिए था। चाबहार प्रोजेक्ट को मजबूत करना चाहिए था। सरकार ने सोचा कि अमे. रिका-इजराइल के साथ खड़े होने से फायदा होगा। लेकिन भूल गए कि ईरान हमारा पुराना दोस्त है। चाबहार बंदरगाह अमेरिका के खिलाफ हमारा रणनी. तिक कदम था। सस्ता ईरानी तेल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता था। अब तेल महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ेगा। यदि भारतफन।क और ठत्प्बै दोनों का सदस्य है तो हमारी आवाज दोनों तरफ सुनी जाती, लेकिन क्या एक तरफा रुख अपनाकर हमने अपनी ताकत कम कर दी? मेजर जनरल बख्शी के अनुसार, यह मूर्खतापूर्ण युद्ध है। यह जल्द खत्म हो। भारत को अब अपनी गलती सुधारनी चाहिए। तटस्थ रहकर शांति की बात करनी चाहिए। ईरान से संबंध वापसी सुधारने चाहिए। तेल आयात के वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। भारत की विदेश नीति हमेशा ह्सभी के साथ, किसी के खिलाफ नहीं रही है। मोदी सरकार को इस सिद्धांत पर लौटना चाहिए। क्योंकि अंत में भारत का हित सबसे ऊपर है। सस्ता तेल, सुरक्षित नौकरियां और मजबूत अर्थव्यवस्था। युद्ध में किसी एक का पक्ष नहीं, बल्कि शांति का पक्ष लेना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




**राजौरी। जम्मू-कश्मीर में ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके लाल गुलाम पुल से गुजरता वाहन।**

## ईरान ने अमेरिका-इजरायल को गुप्त जानकारी देने के दोषी तीन को फांसी दी

**तेहरान।** ईरान ने पुलिस अधिकारियों की हत्या करने और इस साल की शुरुआत में हुई अशांति के दौरान अमेरिका और इजरायल के समर्थन में गति. विधियों को अंजाम देने के दोषी करार दिए गए तीन लोगों को गुरुवार को फांसी दे दी। ये सजाएं ऐसे समय में दी हैं, जब इजरायल-अमेरिका से ईरान का संघर्ष 20वें दिन में प्रवेश कर चुका है। न्यायपालिका की वेबसाइट 'मीजान ऑनलाइन' के अनुसार, इन तीनों व्यक्तियों को जनवरी की अशांति में शामिल होने के लिए सजा सुनाई गई थी। उन पर हत्या और 'जायोनी शासन' तथा अमेरिका के पक्ष में काम करने का आरोप था।

## कतर पर दोबारा हमला हुआ, तो पूरा गैस फील्ड उड़ा देंगे: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायल द्वारा बुधवार रात ईरान के एक महत्वपूर्ण गैस केंद्र 'साउथ पार्स गैस फील्ड' पर हमला करने पर जवाबी हमले में ईरान ने कतर में एक प्रमुख एलएनजी सुविधा पर जवाबी हमला करने पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की चेतावनी दी कि अगर कतर पर दोबारा हमला हुआ तो वे उसका पूरा गैस फील्ड को उड़ा देंगे जो ईरान ने कभी सोचा नहीं होगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ईरान ने कतर के रास लाफान औद्योगिक क्षेत्र सहित पड़ोसी देशों के ऊर्जा केंद्रों पर मिसा. इल और ड्रोन हमले किए, जिससे वहां की एलएनजी सुविधाओं को बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने साउथ पार्स गैस फील्ड पर इजरायल के हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि पश्चिमी एशिया में जो कुछ भी हुआ है, उससे 'गुस्से में आकर' इजरायल ने हिसक तरीके से ईरान के साउथ पार्स गैस फील्ड पर हिसक हमला किया है।

# टैरिफ गेम का पड़ रहा अमेरिका में उलटा असर

## अमेरिकी उद्योगों को नुकसान, देश का श्रमिक वर्ग भी नाराज




■ उद्योगपतियों ने उठाए सवाल कंपनियों के लिए योजना बनाना भी मुश्किल

**वाशिंगटन।** पूरी दुनिया में टैरिफ लगाकर अमेरिकी जजों की भी निंदा करने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को इस मुद्दे पर अपने ही देश में अपने ही प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इसका कारण ट्रम्प के लगाए टैरिफ से देश के उद्योगों व निर्माताओं को मदद मिलने के बजाय नुकसान होना है।

टैरिफ के फैसले से अमेरिका में कई उद्योग और कारोबार इन दिनों अच्छे-खासे नुकसान में हैं। इससे अमेरिकी विनिर्माण को भी अपेक्षित परिणाम नहीं मिल रहे हैं। श्रमिक वर्ग भी इस फैसले से आहत है। ट्रम्प के समर्थक उद्योग. पति जे. एलन ने कहा कि उद्योग. पतियों ने इस भरोसे के साथ ट्रम्प को वोट दिया था कि रिपब्लिकन नेता करों में कटौती और नियमों में ढील देंगे, जिससे उनके विनिर्माण व्यवसाय को मदद मिलेगी। लेकिन ट्रम्प के आर्थिक एजेंडे के मूल में मौजूद टैरिफ ने उनकी कंपनी एलन इंजीनियरिंग कार्प को चौपट किया है। आयात करों ने विदेशों में बने इंजनों, स्टील, गियरबाक्स और क्लच की लागत भी बढ़ा दी है।

इसके चलते पावर ट्रावेल निर्माण के दाम एक लाख डालर तक हो सकते हैं। ट्रम्प ने टैरिफ को अमेरिकी कारखानों की मदद करने वाला बताया था लेकिन देखने में आ रहा है कि वे वास्तव में देशभर के कई उद्योगों और उत्पादन इकाइयों को कुचल रहे हैं। ट्रम्प प्रशासन फरवरी में सुप्रीम कोर्ट से अवैध घोषित आयात करों के स्थान पर नए टैरिफ बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इससे हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। देश के विनिर्माण उद्योगपति क्रेसन क्रू ने कहा कि टैरिफ के कारण उन्होंने 2025 में अपनी कंपनी को घाटे में चलाया। उनके यहां कर्मचारियों की संख्या 205 से घटकर 140 रह गई। बिक्री में कमी पर भी उन्होंने कीमतें 8-10 प्रतिशत बढ़ाई हैं। अगले दशक में संघीय घाटे में वृद्धि होने का अनुमान है। आर्थिक नीति समूह एम्प्लाई अमेरिका के ईडी स्कंदा अमरनाथ ने कहा, ट्रम्प के टैरिफ से विनिर्माण में कोई वृद्धि नहीं दिखती। इस क्षेत्र में कोई नया पुनर्जागरण भी नहीं हो रहा है। टैरिफ पर अनिश्चितता ने निवेश को हतोत्साहित किया है। टैरिफ लगाने के लिए कांग्रेस को दर. कनार करने से छोटी विनिर्माण कंपनियों को योजना बनाना भी मुश्किल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जान राबर्ट्स ने चेताया कि संघीय जजों की निजी आलोचना खतरनाक है और इसे रोकना होगा। यह चेतावनी उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाने वाले एक संघीय जज को सनकी, नीच, बेईमान और पूरी तरह से बेकाबू कहने के दो दिन बाद दी। राबर्ट्स ने ट्रम्प या किसी और को निशाना बनाने से परहेज किया और जोर दिया कि जजों पर हमले किसी एक राजनीतिक कृष्टिकोण से नहीं हो रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कतर ने रास लाफान ऊर्जा केंद्र पर मिसाइल हमले की निंदा की

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय ने रास लाफान औद्योगिक शहर पर हुए हमलों की निंदा करते हुए इस हमले को संप्रभुता का उल्लंघन बताया है और चेतावनी दी कि उसके पास जवाबी कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित है। रस लाफान कतर का प्रमुख एलएनजी उत्पादन केंद्र है, जहां गैस प्रसंस्करण, शोधन एवं बिजली उत्पादन की प्रमुख सुविधाएं स्थित हैं। इसका बंदरगाह विश्व के सबसे बड़े औद्योगिक ऊर्जा परिसरों में से एक है और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी निर्यात टर्मिनल शामिल है।

### पेंटागन ने ईरान युद्ध में लागत बढ़ने के कारण 200 अरब डॉलर की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने व्हाइट हाउस से ईरान युद्ध का समर्थन करने के लिए 200 अरब डॉलर से अधिक धनराशि के अनुरोध को मंजूरी देने के लिए कहा है। यह जानक. ारी स्पूतनिक ने वाशिंगटन पोस्ट के हवाले से गुरुवार को दी। वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, यह अनुरोध मौजूदा खर्च से कहीं अधिक होगा और एक ऐसी राशि है जिसका कांग्रेस में कड़ा विरोध हो सकता है।

### विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** चीन के साथ संबंधों के फिर से धीरे-धीरे पटरी पर लौटने के बीच भारत ने ब्रिटेन में उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दुरई स्वामी को चीन में भारत का नया राजदूत नियुक्त किया गया है। भारतीय विदेश सेवा के वर्ष 1992 बैच के वरिष्ठ अधिकारी दुरई स्वामी, प्रदीप कुमार रावत का स्थान लेंगे। दुरई स्वामी इससे पहले भी बीजिंग में भारतीय दूतावास में काम कर चुके हैं।

# बैकफुट पर आए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प

## कहा: इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा, युद्ध के दौरान पहली बार बदले सुर



■ इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान के मुख्य गैस केंद्र पर हमला नहीं करेगा। ट्रम्प के इस बयान को उनका एहतियाती कदम माना जा रहा है। विश्लेषक मान रहे हैं कि इस युद्ध के दौरान पहली बार ट्रम्प बैकफुट पर नजर आ रहे हैं। इस जंग के दौरान ईरान की वायुसेना, नौसेना, उसके अहम सैन्य ठिकानों और परमाणु केंद्रों को पूरी तरह तबाह करने की धमकी ट्रम्प देते रहे हैं।

हालांकि, इजरायल की ओर से ईरान की गैस फील्ड पर एक वार और उसके बाद ईरान के कतर पर पलटवार ने ट्रम्प को एहतियाती बयान जारी करने को मजबूर कर दिया। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर डोनाल्ड ट्रम्प को यह कहना पड़ गया कि इजरायल का हमला उनकी जानकारी के बिना हुआ। इजरायल ने ईरान के दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमला किया है, जिसे ईरान की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा आपूर्ति की 'रीढ़' माना जाता है। यह ईरान और कतर के बीच साझा की जाने वाली दुनिया की सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो फारस की खाड़ी के नीचे लगभग 9700 वर्ग किलोमीटर में फैली है। इसमें लगभग 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस मौजूद है, जो दुनिया के कुल प्रमाणित गैस भंडार का करीब 8 प्रतिशत है। यह मात्रा पूरी दुनिया की 13 से ज्यादा वर्षों की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मानी जाती है। ईरान का 70-75 प्रतिशत गैस का उत्पादन यहीं से होता है और देश की करीब 80 प्रतिशत बिजली भी इसी प्राकृतिक गैस का उपयोग करके पैदा की जाती है। इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने पश्चिम एशिया में एक अहम ऊर्जा केंद्र के तौर पर पहचाने जाने वाले कतर के कुछ ऐसे ठिकानों पर हमला किया, जिनसे दुनिया की गैस आपूर्ति ठप पड़ जाने का खतरा पैदा हो गया। इसी के बाद ट्रम्प ने कहा कि उन्हें इजरायली हमले की जानकारी नहीं थी और आगे इजरायल दक्षिण पार्स गैस फील्ड को निशाना नहीं बनाएगा। ईरान ने कतर के रास लफ्फान इंडस्ट्रियल सिटी पर मिसाइल हमले किए, जो कतर का एक बेहद अहम तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) और ऊर्जा केंद्र है। कतर दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत एलएनजी मांग को अकेले पूरा करता है। इस हमले से यूरोप और एशिया को होने वाले सालाना लगभग 7.7 करोड़ टन एलएनजी निर्यात पर गंभीर खतरा पैदा हो गया। कतर एनर्जी की ओर से जारी बयान के मुताबिक, ईरानी मिसाइल हमले के कारण रास लफ्फान काम्प्लेक्स में आग लग गई और प्लांट को व्यापक नुकसान पहुंचा है जिसके कारण वहां उत्पादन रोकना पड़ा।

यह काम्प्लेक्स करीब 295 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है और ये अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर का एक-तिहाई है। अमे. रिकी मीडिया समूह एक्सिओस की रिपोर्ट के मुताबिक, रास लफ्फान परिसर पर हुए हमले के बाद कतर के शीर्ष नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात की। इस बात. चीत के बाद ही ट्रम्प ने कहा कि इजरायल अब ईरान की दक्षिण पार्स गैस फील्ड पर हमले नहीं करेगा। इस पूरे घटनाक्रम में अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका काफी अहम रही है। एक्सिओस के मुता. बिक, ट्रम्प ने सार्वजनिक तौर पर जो दावे किए, अंदरखाने की सच्चाई उससे बिल्कुल अलग थी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया था कि अमेरिका को इस हमले के बारे में कोई जानकारी नहीं थी और इजरायल ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर गुस्से में आकर यह हमला किया है, लेकिन, अमेरिकी और इजरायली अधिकारियों ने एक्सिओस से कहा कि साउथ पार्स गैस फील्ड पर किया गया हमला पूरी तरह से व्हाइट हाउस की सहमति और पूर्व-समन्वय के साथ किया गया था।

## ईरान के तेल से बैन हटा सकता है अमेरिका

■ ओमान बोला: ईरान से जंग ट्रम्प की सबसे बड़ी गलती, अमेरिका की फॉरेन पॉलिसी पटरी से उतरी

**तेहरान।** जंग के बीच अमेरिका ईरान के तेल पर लगे बैन में ढील दे सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ट्रम्प सरकार ईरान से जो तेल पहले से बाहर जा रहा है, उस पर लगी पाबंदियां कुछ समय के लिए हटा सकती है। ईरान पर भले ही अमेरिकी पाबंदियां लगी हों, लेकिन फिर भी ईरान कुछ देशों को चोरी-छिपे या खास तरीकों से तेल बेच रहा है। अब अमे. रिका यह सोच रहा है कि जो तेल वैसे भी बाजार में आ रहा है, उस पर लगी पाबंदियों को कुछ समय के लिए ढीला कर दिया जाए, ताकि सप्लाई खुलकर बढ़ सके और कीमतें कम हो सकें। इसी बीच ओमान ने इस जंग को लेकर अमेरिका पर तीखा हमला बोला है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने ईरान के साथ जंग को ट्रम्प सरकार की 'सबसे बड़ी गलती' बताया है। उन्होंने कहा कि यह जंग वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही है। अलबुसैदी ने यह भी कहा कि अमेरिका की विदेश नीति पटरी से उतरती दिख रही है और इस संघर्ष से किसी पक्ष को फायदा नहीं होगा।

## ईरान ने कतर, कुवैत, यूएई से अपने नुकसान का मुआवजा मांगा

■ यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है
■ कतर, कुवैत व यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया: इरावनी

**न्यूयॉर्क।** ईरान ने गुरुवार को कतर, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर अमेरिकी और इजरायली हमले के लिए अपनी धरती को उपलब्ध कराने हेतु तीखा हमला बोला है और सभी प्रकार के नुकसान के लिए मुआवजे की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि आमिर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ हमले की शुरुआत के बाद से, कतर और कुछ अन्य पड़ोसी देशों के क्षेत्र का उपयोग ईरान के खिलाफ हमले करने के लिए किया गया है।

यह पत्र रियाध (सऊदी अरब) में इस्लामिक और खाड़ी देशों के 12 विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद आया है, जिसमें पड़ोसी खाड़ी देशों पर ईरान के हमलों की कड़ी निंदा की गई थी। इरावानी ने कहा कि हमलावरों को अपनी धरती को उपलब्ध कराने के अवैध कृत्य के बारे में पहले कतर के अधिकारियों को सूचित किया था और इसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आधिकारिक दस्तावेज के रूप में भी प्रकाशित किया गया था। ईरानी राजदूत ने कहा कि कतर, कुवैत और यूएई द्वारा हमलावरों को दी गई सहायता के परिणामस्वरूप, उन्होंने ईरान में हजारों नागरिकों और नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि ये कार्य आपसी सम्मान और अच्छे पड़ोस के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन हैं। इरावानी ने कहा कि ईरान, आत्मरक्षा के अपने अंतर्निहित अधिकार के तहत यह मानता है कि उस पर हमले के लिए इस्तेमाल किए जा रहे किसी भी सैन्य अड्डे को निशाना बनाना वैध है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) के अनुसार, इरावानी ने चेतावनी दी कि ईरान आगे नागरिकों को क्षति पहुंचाने वाले हमलों को रोकने के लिए आवश्यक और उचित उपाय करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता है। इरावानी ने कहा कि ईरान ने हमेशा खाड़ी देशों के साथ अच्छे पड़ोस के सिद्धांत का पालन किया है। हालांकि, दुर्भाग्य से, कतर, यूएई और कुवैत द्वारा इस सिद्धांत पर विचार नहीं किया गया है।

## कतर ने राष्ट्रपति सुरक्षा के लिए 'सीधे खतरे' को लेकर राष्ट्रसंघ से की अपील

■ कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका

**दोहा।** कतर ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष से संपर्क कर अपने क्षेत्र पर जारी ईरानी हमलों के कारण अपनी सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता के लिए 'राष्ट्रीय संप्रभुता के घोर उल्लंघन और सीधे खतरे' के रूप में वर्णित चिंताओं को उठाया है।

संयुक्त राष्ट्र को भेजा गया कतर का यह नवां पत्र है। इस पत्र में कतर ने कहा है कि कथित कार्रवाई उसकी संप्रभुता का 'घोर उल्लंघन' हैं और उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा तथा क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सीधे खतरा पैदा करती हैं। यह पत्र संयुक्त राष्ट्र में कतर की स्थाई प्रतिनिधि शेखा आलिया अहमद बिन सैफ अल-थानी ने पेश किया है। पत्र के अनुसार, कतर की वायु रक्षा प्रणालियों ने 28 फरवरी से 16 मार्च के बीच कई दुश्मन हवाई लक्ष्यों को रोका। इसमें यह भी बताया गया कि इन घटनाओं के परिणामस्वरूप नागरिक घायल हुए हैं, हालांकि हताहतों के विवरण पर अधिक जानकारी तुरंत प्रदान नहीं की गई है। पत्र में इस बात पर जोर दिया गया कि ईरान के ये हमले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) को अपनाए जाने के बाद भी जारी रहे। इस प्रस्ताव का 136 देशों ने समर्थन किया था। इसमें कतर और पड़ोसी देशों पर ईरान के जघन्य हमलों की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा की गई थी।

## आईएफएफडी करेगा दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ दिल्ली (आईएफएफडी) में दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। इस फिल्म फेस्टिवल में दर्शकों के लिए जहां एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी वहीं दिग्गज कलाकारों को भी देखने, सुनने का मौका मिलेगा। 25 से 31 मार्च 2026 तक भारत मंडपम में आयोजित होने वाले इस फेस्टिवल दिल्ली में हिंदी सिनेमा में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर को सम्मानित किया जाएगा। भारतीय सिनेमा की सबसे कालजई पहचान मानी जाने वाली शर्मिला टैगोर को यह सम्मान उनके दशकों लंबे करियर और सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया जा रहा है।

# पाक मिसाइलों से अमेरिका को खतरा: तुलसी गबार्ड

## अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ ने कहा: रूस-चीन इसी कैटेगरी में



■ 10 साल बाद 16000 मिसाइलें अमेरिका तक हमला कर सकेंगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने कहा है कि पाकिस्तान ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें बना रहा है जो भविष्य में अमेरिका तक हमला कर सकती हैं। उन्होंने वाशिंगटन डीसी में एक मीटिंग के दौरान बताया कि आने वाले समय में दुनिया में खतरनाक मिसाइलों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ सकती है। इंटेलिजेंस कम्यूनिटी (आईसी) का आंकलन है कि अभी करीब 3,000 मिसाइलें ऐसी हैं जो अमे. रिका तक हमला कर सकती हैं, लेकिन 2035 तक ये बढ़कर 16000 से ज्यादा हो सकती हैं। गबार्ड के मुताबिक, रूस, चीन, नार्थ कोरिया, ईरान और पाकिस्तान जैसे देश नई-नई मिसाइल तकनीक और हथियार बना रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि पाकिस्तान ऐसी इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) बना सकता है, जो बहुत दूर तक मार कर सकती है। वहीं ईरान भी 2035 से पहले ऐसी मिसाइल बना सकता है। गबार्ड ने चीन और रूस को सबसे बड़ा और लगातार खतरा बताया। उनके मुताबिक, ये देश ऐसी उन्नत तकनीक विकसित कर रहे हैं जो अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को भेद सकती हैं। उन्होंने उत्तर कोरिया के साइबर खतरे का भी जिक्र किया और कहा कि 2025 में उसने क्रिप्टोकरेंसी चोरी के जरिए करीब 2 बिलियन डॉलर जुटाए, जिससे उसके हथियार कार्यक्रम को फंड मिला। सुनवाई के दौरान ईरान के साथ संभावित युद्ध और पहले दी गई खुफिया जानकारी पर गबार्ड ने सवालों का सीधा जवाब देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वे आंतरिक चर्चाओं का खुलासा नहीं कर सकतीं। साथ ही यह भी चिंता जताई गई कि अगर ईरान पर हमला होता है तो वह होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर सकता है, जो वैश्विक तेल और गैस सप्लाई का अहम मार्ग है। तुलसी गबार्ड ने रिपब्लिकन राष्ट्रपति को दी गई खुफिया जानकारी के बारे में पूछे गए सवालों को बार-बार टाल दिया। इससे डेमोक्रेट नाराज हो गए। सीनेट खुफिया समिति के शीर्ष डेमोक्रेट, वर्जीनिया के सीनेटर मार्क वार्नर ने गबार्ड से पूछा कि क्या उन्होंने ट्रम्प को सलाह दी थी कि अगर ईरान को अमेरिकी हमलों का निशाना बनाया गया तो वह खाड़ी देशों पर हमला करेगा और होर्मूज स्ट्रेट को बंद कर देगा।

# 12 इस्लामिक देशों ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों की निंदा की

## संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई



■ प्रिंस फैसल ने चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर सऊदी अरब को आवश्यक कदम उठाने का अधिकार है और इस बात पर बल दिया कि उचित समय पर सही निर्णय लिए जाएंगे

**रियाध/नई दिल्ली।** अरब और इस्लामी देशों के 12 विदेश मंत्रियों ने पड़ोसी देशों पर ईरानी हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे हमलों को किसी भी बहाने से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। अजरबैजान, बहरीन, मिस्र, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब, सीरिया, तुर्की और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने गुरुवार को रियाध में एक बैठक की और तत्काल शत्रुता समाप्त करने एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने का आह्वान किया।

इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के अनुसार राज्यों के आत्मरक्षा के अधिकार की पुष्टि भी की गई है। बैठक के बाद जारी एक बयान में, विदेश मंत्रियों ने तेल सुविधाओं, विलवणीकरण संयंत्रों, हवाई अड्डों, आवासीय स्थलों, राजनयिक मिशनों सहित आवासीय क्षेत्रों एवं नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के सुनियोजित ईरानी हमलों की निंदा की है। सऊदी अरब के दूसरे सबसे बड़े अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र, सऊदी गजट के अनुसार, उन्होंने ईरान से तत्काल अपने हमलों को रोकने, अंतर्राष्ट्रीय कानून एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का सम्मान करने, क्षेत्रीय स्थिरता को बहाल करने और तनाव कम करने की दिशा में पहले कदम के रूप में अच्छे पड़ोसी होने के सिद्धांतों का पालन करने का आह्वान किया। सऊदी गजट के अनुसार, विदेश मंत्रियों ने इस बात पर बल दिया कि ईरान के साथ संबंधों का भविष्य अन्य देशों की संप्रभुता के सम्मान, उनके आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप और पड़ोसी देशों को धमकाने के लिए सैन्य क्षमताओं का उपयोग करने से परहेज करने पर निर्भर करता है। उन्होंने ईरान से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2817 (2026) का पालन करने, सभी हमलों को तुरंत रोकने और किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई से बचने का भी आग्रह किया, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतर्राष्ट्रीय नौवहन को बंद करने, बाधित करने या बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य में समुद्री सुरक्षा को कमजोर करने की धमकी शामिल है।

बैठक के बाद आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद ने कहा कि ईरान पर भरोसा पूरी तरह से टूट चुका है और उसके मौजूदा व्यवहार को देखते हुए तेहरान को भागीदार नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि ईरान की कार्रवाइयां दर्शाती हैं कि वह पड़ोसी देशों के साथ वास्तविक संवाद में विश्वास नहीं रखता बल्कि दबाव और राजनीतिक एवं सुरक्षा संबंधी दबाव पर निर्भर है। उन्होंने पड़ोसी देशों और समुद्री नौवहन पर ईरानी हमलों को एक खतरनाक प्रसार एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन बताया जो क्षेत्रीय सुरक्षा एवं स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से एक निरंतर रणनीति को दर्शाता है।

## ईयू विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने की ईरान युद्ध को रोकने की अपील

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास ने ईरान युद्ध को तत्काल समाप्त करने और तनाव कम करने की पुरजोर वकालत की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह संघर्ष जारी रहा, तो इससे न केवल पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ेगी, बल्कि यूक्रेन में रूस के खिलाफ जारी प्रयासों को भी गहरा धक्का लगेगा। कल्लास ने गुरुवार को यूरोपीय परिषद के शिखर सम्मेलन से पहले ब्रुसेल्स में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान युद्ध से बाहर निकलना अब अनिवार्य हो गया है। कल्लास ने तर्क दिया कि इस युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार का स्वरूप बदल रहा है, जिसका अप्रत्यक्ष लाभ मॉस्को को मिल रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मध्य पूर्व के इस संघर्ष को समाप्त करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजना। उनके अनुसार, रूस इस स्थिति का फायदा उठा रहा है, इसलिए यूक्रेन को समर्थन दिखाना और इस युद्ध को रोकना बेहद जरूरी है ताकि कीव को रूस के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण न करना पड़े।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108